सूर्योदय 6:38 सूर्यास्त 5:30

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.4 न्यू | 22.0 अधि |
| धर्मशाला | 13.5 न्यू | 24.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79541.79 |
| निफ्टी | 24199.35 |
| सोना 78,550 | चांदी 93,646 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



पीवी सिंधु विशाखापट्टनम में स्थापित करेगी बैडमिंटन अकादमी

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 8 नवंबर 2024 | 23 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 322, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### शाहरुख को जान से मारने की धमकी



**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान को कॉल पर जान से मारने की धमकी मिली है। अभिनेता की टीम ने बांद्रा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धमकी रायपुर से आई है और आरोपी ने फिरौती की मांग की है। इस मामले में मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक व्यक्ति से पूछताछ की और उसे नोटिस दिया है।

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में दो और आरोपी अरेस्ट

**नई दिल्ली।** बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पुणे से गिरफ्तार किया है। बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपी प्रवीण लोनकर के संपर्क में था। दशहरे के दिन एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 12 अक्टूबर को जब वो बेटे को ऑफिस से घर वापस जा रहे थे, तभी गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई।

### दिल्ली में मॉल की चौथी मंजिल से कूदी महिला

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर-38 ए स्थित ग्रेट इंडिया पैलेस (जीआईपी) मॉल की चौथी मंजिल से 36 वर्षीय महिला ने कूदकर खुदखुशी कर ली। महिला का पति से विवाद चल रहा था। महिला के पास से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। महिला अकेली ही जीआईपी मॉल घूमने आई थी। मृतका के भाई-भाभी ने बताया कि आकांक्षा करावल नगर, दिल्ली की रहने वाली थी और उनका नोएडा से कोई विशेष संबंध नहीं था।

### लॉरेंस गैंग की सांसद पप्पू यादव को धमकी



**नई दिल्ली।** पूर्णिया से लोकसभा सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। ऑफिस में धमकी भरे मैसेज और कॉल आए हैं। पप्पू यादव के पीए को रात 2 बजे और फिर सुबह 10 बजे के आसपास धमकी भरा कॉल आया। इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई है। मैसेज और कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया है।

### जेट एयरवेज की संपत्तियों को बेचने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपनी विशेष संवैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए बंद पड़ी विमानन कंपनी जेट एयरवेज की परिसंपत्तियों को बेचने का को आदेश दिया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने जेट एयरवेज की समाधान योजना को बरकरार रखने और इसके स्वामित्व को जालान कलरॉक कंसोर्टियम (जेकेसी) को हस्तांतरित करने को मंजूरी देने के राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) के फैसले को खारिज कर दिया। पीठ ने फैसला सुनाते हुए एसबीआई व अन्य ऋणदाताओं की याचिका को स्वीकार कर लिया।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी -पेज 2
- वोल्वो सवार से 40 लाख नकद सहित नशा बरामद -पेज 3
- नहीं सुधरे हमीरपुर-अवाहदेवी सड़क के हालात -पेज 6
- फर्जी दस्तावेज जारी कर फर्म के हस्ताक्षर का किया दुरुपयोग -पेज 9
- आतंकवाद के खात्मे पर काम कर रही मोदी सरकार: शाह -पेज 13


# हिमाचल ने पंजाब से मांगा शानन प्रोजेक्ट का स्वामित्व

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से उठाया मसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू और केंद्रीय ऊर्जा व आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की वीरवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में शानन प्रोजेक्ट पर स्वामित्व, भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) में हिमाचल की हिस्सेदारी समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

खट्टर ने आश्वासन दिया कि शानन प्रोजेक्ट की 100 साल की लीज समाप्त हो गई है और पंजाब से बात करेंगे व मतभेद दूर करेंगे। पंजाब सरकार शानन प्रोजेक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट गई है। इसमें केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविड देना है। पंजाब पुनर्गठन एक्ट का अध्ययन करने के बाद केंद्र सरकार कोर्ट में एफिडेविट देगी। वहीं, सुक्खू ने पंजाब पुनर्गठन एक्ट के तहत हिमाचल को उसका हक दिलाने का आग्रह किया। सुक्खू ने कहा कि अगर सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड प्रदेश की ऊर्जा नीति की अनुपालना नहीं करती है, तब



शानन प्रोजेक्ट और अन्य मसलों को लेकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### बीबीएमबी के पास 4000 करोड़ बकाया

**बीबीएमबी** में हिमाचल की 4000 करोड़ रुपए से भी ज्यादा की देनदारी बकाया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद इसका भुगतान नहीं किया जा रहा। सुप्रीम कोर्ट ने 27-9-2011 को हिमाचल के पक्ष में फैसला दिया और बीबीएमबी की तरफ से परिचालित विद्युत परियोजनाओं में हिमाचल की हिस्सेदारी 7.19 फीसदी तय की।

### वाटर सेस और पावर प्रोजेक्ट को लेकर भी चर्चा

**वाटर** सेस और पावर प्रोजेक्ट को लेकर भी चर्चा की गई। हिमाचल सरकार ने अपनी पॉलिसी के तहत सुन्नी, धौलासिद्ध और लुहरी प्रोजेक्ट पर रॉयल्टी 12, 18 व 30 फीसदी और 40 साल बाद सरकार को प्रोजेक्ट वापस देने का आग्रह किया। सीएम सुक्खू ने कहा कि हिमाचल के पास पानी के अलावा दूसरा रॉ मैटीरियल नहीं है। इसके अलावा शहरी विकास विभाग से जुड़े मसलों को लेकर भी मीटिंग में चर्चा की गई।

हिमाचल सरकार 210 मेगावॉट लुहरी चरण-1, 382 मेगावॉट सुन्नी परियोजना व 66 मेगावॉट धौलासिद्ध जल विद्युत परियोजना को अपने अधीन लेने के लिए तैयार है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार इन परियोजनाओं पर हुए खर्च प्रतिपूर्ति एसजेवीएनएल को देने के लिए तैयार है। एसजेवीएनएल ने समझौता हस्ताक्षरित किए बिना परियोजनाओं का निर्माण शुरू कर दिया है। केंद्रीय मंत्री ने निगम के अधिकारियों को 15 जनवरी तक अंतिम प्रतिक्रिया देने के निर्देश दिए हैं। वहीं, मंडी जिले की 110 मेगावॉट शानन परियोजना का पंजाब से अधिग्रहण सुनिश्चित करने में केंद्र सरकार की सहायता के लिए आग्रह किया।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 पर हंगामा, विधायकों में हाथापाई

## बैनर लाने पर हुआ बवाल, मार्शलों ने बाहर निकाले भाजपा विधायक



**अशोक ठाकुर, श्रीनगर**

**जम्मू-कश्मीर** विधानसभा सत्र के दौरान वीरवार को विधायकों के बीच जमकर हाथापाई हुई। सत्ता पक्ष और विपक्षी भाजपा के विधायकों ने एक-दूसरे की कॉलर पकड़ी और धक्कामुक्की की। सदन में हंगामे के चलते पहले विधानसभा की कार्यवाही 20 मिनट, फिर कल तक के लिए स्थगित कर दी गई।

दरअसल, लेंगेट से विधायक खुर्शीद अहमद शेख ने सदन में अनुच्छेद-370 की वापसी का बैनर लहराया। बैनर पर लिखा था कि हम अनुच्छेद-370 और 35ए की बहाली और सभी राजनीतिक कैदियों की रिहाई चाहते हैं। भाजपा विधायक और विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने इसका विरोध किया। विपक्षी सदस्य नारेबाजी करने लगे। भाजपा विधायकों के विरोध का सिलसिला यहीं नहीं थमा। वे सदन के वेल से होते हुए खुर्शीद अहमद शेख के पास पहुंचे और उनके हाथ से बैनर छीन लिया। इस दौरान सज्जाद लोन और वहीद पारा और नेशनल कॉन्फ्रेंस के कुछ अन्य विधायक शेख के समर्थन में भाजपा विधायकों से भिड़ गए। दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की हुई। मार्शलों ने आरएस पठानिया सहित कई भाजपा विधायकों को सदन से बाहर निकाला। 3 विधायक घायल हुए। हालांकि, इसके बाद भी भाजपा विधायक 'विशेष दर्जा प्रस्ताव वापस लो' के नारे लगाते रहे। इस पर स्पीकर ने कहा कि 'यह विधानसभा है, मछली बाजार नहीं है।' (अनंत ज्ञान)

### पीडीपी और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के विधायकों ने पेश किया नया प्रस्ताव

**पीडीपी** और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस समेत कुछ विधायकों ने अनुच्छेद-370 और 35ए को उनके मूलस्वरूप में तत्काल बहाल करने की मांग करते हुए वीरवार को विधानसभा में नया प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने 2019 में तत्कालीन राज्य से विशेष दर्जा वापस लेकर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने सहित सभी परिवर्तनों को वापस लेने का भी आह्वान किया। मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को 2019 में निरस्त कर दिया था और पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख में विभाजित किया था। अनुच्छेद-35ए पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर के स्थायी निवासियों को विशेष अधिकार प्रदान करता है।

# पराली जलाने पर अब दोगुना होगा जुर्माना

## दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लगातार खराब हो रही वायु गुणवत्ता, सांस लेना हो रहा मुश्किल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर फसल अवशेष जलाने वाले किसानों के लिए जुर्माने की राशि दोगुनी कर दी है। पांच एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले किसानों के लिए पराली जलाने पर अब जुर्माना राशि 30,000 रुपए तक हो गई है।

अधिसूचना के अनुसार, दो एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को अब पराली जलाने पर 2,500 रुपए की जगह 5,000 रुपए का जुर्माना देना होगा। वहीं, दो से पांच एकड़ के बीच भूमि वाले किसानों पर 5,000 रुपए के बजाए 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।



| जुर्माना: पहले | | फैसला: अब |
|---|---|---|
| 2,500 | 2 एकड़ से कम | 5,000 |
| 5,000 | 2 से 5 एकड़ तक | 10,000 |
| 15,000 | 5 एकड़ से ज्यादा | 30,000 |

वाहनों से निकलने वाले धुएं, धान की पराली जलाने, पटाखों और अन्य स्थानीय प्रदूषण स्रोतों के साथ प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के चलते शरद ऋतु के अंत में और सर्दियों के दौरान दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता का स्तर बेहद खतरनाक हो जाता है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के विश्लेषण के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में एक से 15 नवंबर तक प्रदूषण चरम पर होता है, जब पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इस मुद्दे पर सुप्रीम न्यायालय ने भी कड़ा रुख जाहिर किया था। 23 अक्तूबर को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ने कहा था कि हमें सख्त आदेश देने के लिए मजबूर न करें।

# विज्ञापन के बाद भर्ती प्रक्रिया में नहीं किया जा सकता बदलाव: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सरकारी नौकरियों के लिए भर्ती नियमों को लेकर वीरवार को बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के नियमों में तब तक बीच में बदलाव नहीं किया जा सकता, जब तक कि ऐसा निर्धारित न किया गया हो।



सीजेआई की पांच सदस्यीय पीठ ने सुनाया बड़ा फैसला

सीजेआई डीवाई. चंद्रचूड़ की पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया आवेदन आमंत्रित करने वाले विज्ञापन जारी करने से शुरू होती है और रिक्तियों को भरने के साथ समाप्त होती है। भर्ती प्रक्रिया के प्रारंभ में अधिसूचित सूची में दर्ज पात्रता मानदंड को भर्ती प्रक्रिया के बीच में तब तक नहीं बदला जा सकता जब तक कि मौजूदा नियम इसकी अनुमति न दें या विज्ञापन मौजूदा नियमों के विपरीत न हो। यदि मौजूदा नियमों या विज्ञापन के तहत मानदंडों में बदलाव की अनुमति है, तो इन्हें संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप होना चाहिए, मनमाना नहीं। वैधानिक शक्ति वाले मौजूदा नियम प्रक्रिया और पात्रता दोनों के संदर्भ में भर्ती निकायों पर बाध्यकारी हैं।

### चयन सूची में स्थान मिलने से नियुक्ति का नहीं मिल जाता कोई अपरिहार्य अधिकार

**पीठ** ने कहा कि चयन सूची में स्थान मिलने से नियुक्ति का कोई अपरिहार्य अधिकार नहीं मिल जाता। राज्य या उसकी संस्थाएं वास्तविक कारणों से रिक्त पद को न भरने का विकल्प चुन सकती हैं। हालांकि, पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि रिक्तियां मौजूद हैं, तो राज्य या उसकी संस्थाएं मनमाने ढंग से उन व्यक्तियों को नियुक्ति देने से इनकार नहीं कर सकती जो चयन सूची में विचाराधीन हैं। शीर्ष अदालत ने सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति मानदंड से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर दिया, जिसे मार्च 2013 में तीन न्यायाधीशों की पीठ ने उसे सौंपा था। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने 1965 के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा था कि यह एक अच्छा सिद्धांत है कि जहां तक पात्रता मानदंडों का सवाल है, राज्य या उसके तंत्रों को 'खेल के नियमों' के साथ छेड़छाड़ करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

# पश्चिमी विक्षोभ होगा सक्रिय 11 और 12 को बरसेंगे बादल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 11 व 12 नवंबर को मध्यवर्ती व उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। इससे ठंड का प्रकोप बढ़ सकता है।

वहीं, किसानों और बागवानों को राहत मिल सकती है। प्रदेश में पिछले एक माह से ड्राई स्पैल चल रहा है और लोग बारिश-बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बादलों के न बरसने से गेहूं की बिजाई में विलंब हुआ है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

**ताबो सबसे ठंडा स्थल, न्यूनतम तापमान -1.3 डिग्री सेल्सियस**

### लाहौल-स्पीति में कड़ाके की ठंड, जमने लगे झरने

**जनजातीय** जिला लाहौल-स्पीति में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। यहां रात का पारा शून्य से नीचे पहुंच गया है और प्राकृतिक जलस्रोतों व झरनों का पानी जमना शुरू हो गया है। लाहौल-स्पीति जिला का ताबो सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां न्यूनतम तापमान -1.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान 0.1 डिग्री, केलांग में 3.5 डिग्री और समधो में 5.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

# कनाडा में टिकटॉक का ऑफिस बंद

**टोरंटो।** कनाडा सरकार ने टिकटॉक का ऑफिस बंद करने की घोषणा की है। चीन की कंपनी की राष्ट्रीय सुरक्षा समीक्षा के बाद कनाडा ने यह घोषणा करते हुए कहा कि वह इस ऐप तक पहुंच को ब्लॉक नहीं करेगा।

उद्योग मंत्री फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन ने कहा कि इसका उद्देश्य टिकटॉक टेक्नोलॉजी कनाडा इंक की ओर से स्थापित बाइटडांस से संबंधित जोखिमों को दूर करना है। सरकार लोगों की टिकटॉक एप्लिकेशन तक पहुंच या उनकी कंटेंट बनाने की क्षमता को ब्लॉक नहीं कर रही है। सोशल मीडिया एप्लिकेशन या मंच का उपयोग करने का निर्णय एक व्यक्तिगत पसंद है।

# पोस्टर सियासत: बंटेंगे तो गैस सिलेंडर 1200 व एक होंगे तो 400 रुपए में मिलेगा

**एजेंसी, लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश में चल रहे उपचुनाव के बीच रोजाना नए-नए पोस्टर लगाए जा रहे हैं। वीरवार को फिर से सपा कार्यालय के बाहर लगा पोस्टर चर्चा में है।

इस पोस्टर में एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे पर पलटवार किया गया है। पोस्टर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीर लगाई गई है। इसमें लिखा है कि बंटेंगे तो गैस सिलेंडर 1200 रुपए में मिलेगा, अगर एक होंगे तो 400 रुपए में मिलेगा। समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर कांग्रेस पार्टी के उत्तरी विधानसभा के पूर्व वार्ड अध्यक्ष अजीत कुमार मौर्य की तरफ से एक होर्डिंग लगाया गया है। इसमें कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव का साथ में फोटो लगा है। पोस्टर में लिखा है कि 'न बंटेंगे न कटेंगे एक हैं और एक रहेंगे'। पोस्टर में चारों धर्म के लोगों के चित्रों को भी दर्शाया गया है।



# कोर्ट का ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर केस को ट्रांसफर करने से इनकार

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप और मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट में वीरवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की अपडेटेड स्टेटस रिपोर्ट को लेकर 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई किसी और राज्य में ट्रांसफर करने से भी इनकार कर दिया है। डॉक्टरों की सुरक्षा से जुड़ी याचिका पर एक वकील ने कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार ने एनटीएफ की रिपोर्ट दाखिल कर दी है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह एनटीएफ की रिपोर्ट की कॉपी केस से जुड़े सभी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे। इसके बाद सभी याचिकाकर्ता और राज्यों के चीफ सेक्रेटरी इस पर अपने सुझाव दें। इसके लिए कोर्ट ने 3 हफ्ते का समय दिया है।

**दबदबा** 2014 से 7 प्रमुख देशों ने देखा नेतृत्व परिवर्तन, लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन के सीईओ ने शेयर किया ग्राफ

# भारत में पीएम मोदी का 'मैजिक' कायम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

2014 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने के बाद से दुनिया के सात प्रमुख देश नेतृत्व परिवर्तन के गवाह बने हैं। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में है और उनकी सत्ता कायम है।

ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन के सीईओ अखिलेश ने 'एक्स' पर एक ग्राफ शेयर किया। इसमें 2014 के बाद से दुनिया के सात देशों में हुए नेतृत्व परिवर्तन को दर्शाया गया। ग्राफ में भारत भी है, जिसका नेतृत्व 2014 से पीएम मोदी के रूप में वर्तमान तक अपरिवर्तनीय है। ग्राफ शेयर करते हुए लिखा कि दुनिया कैसे बदलती है, जबकि मोदी स्थिर हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत में अभूतपूर्व स्थिरता है।



### 2014 सें 24 तक अमेरिका में तीन शख्स राष्ट्रपति पद पर बैठे

**2014**-24 तक अमेरिका में तीन शख्स राष्ट्रपति पद पर बैठे। इनमें बराक ओबामा (2014 से 17 तक डेमोक्रेटिक पार्टी), डोनाल्ड ट्रंप (2017 से जनवरी 21 तक रिपब्लिकन पार्टी), जो बाइडेन (2021 से डेमोक्रेटिक पार्टी) शामिल हैं। ट्रंप अब जनवरी 2025 में दोबारा राष्ट्रपति पद को संभालंगे। इसी तरह यूके में 2014-24 के बीच डेविड कैमरून, थेरेसा मे, बोरिस जॉनसन, लिज ट्रस, ऋषि सुनक, कीर स्टारमर (वर्तमान प्रधानमंत्री) पीएम पद पर रहे। ऑस्ट्रेलिया में 2014 से 2024 के बीच पीएम पद पर टोनी एबॉट, मैल्कम टर्नबुल, स्कॉट मॉरिसन, एंथनी अल्बानीज (वर्तमान प्रधानमंत्री) रहे हैं। दरअसल बुधवार को अमेरिका को डोनाल्ड ट्रंप के रूप में अपना अगला राष्ट्रपति मिल गया। रिपब्लिकन नेता ने डेमोक्रेट और मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को हरा दिया।

### फ्रांस में 10 साल में दो लोगों ने देश को संभाला

**फ्रांस** में 2014 से 2024 के बीच दो लोगों ने देश के सर्वोच्च पद को संभाला। इसमें फरांस्वा ओलांद (2012-2017) और इमैनुएल मैक्रों (वर्तमान राष्ट्रपति) शामिल हैं। इटली में 2014 से 2024 के बीच पांच लोग पीएम पद पर बैठे। इनमें माटेओ रेंजी, पाओलो जेंटिलोनी, ग्यूसेप कोंटे, मारियो ड्रैगी, जियोर्जिया मेलोनी (वर्तमान पीएम) शामिल है। जापान में 2014 से 2024 के बीच चार लोगों ने प्रधानमंत्री का पद संभाला। इनमें शिंजो अबे, योशिहिदे सुगा, फुमिओ किशिदा, शिगेरू इशिबा (वर्तमान पीएम) शामिल हैं। 2014 से 2024 के बीच पाकिस्तान में भी नेतृत्व परिवर्तन हुए। यहां- नवाज शरीफ (2014-15), शाहिद खाकन अब्बासी (2015-17), इमरान खान (2017-21), शहबाज शरीफ (2021-24) पीएम पद पर रहे।

# 'स्वर कोकिला' शारदा सिन्हा पंचतत्व में विलीन



**एजेंसी, पटना**

**बिहार** की 'स्वर कोकिला' शारदा सिन्हा वीरवार को पंचतत्व में विलीन हो गईं। लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी है। पटना के राजेंद्र नगर आवास पर अंतिम दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी।

सीएम नीतीश कुमार ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प-चक्र अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गुलबी घाट के लिए अंतिम यात्रा निकल चुकी है। बेटे अंशुमान सिन्हा ने उन्हें कांधा दिया। भाजपा के पूर्व सांसद रामकृपाल यादव और विधायक संजीव चौरसिया ने भी कांधा दिया। अंतिम यात्रा में बिहार कोकिला का गाया आखिरी छठ गीत बजा। गुलबी घाट पर उन्हें राजकीय सम्मान दिया गया है। इसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया। बेटे अंशुमान सिन्हा अपनी मां को मुखाग्नि देते वक्त फफक पड़े। घाट पर 'शारदा सिन्हा अमर रहे' के साथ-साथ छठी मईया के जयकारे भी गूंजते रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ई-केवाईसी न होने पर 59 हजार राशन कार्ड ब्लॉक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में राशन कार्ड का ई-केवाईसी न होने के कारण 59 हजार से अधिक राशन ब्लॉक कर दिया हैं। 59 हजार से अधिक राशन कार्ड ब्लॉक होने से 1.59 लाख उपभोक्ताओं को राशन डिपो में मिलने वाले सस्ते राशन का लाभ नहीं मिलेगा। प्रदेश के राशन डिपुओं में मिलने वाले सस्ते राशन के वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। देश भर में जीएसटी फजीबाड़े का बड़ा खुलासा हो गया है। करीब एक महीने तक चले अभियान के बाद सामने आए आंकड़े चौंकाने वाले हैं। हिमाचल में भी करीब 200 कंपनियों के फर्जीबाड़े में संलिप्त होने की जानकारी बाहर आई है। विभाग ने अब इन कंपनियों की धरपकड़ में अभियान तेज कर दिया है। केंद्र सरकार ने हिमाचल के साथ जो जानकारी साझा की है उसके आधार पर कंपनियों के रजिस्ट्रेशन में इस्तेमाल प्रमाण पत्रों की जांच शुरू कर दी गई है। हिमाचल में जीएसटी के माध्यम से टैक्स चोरी अंजाम देने वाली ज्यादातर कंपनियां गुजरात, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से संबंधित हैं।

### सुन्नी में लेक्चरर ने किया छात्रा का यौन उत्पीड़न

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** थाना सुन्नी के तहत एक सरकारी स्कूल में छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा 11वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है जिसने स्कूल में अंग्रेजी पढ़ाने वाले अध्यापक पर छेड़खानी के गंभीर आरोप लगाए हैं । छात्रा का कहना है कि अध्यापक द्वारा उसे अश्लील तरीके से छुया और उससे छेड़खानी भी की गई। इसके बाद छात्रा ने इस बात की जानकारी अपने साथ पढ़ने वाली अन्य छात्राओं को दी और शिक्षक के खिलाफ स्कूल प्रबंधन को शिकायत दी। शिकायत मिलने के बाद स्कूल की सेक्सूअल हरासमेंट कमेटी ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी। जिसके बाद प्रधानाचार्य ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ सुन्नी थाने में शिकायत भी दर्ज करवाई। उधर, पुलिस ने प्रवक्ता के खिलाफ यौन उत्पीड़न पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 (1) व पोक्सो अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। (अनंत ज्ञान)

### सांगला में लापता दो युवकों के शव बास्पा नदी में मिले

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ।** किन्नौर जिला के करछम-छितकुल सड़क मार्ग पर रूतरंग के पास से वाहन दुर्घटना में पिछले चार दिनों से लापता हुए दो व्यक्तियों के शव पुलिस को बास्पा नदी में मिले हैं। बता दें कि लापता तेजेंद्र नेगी का शव बुधवार को बस्पा नदी में मिला था, जबकि साहिल वर्मा का शव वीरवार को बास्पा नदी में मिला। मृतक की पहचान तेजेंद्र सिंह 26 साल निवासी पूह जिला किन्नौर व साहिल वर्मा 27 साल चनोग शिमला के रूप में हुई है। तहसीलदार सांगला हरदयाल ने कहा कि दोनों शादी समारोह के लिए सांगला आए थे। मृतक तेजेंद्र के परिजनों ने सांगला थाने में तेजेंद्र व उसके अन्य साथी साहिल की लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। तहसीलदार द्वारा मृतकों के परिजनों को फौरी राहत के तौर ओर 25-25 हजार रुपए की राशि दी गई।



### स्टेनोग्राफर की लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने हिमाचल प्रदेश मानवाधिकार आयोग में जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर के एक पद के लिए पोस्ट कोड-1001 के तहत ली गई लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। एचपीआरसीए के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इस पद के लिए 21 उम्मीदवार शार्टलिस्ट किए गए हैं। इनके शार्ट हैंड एवं टाइपिंग टेस्ट की तिथि शीघ्र ही निर्धारित कर दी जाएगी। डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि यह परिणाम आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

### झारखंड को ठगने की तैयारी में गठबंधन: जयराम

**अनिल शर्मा, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी से जारी वक्तव्य में कहा कि विपक्षर ब्लॉक हिमाचल की तरह झारखंड के लोगों को भी ठगने की तैयारी कर रहा है। हिमाचल की तरह झारखंड के विधानसभा आम चुनाव में कांग्रेस और अन्य दलों के समूह विपक्षी गठबंधन ने अपनी गारंटियों का पिटारा फिर से खोल दिया है। अब झारखंड में भी हिमाचल वाली पैंतरेबाजी की जा रही है, जिस तरह कांग्रेस ने हिमाचल में झूठी गारंटियों के दम पर प्रदेश के लोगों को ठगा था उसी तरह से अब झारखंड में भी विधानसभा के चुनाव में गारंटियों के दम पर लोगों को बरगलाना चाहती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस द्वारा हिमाचल में दी गई झूठी गारंटियों की वजह से पूरे देश में कांग्रेस के गारंटी मॉडल की किरकिरी हुई है। अब तो हिमाचल में कांग्रेस के नेता प्रदेशवासियों का सामना भी नहीं कर पा रहे हैं। हिमाचल में पूर्व सरकार द्वारा प्रदेश के लोगों के इलाज के लिए हिम केयर जैसी योजना चलाई गई थी। हिम केयर कार्ड अपनी जेब में रखकर गरीब से गरीब आदमी बड़े से बड़े अस्पताल में निश्चिंत होकर जाता था और स्वस्थ होकर आता था। लेकिन सुक्खू सरकार ने हिम केयर योजना का बंटाधार कर दिया। और अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत इंडिया ब्लॉक के नेता झारखंड के लोगों को 15 लाख का इलाज फ्री देने का झांसा दे रहे हैं। कांग्रेस के आला कमान को सबसे पहले हिमाचल के मुख्यमंत्री से यह पूछना चाहिए कि उन्होंने हिम केयर जैसी जीवनदायी योजना का बंटाधार क्यों किया है। (अनंत ज्ञान)



# राज्य चयन आयोग में जल्द बढ़ेगी उम्मीदों की चहल-कदमी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

- सीबीटी मोड पर होगा एग्जाम पैटर्न, सिंगल विंडो सिस्टम पोर्टल पर सब कुछ दिखेगा
- भंग आयोग के डिटेन 17 लोग मर्ज किए गए नए आयोग में
- ज्वाइंट कंट्रोलर का पद भी भरा

हमीरपुर स्थित राज्य चयन आयोग में बहुत जल्दी युवाओं की उम्मीदों की चहल कदमी बढ़ने वाली है। पदों को भरने का काम जारी है। कुछ दिनों में बोर्ड का भी गठन हो जाएगा। इसके अलावा जिन पदों को भरने की अप्रूवल सरकार ने दी है उनमें से ज्यादातर भरे जा चुके हैं और एग्जाम का पैटर्न भी नए मोड में ढलने वाला है। कमीशन के सेक्रेटरी वरिष्ठ एचएएस अधिकारी **विक्रम महाजन** से **'अनंत ज्ञान'** ने आयोग से जुड़े हुए कई मामलों पर चर्चा की। प्रस्तुत है उनके साथ हुई बातचीत के मुख्य अंश:-

महाजन ने बताया कि कमीशन के परिसर में अब उम्मीदों की चहल-कदमी बहुत जल्दी बढ़ने वाली है, क्योंकि जिन पदों को भरने के लिए बहुत लंबे समय से अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हुए हैं, उनकी प्रक्रिया 22 नवंबर के बाद तेजी पकड़ने वाली है। लंबे समय से बेरोजगार पढ़े-लिखे युवा नौकरी के इंतजार में है और किन्हीं कारणों से सरकार बदलने के बाद इसकी बुनियाद में भ्रष्टाचार के जितने मामले उजागर हुए, उनकी जांच अभी जारी है, लेकिन आयोग में भर्ती प्रक्रिया का प्रोसेस भी अब शुरू हो चुका है।

महाजन ने बताया कि एग्जाम का पैटर्न अब सीबीटी मोड पर होगा जिसमें आवेदन करने वालों को तो फायदा होगा ही आयोग की प्रक्रिया भी सरल होगी इसके अलावा सिंगल विंडो पोर्टल सिस्टम भी चालू किया जाएगा, इस पर काम हो रहा है। अभी इसे लेकर उच्च स्तर पर टेंडर ही हुआ है, लेकिन यह प्रक्रिया अभी कहां तक पहुंची है इसका पता सचिवालय स्तर से ही लग सकेगा। उन्होंने कहा कि पेंडिंग रिजल्ट 30 नवंबर तक घोषित कर दिए जाएंगे। फिलहाल 12 रिजल्ट घोषित कर दिए गए हैं। चार और घोषित हो रहे हैं। इसके अलावा तीन रिजल्ट ऐसे हैं, जिनमें जेओए अकाउंट्स सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर और स्टेनो टाइपिस्ट का रिजल्ट भी एक-दो दिनों में डिक्लेयर कर दिया जाएगा।




राज्य चयन आयोग के सेक्रेटरी से
**विशेष बातचीत**

यह पूछे जाने पर कि अभी तक कितने आवेदन पेंडिंग हैं अलग-अलग पोस्ट कोड के। उन्होंने कहा कि अभी यह कहना मुश्किल है, लेकिन सरकार से जितनी अप्रूवल मिली थी, उस पर काम जारी है। यह स्क्रीनिंग के रिजल्ट्स हैं। 16 नवंबर से डॉक्यूमेंटेशन शुरू हो रही है, और 21 तारीख तक वेरिफिकेशन मुकम्मल करने का लक्ष्य रखा गया है। कुल 13 रिजल्ट पेंडिंग हैं। 5 या 6 रिजल्ट्स कैबिनेट सब कमेटी के पास पेंडिंग हैं।

अध्यक्ष और नामजद सदस्यों को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि फिलहाल अध्यक्ष डॉक्टर आरके पुरुथी हैं और काम चल रहा है। नामजद अध्यक्ष और सदस्यों की जब मौजूदगी हो जाएगी, तब तक काम चलता रहेगा।

महाजन ने बताया कि आयोग में फिलहाल 29 पदों की सूची को सरकार ने अप्रूवल दी थी, जिनमें से 17 कर्मचारी इस आयोग में मर्ज किए गए हैं। जो पिछले भंग आयोग में कर्मचारी थे और यहां पर अटैच किए गए थे। अन्य 29 पदों में ज्वाइंट कंट्रोलर का पद भी बीते रोज भरा जा चुका है। डिप्टी सेक्रेटरी राजीव ठाकुर भी ज्वाइन कर गए हैं।

आयोग की वस्तु स्थिति धीरे-धीरे और तेजी के साथ अब गति पकड़ने लगी है। थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। पहले जैसी स्थिति बहुत जल्दी सामान्य होने वाली है।

उन्होंने कहा कि फिलहाल विजिलेंस की जो जांच चल रही है। उसका केंद्र सचिव का कमरा था। वह अभी भी रिकॉर्ड रूम के तौर पर इस्तेमाल हो रहा है। वर्तमान में सचिव को इसीलिए एक सदस्य के रूम में ऑफिस जमाना पड़ा है।

# वोल्वो सवार से 40 लाख नकद सहित नशा बरामद

## वोल्वो बस स्टैंड पर गश्त के दौरान आरोपी को किया काबू

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



पुलिस थाना धर्मशाला के तहत वोल्वो बस में सवार एक व्यक्ति से लाखों रुपए की नकदी के साथ नशे का सामान बरामद करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है तथा इस मामले में व्यापक छानबीन की जा रही है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धर्मशाला के एसएचओ नारायण चौहान की अगुवाई में पुलिस टीम, कैंट रोड मैकलो बाईपास के पास वोल्वो बस स्टैंड पर गश्त पर थी। इस दौरान दो व्यक्ति वोल्वो बस से कुछ बक्से उतार रहे थे। जब पुलिस टीम ने उनसे बक्से और अन्य वस्तुओं के बारे में पूछा, तो ये लोग संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। इसके बाद शक के आधार पर पुलिस टीम न बक्सों की तलाशी और जांच की गई। इस दौरान 45 वर्षीय राकेश पुत्र सतीश कुमार निवासी ग्राम गमरू, धर्मशाला से एनडीपीएस प्रतिबंधित चिट्टा बरामद किया गया। इसमें 9 ग्राम हेरोइन एवं एक ग्राम अफीम शामिल थी। इसके अलावा 40 लाख रुपए की नकदी भी बरामद की गई। मामले की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना धर्मशाला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

# सब्सिडी स्कीम के पैसे के गबन में 3 के खिलाफ मामला दर्ज

## 2,81,750 रुपए के गबन का लगाया आरोप

**अशोक ठाकुर, धर्मशाला**

- मत्स्य पालन टैंकों के निर्माण का था पैसा

स्टेट विजिलेंस तथा एंटी करप्शन ब्यूरो पुलिस थाना धर्मशाला के तहत सरकारी सब्सिडी स्कीम में अनियमितता को लेकर मामला दर्ज किया गया है।

इंदौरा निवासी नारायण सिंह और उनके दोनों बेटे राकेश सिंह एवं अशोक कुमार के खिलाफ धर्मशाला में धारा 420, 120 बी आईपीसी के तहत यह मामला दर्ज किया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए एसपी विजीलेंस बलवीर सिंह ने बताया कि परवीन सिंह निवासी इंदौरा ने शिकायत दी थी कि आरोपियों ने सब्सिडी राशि रुपए का गबन किया है। मत्स्य पालन विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत 2,81,750 रुपए मत्स्य पालन टैंकों के निर्माण और जीर्णोद्धार के लिए सब्सिडी तो मिली, लेकिन प्रस्तावित योजना के अनुसार व्यय नहीं किया गया। इसमें विभागीय अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। जिसकी जांच चल रही है। एसपी विजिलेंस बलबीर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि व्यापक जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है तथा पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है। (अनंत ज्ञान)



एसपी विजिलेंस बलबीर सिंह

# पारदर्शी सुशासन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने की डीसी-एसपी सम्मेलन के शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को डीसी-एसपी सम्मेलन के शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता करते हुए ऊना, बिलासपुर, चंबा, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों के अधिकारियों को राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को कल्याणकारी योजनाओं के लाभ शीघ्र प्रदान किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है और पारदर्शिता व ईमानदार कार्यप्रणाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए और लोकहित के कार्यों में लापरवाही की कोई भी गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने वार्षिक बजट में हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार किया है। इसमें से विभिन्न योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है और अन्य योजनाएं जमीनी स्तर पर आकार ले रही हैं। उन्होंने सभी उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से शासन में सुधार के लिए सुझाव देने को कहा, ताकि लोगों को घर-द्वार पर बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सके। मुख्यमंत्री ने इन प्रगतिशील परिवर्तनों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि सभी उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सप्ताह में दो दिन अपने कार्यालयों में बैठकर जन शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा जल्द ही एक मानक संचालन प्रक्रिया जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी उपायुक्तों को शासन प्रणाली में सुधार लाने के दृष्टिगत अपने-अपने जिलों में जनता की शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को जिलों में लंबित राजस्व मामलों के समाधान की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने और ऐसे मामलों का समय पर निपटान सुनिश्चित करने के लिए राजस्व अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव प्रशासनिक सुधार सी. पालरासु ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। सम्मेलन में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, पुलिस महानिदेशक डॉ. अतुल वर्मा आदि ने भी भाग लिया।

## सांसद कंगना ने भरमौर में अधिकारियों से की बैठक

# सांसद ने मांगा बरेही, दुरकुंड, करेरी, धर्मशाला टनल का प्रपोजल

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



सांसद कंगना रनौत ने भरमौर रेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में सांसद ने भारत सरकार की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में भरमौर प्रशासन ने रोड कनेक्टिविटी और मणिमहेश यात्रा के सफल आयोजन के लिए सांसद के साथ चर्चा की। चंबा को कांगड़ा से जोड़ने के लिए दरकुंड से करेरी धर्मशाला टनल मार्ग जालसू टनल और कुगती लाहौल-स्पीति सड़क को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान यहां पर अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों ने इन बड़ी परियोजनाओं को केंद्र से स्पॉन्सर करने की मांग सांसद से रखी।

बैठक के दौरान सांसद ने अधिकारियों को बरेही, दुरकुंड, करेरी, धर्मशाला टनल के लिए प्रपोजल मांगा। इसके साथ ही उन्होंने मणिमहेश यात्रा और सुगम हो इसके लिए भी प्रशासन को जल्द से जल्द प्रपोजल मुहैया करवाने को कहा है। उन्होंने इस मौके पर ग्राम पंचायत तुंदा में कम्युनिटी किचन के लिए चार लाख और वहीं पर दिघ्नपाल मंदिर निर्माण ग्राम पंचायत पूलन के लिए चार लाख रुपए की राशि मुहैया करवाई।

दुरकुंड, कटेरी, धर्मशाला टनल बनने से चंबा कांगड़ा की दूरी 185 किलोमीटर कम हो जाएगी। इस टनल के निर्माण से चंबा से कांगड़ा की दूरी मात्र एक घंटे के भीतर ही पूरी हो जाएगी। सामरिक, धार्मिक, वह पर्यटन की दृष्टि से इस टनल को भी अति महत्वपूर्ण माना जाता है। जनजातीय क्षेत्र भरमौर की दो प्रमुख सड़क मांगें होली-उत्तराला और दुरकुंड करेरी, धर्मशाला टनल पिछले कई सालों से यह क्षेत्र की प्रमुख मांग रही है।

बुधवार को तबीयत ठीक न होने के कारण रात में शिव नवाले में कंगना रनौत शिरकत नहीं कर पाईं। हालांकि, दिन को उन्होंने 84 परिसर भरमौर में यज्ञ-हवन का आयोजन किया। जिसके बाद आज सुबह सब जगह मंदिरों के दर्शन भी किया। उन्होंने भरमौर में स्थानीय दुकानदारों के पास जाकर खरीदारी का भी लुत्फ उठाया। 12 बजे के करीब सांसद दोबारा जल्द यहां पर दौरा करने का वायदा करके मंडी के लिए रवाना हो गई।

# गारंटियों की स्थिति यह हो गई कि खोदा पहाड़ निकली चूहिया: बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार हिमाचल प्रदेश की जनता को धोखा दे रही है, गारंटियों के नाम पर धोखा दिया और गारंटियों की स्थिति यह हो गई कि खोदा पहाड़ निकली चूहिया।

बोलते हैं हमने पांच गारंटियां पूर्ण कर ली और गारंटियां, क्या पूरी कर दी, आपने कहा था 28 लाख बहनों को 1500 रुपए मिलेगा, हर 18 साल से उपर की सभी महिलाओं को मिलेगा और पहली कैबिनैट में मिलेगा, कहां मिला ? सब इंतजार में बैठे हैं और आप कह रहे है गारंटी पूरी कर दी। इसी तरह से आपने कहा कि एक लाख सरकारी रोजगार पहली कैबिनैट में मिलेगा, आपने डेढ़ लाख पदों को खत्म कर दिया, लीपा-पोती पर आ गए और कह रहे है जब जरूरत होगी तो उन्हें दोबारा से रीजनरेट कर दिया जाएगा, यह कौन सी गारंटी पूरी हुई, नौकरी देने वाले संस्थान बन्द कर दिए आज तक किसी को नौकरी नहीं दी, दो साल पूरे होने को आए, सरकार अपना दो साल का कार्यकाल पूरा होने का जश्न मनाएगी। उन्होंने कहा की आपने कहा था कि दूध किसान का 100 रुपए बिकेगा और कहीं-कहीं ही 45 रुपए लीटर दूध की खरीद हो रही है और आप कह रहे हैं गारंटी पूरी हो गई।

> **आपकी गारंटी से न बेरोजगार को रोजगार मिला और न बहनों को उनकी सम्मान राशि मिली**



यह है क्या, आपकी गारंटी न बेरोजगार को रोजगार मिला और न बहनों को उनकी सम्मान राशि मिली। उसके साथ अपना नाम जरूर लगा दिया। विकास बंद हो गया, संस्थान बंद हो गए और अब तो स्थिति यह आ गई कि सरकार कर्मचारियों को सेलरी देने में भी अपनी छाती चौड़ी कर रही हैं, हमने कर्मचारियों को समय पर सेलरी दे दी। आप सेलरी देने को भी बहुत बड़ी उपलब्धि मान रहे हैं, यह तो सरकार का काम है। यह प्रदेश के बेरोजगारों के साथ, महिलाओं के साथ, किसानों के साथ धोखा है।

अब तो आउटसोर्स कर्मचारी भी सड़कों पर हैं। आज सभी कर्मचारियों के अंदर भी भारी असंतोष है। नए लगाने की बात तो दूर रही आपने कहा था कि हम सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी काम पर लगाएंगे। ऐसे में रोजगार कहां से मिलेगा। ऐसी स्थिति जो आज प्रदेश सरकार की बनी है ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। कांग्रेस संगठन और सरकार के अंदर जो घमासान मचा हुआ है कि आज कांग्रेस की ऊपर से नीचे तक सभी इकाइयों को भंग कर दिया। यह सरकार और संगठन में जो रस्सा-कस्सी चल रही है उसका यह परिणाम है। इसके कारण हिमाचल की जनता भुगत रही है। ये दो साल की उपलब्धियां कांग्रेस और वर्तमान सरकार की है।

**विदेश दौरा** | 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के दूसरे दिन बोले कुलदीप सिंह पठानिया

# भारत दुनिया का सबसे बड़ा और मजबूत लोकतंत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



सिडनी स्थित न्यू साउथ वेल्स के अंतरराष्ट्रीय कन्वेशन सैंटर सिडनी में चल रहे 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के दूसरे दिन विश्व समुदाय के जन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा, लोकप्रिय तथा मजबूत लोकतंत्र है। जिस पर हम 140 करोड़ भारतवासियों को गर्व है।

उन्होंने कहा कि हमारा संसदीय ढांचा इसे और भी मजबूती प्रदान करता है। जहां देश के अंदर केंद्र में राज्य सभा तथा लोकसभा है। वहीं, बड़े राज्यों में विधान परिषद व विधानसभा दोनों की व्यवस्था है, जबकि छोटे राज्यों में विधानसभा तथा विधान मंडल की व्यवस्था है। लोकसभा तथा विधानसभा के सदस्या सीधे तौर पर जनता के मतों से चुनकर आते हैं, जबकि राज्यसभा तथा विधान परिषद सदस्य का चुनाव संबंधित राज्यों के विधानसभा सदस्यों द्वारा किया जाता है। पठानिया ने कहा कि विधान पालिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका हमारे संविधान के अभिन्न अंग हैं, जबकि मिडिया लोकतंत्र का चौथा मजबूत स्तंभ है।

सम्मेलन के दूसरे दिन के सत्र के लिए चयनित विषय पुलों का निर्माण स्वदेशी लोगों के साथ सार्थक जुड़ाव के लिए संसदीय रूपरेखा पर अपना संबोधन देते हुए पठानिया ने कहा कि स्वदेशी लोगों के साथ जुड़ने के लिए मजबूत संसदीय ढांचे की स्थापना केवल नीतिगत समायोजन का मामला नहीं है, बल्कि मान्यता, सम्मान और मेल-मिलाप में निहित एक गहन नैतिक और कानूनी अनिवार्यता है।

स्वदेशी समुदायों द्वारा सामना की जाने वाली ऐतिहासिक हाशिए पर और प्रणालीगत असमानताएं शासन और विधायी प्रक्रियाओं के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की मांग करती है। यह जुड़ाव सांकेतिक नहीं होना चाहिए, बल्कि सह दृढ़-संकल्प और पारस्परिक सम्मान के सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि स्वदेशी आवाजें निर्णय लेने की प्रक्रियाओं का अभिन्न अंग है, जो उनके जीवन को प्रभावित करती है। इसे प्राप्त करने के लिए संसदों को स्वदेशी लोगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र घोषणा (यूएनडीआर आईपी) जैसे अंतरराष्ट्रीय उपकरणों के साथ तालमेल बिठाते हुए अपने विधायी ढांचे में स्वदेशी अधिकारों को शामिल करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके लिए न केवल परामर्श करने बल्कि स्वदेशी समुदायों के साथ सहयोग करने, उनकी संप्रभुता और अंतर्निहित अधिकारों को पहचानने की निरंतर प्रतिबद्धता की आवश्यकता है।

प्रभावी जुड़ाव में संवाद के लिए समर्पित मंच बनाना शामिल है, जैसे संयुक्त समितियां या परषिदें, जो स्वदेशी नेताओं और संसदीय प्रतिनिधियों के बीच सीधे संचार की सुविधा प्रदान करती हैं। ऐसी संरचनाएं पारंपरिक शासन प्रणालियों और राज्य तंत्रों के बीच अंतर को पाटने, विश्वास को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकती है कि सार्वजनिक नीति में स्वदेशी दृष्टिकोंण प्रतिबिंबित हो। सार्थक जुड़ाव का एक प्रमुख पहलू स्वदेशी आत्मनिर्णय की मान्यता मे निहित है। संसदों को पितृ सत्तात्मक दृष्टिकोण से आगे बढ़ना चाहिए और इसके बजाय स्वदेशी समुदायों को उन क्षेत्रों में नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाना चाहिए, जो उन्हें प्रभावित करते हैं। इसे साझा निर्णय-निर्माण ढांचे के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, जो स्वदेशी शासन संरचनाओं और सामुदायिक आकांक्षाओं का सम्मान करता है। स्वदेशी लोगों के साथ सार्थक रूप से जुड़ने का प्रयास केवल प्रतिनिधित्व के बारे में नहीं है, यह समाज में उनके उचित स्थान को स्वीकार करने और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि उनकी आवाजें सत्ता के गलियारे में गूंजें।

संबोधन के दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार तथा विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा भी सभागार में मौजूद थे। गौरतलब है कि यह सम्मेलन 8 नवंबर 2024 तक चलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टेट योगा चैंपियनशिप में त्र्यंबक ने जीती चांदी



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** 5वीं हिमाचल प्रदेश स्टेट योगासन चैंपियनशिप का आयोजन प्रदेश की राजधानी शिमला में हुआ। इसमें हिमाचल प्रदेश के लगभग 12 जिलों के लगभग 70 बच्चों ने भाग लिया। इसमें अंडर-14 ब्वॉय एकल योगा चैंपियनशिप में कांगड़ा जिले के फतेहपुर के त्र्यंबक तिवारी ने रजत पदक जीतकर अपने जिले और गांव का नाम रोशन किया है। त्र्यंबक तिवारी अब राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो कि असम राज्य की राजधानी गुवाहाटी 10 नवंबर से शुरू होगी।

### नंगल के जंगल में खैर के पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** वन परिक्षेत्र रे के तहत पड़ती बीट नंगल के जंगल से खैर तस्करों द्वारा खैर के हरे पेड़ काट लिए हैं। इन्हें विभाग ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इस बारे जानकारी देते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी चैन सिंह ने बताया विभाग को सूत्रों अनुसार जानकारी मिली थी कि नंगल के जंगल से खैर के पेड़ काटे गए हैं। इस पर विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर कटे हुए खैर के पेड़ों को कब्जे में जांच शुरू कर दी है। फिलहाल 4 पेड़ कटने की जानकारी है। खैर काटने के मामले में स्थानीय 3 लोग भी विभाग के हत्थे लगे हैं।

### अवैध खनन पर 5 ट्रैक्टर चालकों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना रैहन की टीम ने बीती देर रात राजा का तालाब के समीप झाझवां में जांच अधिकारी अरुण शर्मा के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर अवैध खनन की सामग्री ले जाते हुए 5 ट्रैक्टरों के चालान काट कर 25 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। गुरुवार को इस बारे में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट के कुछ ट्रैक्टर अवैध खनन की सामग्री लेकर जा रहे हैं। इस पर टीम ने उक्त क्षेत्र में गश्त रखते हुए पांच ट्रैक्टरों को काबू कर 25 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न के निर्देशों पर क्षेत्र में चल रही अवैध गतिबिधियों पर नुकेल कसने के लिए पुलिस दिन रात मुस्तैद है।



### थुरल में 11 को बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल थुरल के सहायक अधिशाषी अभियंता इंजीनियर प्रवीण सिंह ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा है कि विद्युत उपमंडल थुरल के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी सब-स्टेशन नागनी में ट्रांसफार्मर की क्षमता 2.5 एमवीए से 3.15 एमवीए करने हेतु 11 नवंबर दिन सोमवार को मूंढी, साई, नागनी मरपुनी, बलोटा, पुड़वा, क्यारवां, क्यारा, पंजयाल,चौकी, कलूणा, पनहार, घराणा, डगेरा, सांबा, कौना, गढ़, बसदी, ढाटी, रोंह, दधोना, चांदड़, मस्केहड़ आदि गांवों की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

अनंत ज्ञान बिजली बंद

# डल से रिसाव रोकने को डेढ़ माह में तैयार होगी डीपीआर: पठानिया

## लेक मैन ऑफ इंडिया आनंद मल्लिगावाद ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि ऐतिहासिक डल लेक के सौंदर्यीकरण तथा पानी के रिसाव को रोकने के लिए डेढ़ महीने के भीतर डीपीआर तैयार की जाएगी। इस के लिए लेक मैन ऑफ इंडिया आनंद मल्लिगावाद ने निरीक्षण के दौरान डल लेक के पानी के रिसाव की समस्या गहनता से अध्ययन किया है तथा जिला प्रशासन, वन विभाग, आईपीएच विभाग के अधिकारियों को सुझाव भी दिए हैं।



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु ने डल लेक के सौंदर्यीकरण और संरक्षण के लिए कारगर कदम उठाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं जिसके चलते ही लेक मैन ऑफ इंडिया आनंद मल्लिगावाद को डल लेक के निरीक्षण के लिए सरकार की ओर से आमंत्रित किया गया है तथा अब लेक मैन ऑफ इंडिया आनंद ने डेढ़ महीने के भीतर डीपीआर तैयार करके सरकार को सौंपने का आश्वासन भी दिया है।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि पिछले काफी लंबे अरसे से डल लेक में पानी के रिसाव को लेकर स्थानीय लोग तथा पर्यटन व्यवसायी चिंता जाहिर कर रहे थे जिसके चलते ही मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु ने तत्परता के साथ डल लेक की समस्या से निजात दिलाने के लिए कदम उठाया है।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य के अन्य ऐतिहासिक तालाबों के संरक्षण के लिए भी उचित कदम उठाए जाएंगे इस के लिए लेक मैन ऑफ इंडिया के माध्यम से राजा का तालाब तथा गोरड़ का मछराज तालाब का भी निरीक्षण भी करवाया गया है। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि डल लेक पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं तथा इसके सौंदर्यीकरण के लिए डिवल्पमेंट कमेटी गठित की जाएगी जिसमें स्थानीय लोगों को शामिल किया जाएगा, ताकि कमेटी के सुझावों के अनुरूप ही डल झील के सौंदर्यीकरण और संरक्षण के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

# संस्था अध्यक्ष पर दर्ज शिकायत के खिलाफ एएसपी को सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दो दिन पहले भवरना थाना में दर्ज हुई शिकायत के मामले को लेकर संस्था अध्यक्ष के पक्ष में उतरे स्थानीय लोगों ने कांगड़ा के एएसपी हितेश लखनपाल से मुलाकात कर इंसाफ की गुहार लगाई है। लोगों ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर कहा कि पुलिस इस पर सही से जांच करे और संस्था अध्यक्ष पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर उचित कार्रवाई की जाए।

गौरतलब है कि पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत परौर में एक युवक से मारपीट और उसको जबरन पकड़कर नगरोटा बगवां से नशे के खिलाफ कार्य करने वाली एक संस्था के संचालक के घर ले जाने के मामले में कांगड़ा पुलिस को संचालक के घर से प्रतिबंधित नशीली दवाइयां मिली थीं। इन दवाइयों को मेडिकल स्टोर पर ही रखा जा सकता है और चिकित्सकों के परामर्श के बाद ही दिया जाता है। पुलिस ने संस्था संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी।

वहीं, इस मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी हितेश लखनपाल ने बताया कि नगरोटा बगवां के स्थानीय लोग आज उनके कार्यालय में आकर उनसे मिले हैं और मामले की निष्पक्ष जांच करने के लिए ज्ञापन भी दिया गया है। इस मामले को लेकर पुलिस द्वारा एसआईटी टीम का गठन कर दिया गया है और मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी के पक्ष में उतरे लोगों को सोमवार को फिर से बुलाया जाएगा और एसपी शालिनी अग्निहोत्री के समक्ष मामला रखा जाएगा।

### आईटीआई नैहरनपुखर में 11 को लगेगा रोजगार मेला

**सालबिया शर्मा, गरली।** आईटीआई नैहरनपुखर में एक बार फिर युवाओं को अप्रेंटिसशिप मेले के साथ रोजगार का अवसर मिलेगा। आगामी 11 नवंबर को Alliance Ops व आईटीसी कपूरथला द्वारा आईटीआई नैहरनपुखर में अप्रेंटिसशिप मेला होने जा रहा है। इसके माध्यम से युवाओं का चयन किया जाएगा। इस रोजगार व अप्रेंटिसशिप मेले में एनसीवीटी व एससीवीटी से फिटर, टर्नर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशन, मशीनिस्ट, टूल एंड डाई मेकर, मकैनिक ट्रैक्टर, मैकेनिक डीजल, मैकेनिक मोटर व्हीकल मैकेनिक, इलेक्ट्रानिक्स, कोपा, कारपेंटेर, ऑटो इलेक्ट्रिशन, प्लंबर आदि ट्रेड में कोर्स पूरा कर चुके सभी पुरुष व महिला पात्र होंगे। कैंपस इंटरव्यू में प्रशिक्षुता (अप्रेंटिसशिप) प्रशिक्षण के लिए चयनित अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप एक्ट के अनुसार मानदेय दिया जाएगा। इसके साथ जिनकी अभ्यर्थियों की नियुक्ति Alliance Ops में होगी उनको मानदेय 12000 से 20,000 रुपए तक मिलेगा। यह जानकारी देते हुए आईटीआई नैहरनपुखर के प्रधानाचार्य ललित मोहन और ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर मुकेश कौशल ने कहा कि अधिक जानकारी के लिए दूरभाष 01970-292604 पर संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# होला के किसानों ने मिलाकर हाथ से हाथ, सूखे पड़े खेतों की मिटाई प्यास

**राकेश डोगरा, डरोह**

विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव की चांदड़ बमियाल पंचायत में बरसात के दिनों में मौल खड्ड में आई भयंकर बाढ़ के चलते होला गांव की बहुत सारी जमीन बाढ़ में बह गई थी तथा वहां लगती कूहल को भी भारी नुकसान हुआ था। गांव के किसानों ने फिर भी अपनी हिम्मत नहीं हारी और मिल-जुलकर बांध बांधने के लिए जेसीबी की मदद से दो दिन के अंदर ही सूखी पड़ी जमीन को सिंचाई के लिए खेतों में पानी पहुंचा दिया, ताकि समय पर गेहूं की बिजाई की जा सके।

**जेसीबी की मदद से कूहल बनाकर खेतों तक पहुंचाया पानी**




मौल घाटी क्लब के सचिव रमेश चौधरी ने बताया कि इसमें पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। होला के किसान बहुत मेहनती हैं, जोकि साल में दोनों खरीफ तथा रवि की फसलों की खेती करते हैं और साथ में सब्जियां भी उगाते हैं। अपनी मेहनत के बलबूते आर्गेनिक खेती करके किसान पूरे वर्ष का राशन स्वयं उगाते हैं। बहुत सारे लोग गांव में गाय तथा भैंस पालकर दूध की पैदावार भी करते हैं, जो कि दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत है। इससे बहुत से लोग अपने परिवार का भरण-पोषण भी करते हैं। आगे उन्होंने कहा कि खेतों की सिंचाई करने के पश्चात सोलर फेंसिंग को ठीक किया जाएगा, ताकि आवारा पशु तथा जंगली पशुओं से खेती को बचाया जा सके। रमेश चौधरी ने बताया कि चांदड़ बमियाल पंचायत की प्रधान अनुपमा व उनके पति संजय चौधरी का इस कार्य को करने में भरपूर सहयोग मिला। समय-समय पर भी उनका सहयोग मिलता रहता है। आपको बता दें कि रमेश चौधरी सेना से सेवानिवृत्त हैं साथ ही वह ढाटी स्कूल से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य भी हैं। (अनंत ज्ञान)

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**इंदौरा।** थाना डमटाल के अंतर्गत पुलिस चौकी ढांगू पीर के अंतर्गत पढ़ने गांव माजरा में एक महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने का समाचार प्राप्त हुआ है। जानकारी देते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया के पिछले कल पुलिस को सूचना मिली की एक महिला द्वारा जहरीला दवाई खाने से उसकी मौत हो गई है। शुरुआती जांच में यह पाया गया के महिला रविंदर कौर (38) पत्नी लखबीर सिंह दोपहर के समय घर में अकेली थी, जब उसकी बेटी घर में आई तो उसकी मां की तबीयत काफी बिगड़ चुकी थी तथा उसे तुरंत पठानकोट के अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर हालत देखते हुए उसे गुरदासपुर हॉस्पिटल ले जाया गया परंतु यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ढांगू पीर पुलिस चौकी के प्रभारी विकी कुमार ने मामले की पुष्टि की है।




# प्रदूषण से डल हो चुके चेहरे पर निखार लाने के टिप्स



**देश के अधिकतर हिस्सों में प्रदूषण खतरनाक स्तर को पार कर रहा है। हर साल हम प्रदूषण की समस्या से जूझते हैं। अनेक शहरों की हवा सांस लेने लायक नहीं रह गई है और सेहत के प्रति संजीदा लोग मास्क पहन कर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। हालांकि वायु प्रदूषण से सेहत को होने वाले नुकसान के बारे में ज्यादातर लोग जागरूक हैं, लेकिन वायु प्रदूषण से बालों, त्वचा, चेहरे की सुंदरता पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभाव से कम ही लोग बाकिफ हैं। वायु में बढ़ते प्रदूषण से न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है, बल्कि उससे आपकी खूबसूरती पर भी ग्रहण लगता है।**

ज्यादातर भारतीय शहरों में वाहनों, एयर कंडीशनर्स, धूल व धुएं से आसमान में बनने वाली जहरीली धुंध की चादर से माइक्रोस्कोपिक केमिकल्स की एक परत बन जाती है, जिसके कण हमारे छिद्रों के मुकाबले 20 गुना ज्यादा पतले होते हैं, जिसकी वजह से वे हमारी बाहरी त्वचा से हमारे छिद्रों में प्रवेश कर के त्वचा की नमी को खत्म कर देते हैं। इससे त्वचा में लालिमा, सूजन, काले दाग, त्वचा में लचीलेपन में कमी आ जाती है, जिससे त्वचा निर्जीव, शुष्क, कमजोर एवं बुझी-बुझी सी हो जाती है। वायु में विद्यमान रसायनिक प्रदूषण त्वचा तथा खोपड़ी के सामान्य संतुलन को बिगाड़ देते हैं, जिससे त्वचा में रूखापन, संवेदनहीनता लाल चकत्ते, मुहांसे तथा खुजली एवं अन्य प्रकार की एलर्जी एवं बालों में रूसी आदि की समस्याएं उभर सकती हैं। अगर आप शहरों में रहते हैं तो आप प्रदूषण से कभी छुटकारा नहीं पा सकते, लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप प्रदूषण से सौंदर्य को होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। आयुर्वेदिक घरेलू उपचार तथा प्राचीन औषधीय पौधों की मदद से प्रदूषण के सौंदर्य पर पड़ने वाले प्रभाव को पूरी तरह रोका जा सकता है तथा आपका सौंदर्य सामान्य रूप से निखर सकता है। प्राचीन औषधीय पौधों को घर में लगाने से वायु में विषैले तत्वों को हटाकर वायु को स्वच्छ रखा जा सकता है, क्योंकि यह पौधे वातावरण में विद्यमान हानिकारक गैसों को सोखकर घर में वातावरण को शुद्ध कर देते हैं।

**वायु में विद्यमान विषैले पदार्थों का सौंदर्य पर प्रभावः** वायु प्रदूषण का सबसे खतरनाक असर त्वचा पर पड़ता है, क्योंकि प्रदूषण के विषैले तत्व त्वचा पर सीधा प्रहार करके त्वचा में विषैले पदार्थों का जमाव कर देते हैं। वास्तव में यह विषैले पदार्थ त्वचा में खुजली के प्रभावकारी कारक होते हैं। वायु में विद्यमान विषैले पदार्थों का सौंदर्य पर दीर्घकालीन तथा अल्पकालीक प्रभाव पड़ता है त्योहारों एवं समारोहों में चलाए जाने वाले पटाखों तथा आतिशबाजी से भी वायु में विषैले पदार्थ प्रवेश करते हैं, जिससे त्वचा में खुजली बढ़ जाती है। वायु में विद्यमान रसायनिक प्रदूषण वातावरण में ऑक्सीजन को कम कर देते हैं, जिससे त्वचा में समय से पूर्व झुर्रिया तथा बुढ़ापे के लक्षण झलकना शुरू हो जाते है। प्रदूषण की वजह से त्वचा पर जमे मैल, गंदगी तथा रसायनिक तत्वों से छुटकारा प्रदान करने के लिए त्वचा की सफाई अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि आपकी त्वचा शुष्क है तो आपको क्लीजिंग क्रीम तथा जैल का प्रयोग करना चाहिए जबकि तैलीय त्वचा में क्लीनिंग दूध या फेशवाश का उपयोग किया जा सकता है। सौंदर्य पर प्रदूषण के प्रभावों को कम करने के लिए चंदन, यूकेलिप्टस, पुदीना, नीम, तुलसी, घृतकुमारी जैसे पदार्थों का उपयोग कीजिए।



**शहनाज हुसैन**

*अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं।*

**वायु प्रदूषण से आंखों में जलन :** वायु में प्रदूषण तथा गंदगी से आंखों में जलन तथा लालिमा आ सकती है। आंखों को ताजे पानी से बार-2 धोना चाहिए। काटनवूल पैड को ठंडे गुलाब जल या ग्रीन-टी में डुबोइए तथा इसे आंखों में आई पैड की तरह प्रयोग कीजिए। आंखों में आई पैड लगाने के बाद जमीन में गद्दे पर 15 मिनट तक आराम में शवआशन की मुद्रा में लेट जाइए। इससे आंखों में थकान मिटाने में मदद मिलती है तथा आंखों में चमक आती है। वायु प्रदूषण सिर पर भी जमा हो जाते हैं। एक चम्मच सिरका तथा एलोवेरा में एक अंडे को मिलाकर मिश्रण बना लीजिए तथा मिश्रण को हल्के-2 खोपड़ी पर लगा लीजिए। इस मिश्रण को खोपड़ी पर आधा घंटा तक लगा रहने के बाद खोपड़ी को ताजे एवं साफ पानी से धो डालिए। आप वैकल्पिक तौर पर गर्म तेल की थैरापी भी दे सकते हैं। नारियल तेल को गर्म करके इसे सिर पर लगा लीजिए। अब गर्म पानी में एक तौलिया डुबोइए तथा तौलिए से गर्म पानी निचोड़ने के बाद तौलिए को सिर के चारों ओर पगड़ी की तरह बांध कर इसे



# चेहरे से साफ हो जाएंगे सारे अनचाहे बाल स्किन करेगी ग्लो

**हमारे चेहरे पर भले ही छोटे-छोटे बाल आते हैं, लेकिन ये हमारी खूबसूरती को कम करने का काम करते हैं। अगर आप इन्हें हटाने के लिए रेजर या फिर फेस वैक्स का इस्तेमाल करती हैं तो इससे आपकी त्वचा को नुकसान हो सकता है। चेहरे पर अनचाहे बालों की समस्या कई महिलाओं को परेशान करती है। वैसे तो इसके लिए मार्केट में कई तरह के प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं, लेकिन इनमें साइड इफेक्ट्स होने की संभावना बढ़ सकती है। लेकिन, फेशियल हेयर को हटाने के लिए अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि आज हम आपको इस लेख में योग इंस्ट्रक्टर मानसी गुलाटी की बताई 1 नहीं बल्कि पांच होम रेमेडीज बताने वाले हैं, जो चेहरे से अनचाहे बालों को साफ करने और चमकदार निखार देने में बहुत ही ज्यादा फायदेमंद साबित होंगी। आइए जानते हैं इन नुस्खों के बारे में।**



**हल्दी और बेसन का पेस्टः** हल्दी और बेसन दोनों ही त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं और आप चेहरे से बाल हटाने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। एक चम्मच हल्दी पाउडर और एक चम्मच बेसन जरूरत अनुसार पानी में मिला लें। ध्यान रखें की पेस्ट न ज्यादा गीला हो और न ज्यादा गाढ़ा। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट तक सूखने दें। समय पूरा होने के बाद ठंडे पानी से फेस वॉश कर लें।

**चीनी और नींबू का रसः** चीनी और नींबू से चेहरे के बाल हटाने के लिए आपको एक चम्मच चीनी लेनी और उसमें 1 चम्मच नींबू का रस मिलाना है। अच्छे से मिक्स करने के बाद इस मिक्सचर को अपने चेहरे पर लगाएं। थोड़ी देर सूखने के बाद इसे हाथों से रब करें और फिर पानी से फेस वॉश कर लें। देखिए आपके चेहरे से बाल साफ हो गए हैं।

**केला और ओट्स का इस्तेमालः** केला और ओट्स दोनों ही त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। केला त्वचा को नमी प्रदान करता है और ओट्स एक प्राकृतिक एक्सफोलिएंट है जो डेड स्किन सेल्स को हटाता है। आप इसे फेशियल हेयर साफ करने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। एक कटोरी लें और उसमें एक चम्मच पका हुआ केला और एक चम्मच ओट्स डालकर मैश कर लें। अब इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें।जब समय पूरा हो जाए तो ठंडे पानी से फेस वॉश कर लें। यह नुस्खा आपके चेहरे के बालों को साफ करने में मददगार साबित होगा।

*(ये आर्टिकल सामान्य जानकारी के लिए है, किसी भी उपाय को अपनाने से पहले डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें)*

# ऐसे तैयार करें बिना केमिकल वाला शैंपू

*हर लड़की यह चाहती है कि उसके बाल कमर से भी लंबे हों और रेशम से लहराते रहें, लेकिन प्रदूषण की वजह से ऐसा हो पाना काफी मुश्किल हो जाता है। प्रदूषण के साथ-साथ बाहरी खान-पान भी बालों के डैमेज होने का एक बड़ा कारण है। इसी के चलते बालों को सही पोषण नहीं मिल पाता, जिस वजह से बाल झड़ने लगते हैं। बालों की देखभाल के लिए ज्यादातर महिलाएं खूब महंगे-महंगे शैंपू भी इस्तेमाल करती हैं, लेकिन उसका भी कुछ ज्यादा लाभ उन्हें नहीं मिल पाता है। ऐसे में अगर केमिकल वाले शैंपू की वजह से आपके बाल लगातार झड़ रहे हैं तो घर पर चार चीजों के इस्तेमाल से शैंपू तैयार करें। यहां हम आपको घर पर ही शैंपू बनाने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं। इस शैंपू को बनाने के लिए जिन चीजों का इस्तेमाल किया गया है वो सभी बालों के लिए काफी लाभदायक हैं।*

**शैंपू बनाने का सामान** | **रीठा, आंवला, शिकाकाई, मेथी दाना**



**शैंपू बनाने की विधि**

घर पर शैंपू बनाना काफी आसान है। इसके लिए आपको 5-6 रीठा, 2 चम्मच आंवला पाउडर, 5-6 शिकाकाई फली, और 1 चम्मच मेथी दाना की जरूरत पड़ेगी। शैंपू तैयार करने के इन सभी चीजों को 2-3 कप पानी में रात भर भिगोकर रखें। इसके बाद अगले दिन इसे धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक उबालें। कुछ समय के बाद मिश्रण को ठंडा होने दें, फिर इसे छानकर शैंपू की तरह इस्तेमाल करें। इसे 1-2 सप्ताह तक फ्रिज में स्टोर किया जा सकता है। नियमित रूप से इस शैंपू के इस्तेमाल से आपके बाल प्राकृतिक रूप से साफ और स्वस्थ रहेंगे।

*(ये आर्टिकल सामान्य जानकारी के लिए है, किसी भी उपाय को अपनाने से पहले डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें)*



## न्यूज ब्रीफ

### धर्मशाला में आज होगी एक दिवसीय संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आरोग्य भारती के अंतर्गत धर्मशाला स्थित सराय भवन जोधामल में शुक्रवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक मंडल के प्रवक्ता भूषण रैणा ने बताया कि संगोष्ठी का मूल उद्देश्य' स्वास्थ्य की चुनौतियां और भारतीय जीवन शैली ' विषय पर चर्चा रहेगा। उन्होंने बताया कि उत्तर क्षेत्र के संयोजक व आरोग्य भारती राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीवन बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करेंगे, जबकि डॉ. सुरेंद्र ठाकुर निदेशक रबिसन इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे।

### कणुये दा पुखरू में 10 को होगा दंगल



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल मुख्यालय फतेहपुर से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित बाबा कांशी नाथ मंदिर कणुये दा पुखरू में 10 नवंबर को दंगल का आयोजन करवाया जा रहा है। इस बारे जानकारी देते हुए दंगल आयोजक टीम की तरफ से मदन सिंह ने बताया उक्त मंदिर में स्थानीय लोगों व दंगल कमेटी के सहयोग से 10 नबंबर को पहला दंगल करवाया जा रहा है। इसमे क्षेत्र के 12 साल से 22 साल तक के पहलवान हिस्सा लेंगे। कमेटी का उद्देश्य क्षेत्र के छोटे व मध्यम वर्गीय पहलवानों को प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा दो स्पेशल कुश्तियां भी होंगी। इनके लिए कमेटी द्वारा हिमाचल के नामी पहलवानों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दंगल का समय दोपहर बाद एक बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

### स्प्रिंग डेल स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू




**अनंत ज्ञान, डरोह।** स्प्रिंग डेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भेडू महादेव में सात दिन का एनएसएस शिविर का शुभारंभ हुआ। इस शिविर का शुभारंभ राज राणा चेयरपर्सन व प्रिंसिपल प्रिया सिंह राणा द्वारा किया गया। राज राणा ने एनएसएस से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों के विषय में बताया और शिविर के उद्देश्यों को समझाया। इस शिविर में एनएसएस अधिकारी अक्षय कुमार, महिला अधिकारी शिल्पा धीमान व शिल्पा वर्मा को अनुशासन बनाए रखने के लिए चुना गया। इस शिविर के दौरान छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों सामुदायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और स्वच्छता, शिक्षा और जागरूकता, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। एनएसएस शिविर का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन और नेतृत्व कौशल विकसित करना है।

### शिक्षा के बिना विद्यार्थी का जीवन अधूरा : अंजु लता



**अनंत ज्ञान, गगल।** शिक्षा के बिना विद्यार्थी का जीवन अधूरा होता है क्योंकि शिक्षा ही विद्यार्थी के पास एकमात्र ऐसा हथियार है, जिसके बलबूते पर ऊंची से ऊंची मंजिल तह कर लेता है। ये शब्द वीरवार को ठाकुर काशीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल मस्तपुर में चल रहे वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि के रूप में रिटायर असिस्टेंट डायरेक्टर एलिमेंटरी शिक्षा के अधिकारी अंजु लता ने अपने संबोधन में कहे। वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य उपेंद्र गुलेरिया ने कहा कि बच्चों को ट्यूशन से दूर रखें क्योंकि बच्चों पर इतना पैसा खर्च करते हो तो अभिभावकों को भी चाहिए कि जिस स्कूल में बच्चे पढ़ रहे हैं, उस स्कूल के अध्यापकों के साथ मिलकर स्कूल की पढ़ाई को उनके साथ ही शेयर करें क्योंकि जो स्कूल में पढ़ाया जाता है वही मान्य होता है। इस अवसर पर स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम पेश कर बच्चों ने सबका मन मोह लिया।

### यूको बैंक के पेंशनर्स ने धर्मशाला में की बैठक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** यूको बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की विस्तारित कार्यकारी समिति की बैठक धर्मशाला में राज्य अध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें राज्य महासचिव ओपी शर्मा भी शामिल हुए। बैठक की शुरुआत वरिष्ठ पेंशनर और पूर्व राज्य महासचिव एचके अग्रवाल द्वारा विश्लेषणात्मक संकलन 'ए रेफरेंस बुक फॉर बैंक रिटायरिज' के विमोचन के साथ हुई। अखिल भारतीय बैंक सेवानिवृत्त फेडरेशन और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक रिटायरीज ऑर्गनाइजेशनस के बैनर तले विचार-विमर्श के दौरान भारतीय बैंक संघ और वित्त मंत्रालय भारत सरकार से आग्रह किया गया कि आरबीआई और नाबार्ड के अनुरूप बैंक पेंशन अद्यतन की चार दशकों से लंबित मांग का शीघ्र समाधान करें। जहां पेंशन अद्यतन एक नियमित प्रक्रिया है। बैठक में 100 से अधिक यूको बैंक पेंशनरों ने भाग लिया।

### नारा लेखन प्रतियोगिता में रिया ठाकुर प्रथम



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित प्रयास में डॉ. आरपीजीएमसी टांडा के रेडियोथेरेपी विभाग ने छात्रों, शिक्षकों, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और समुदाय के सदस्यों को एक साथ लाकर एक प्रेरक कैंसर जागरूकता दिवस आयोजित किया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिलाप शर्मा ने सभी को संबोधित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने भाषण में उन्होंने कैंसर से लड़ने में जागरूकता की भूमिका पर जोर दिया. उद्घाटन के बाद छात्रों के बीच प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित की गई। कविता प्रतियोगिता में सुहानी महाजन, राखी एवं सुप्रिया को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नारा लेखन प्रतियोगिता में रिया ठाकुर और सुप्रिया को प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चिराग आनंद एवं वंशिका को प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। आरती और सानिध्य शर्मा ने गायन प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार साझा किया।

### एंजल स्कूल के अब 17 विद्यार्थी 10वीं की मेरिट में

**अनंत ज्ञान, डरोह।** मार्च 2024 में बोर्ड द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा में जीसीएम एंजल पब्लिक स्कूल भवारना के दसवीं कक्षा में अब 17 मेधावी बच्चे मेरिट में आ गए हैं। प्रदेश भर में भाविका शर्मा और दिव्यांशी ने 21वां, अक्षरा ने 26वां, वैदिक आर्य ने 30वां, अंकिता ने 58वां , साक्षी ने 68वां , ऋषिका ने 79वां, कंवर आर्यन ने 81वां और आदित्य धीमान ने 82वां स्थान हासिल किया । इसके अतिरिक्त अंकित बलोरिया, गुरुअंश, ईशान, सक्षम शर्मा, शुभम कुमार और यश भी मेरिट में रहे। इन सभी छात्रों को बोर्ड द्वारा मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए हैं। इस बीच स्कूल के प्रधानाचार्य समीर सूद ने बच्चों, उनके अभिभावकों तथा स्कूल स्टाफ को बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकाकामनाएं दीं।

### रंगोत्सव कार्यक्रम में किया कला का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कला एवं रंगोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रदेश के 12 जिलों के प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। दूसरे दिन की प्रतियोगिता में रंगोत्सव में सुलेखन (कैलीग्राफी), कार्ड मेकिंग, फिंगर तथा थम्ब पेंटिंग, स्केचिंग ,रंगोली तथा 2-ष्ठ पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गायन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने शास्त्रीय संगीत, लोकगीत, समूह गान देशभक्ति गीत व भक्ति गायन की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर किया। नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे 12 जिलों के प्रतिभागियों ने अपनी समृद्ध संस्कृति को व्यक्त करने वाले मनोभावों को दर्शाने वाली मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इसके साथ परंपरागत कहानी वाचन का आयोजन करवाया गया, जिसमें लाहौल-स्पीति को छोड़कर सभी 11 जिलों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

### संस्कार छात्र सहयोग निधि वितरण कार्यक्रम 10 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** संस्कार सोसायटी घुमारवीं द्वारा रविवार को पांचवें संस्कार छात्र सहयोग निधि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री हिमाचल प्रदेश शिक्षा समिति एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सुरेश कपिल मुख्यातिथि होंगे। कार्यक्रम घुमारवीं के प्रांचल पैलेस में रविवार को आयोजित किया जाएगा। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि सोसायटी पिछले पांच वर्षों से लगातार बेहद गरीब तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के लिए इस सहयोग निधि योजना से सहायता करती आ रही है। उन्होंने कहा कि इस बार सोसायटी 40 बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ पहुंचाएगी।

# कृषि मंत्री ने ढगवार मिल्क प्लांट के लिए चयनित भूमि का किया निरीक्षण

## बोले, पशु पालक होंगे लाभान्वित, स्थानीय स्तर पर रोजगार के द्वार भी खुलेंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कृषि एवं पशु पालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने वीरवार को ढगवार में मिल्क प्लांट के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल में नई तकनीक से ढगवार में 350 करोड़ से पहला मिल्क प्लांट निर्मित किया जाएगा। इसमें प्रारंभिक तौर पर डेढ़ लाख लीटर दूध की खपत होगी जिसे दूसरे चरण में तीन लाख लीटर से बढ़ाया जाएगा। मिल्क प्लांट में दूध के साथ साथ मिल्क प्रोडक्ट भी तैयार किए जाएंगे, ताकि पशु पालकों के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिल सकें।

चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों तथा पशु पालकों के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं, ताकि



किसानों और पशु पालकों की आमदनी दुगुनी हो सके।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती पद्धति से पैदा किए गए गेहूं को 40 रुपए और मक्की को 30 रुपए प्रति किलो की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि किसानों और पशुपालकों को लाभान्वित करने के लिए प्रदेश सरकार ने भैंस के दूध के खरीद मूल्य को 55 रुपए और गाय के दूध के लिए खरीद मूल्य को 45 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि पशु पालकों के लिए 500 करोड़ की दूध गंगा योजना आरंभ की गई है जिसके तहत गांवों में दूध एकत्रित कर कलस्टर स्तर पर चिलिंग प्वाइंट तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हिम उन्नति योजना भी आरंभ की गई है जिसमें क्षेत्र विशेष की क्षमता के अनुरूप दूध, दालों, सब्जियों, फलों, फूलों तथा नकदी फसलों के लिए क्लस्टर बनाए जाएंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने जो वादे चुनावों के दौरान किए थे उनको चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है तथा राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

### ओबीसी प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री से की भेंट

**धर्मशाला।** अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंडल के राज्य अध्यक्ष कर्नल स्वरूप कोहली की अध्यक्षता तथा घृत बाहती चाहंग महासभा के प्रदेशाध्यक्ष श्रीकंठ चौधरी की अध्यक्षता में अपनी मांगों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री चंद्र कुमार तथा उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया से भेंट की।

### साइबर अपराध पर संवाद सत्र आयोजित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिप्रकेवि बिजनेस स्कूल के कैंपस टू करियर क्लब द्वारा परिसर- 1 स्थित सेमिनार हॉल में मादक पदार्थों का दुरुपयोग और साइबर अपराध-रोकथाम और नियंत्रण पर एक प्रभावी परस्पर संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मादक पदार्थों के दुरुपयोग और साइबर अपराध जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें छात्रों को रोकथाम और नियंत्रण के उपायों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कांगड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश लखनपाल थे। लखनपाल ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग और साइबर अपराध की चुनौतियों पर अमूल्य जानकारियां साझा कीं, जिससे उपस्थित लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ा। एएसपी लखनपाल ने छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए और साइबर अपराध और मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम और नियंत्रित करने के लिए के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी और इनके शिकार होने से बचने के तरीकों के बारे में जानकारी दी।

### हैप्पी बर्थडे



दाड़लाघाट की नाइरा शर्मा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे सालगिरह व शादी के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए 9 और 10 को विशेष अभियान दिवस

**धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के तहत 9 व 10 नवंबर दो दिन विशेष अभियान दिवस निर्धारित किए गए हैं। इन विशेष अभियान दिवसों में जो भी पात्र मतदाता अन्य दिनों में अपना नाम दर्ज करवाने हेतु नहीं आ सकते हैं, वे उपरोक्त दिनों में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक अपने-अपने संबंधित मतदान केंद्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभियान को संपूर्ण रूप से सफल बनानें हेतु 13 नवंबर को जिला कांगड़ा के समस्त शिक्षण संस्थानों (जैसे कि निजी / सरकारी शिक्षण संस्थानों) में मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी शिक्षण संस्थानों में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं, जिसमें अधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है ताकि उक्त समस्त संस्थानों में अध्ययनरत वच्चों के नामों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके, ताकि किसी भी राज्य/जिला का अध्ययनरत पात्र मतदाता अपना दावा या जानकारी संबंधित अधिकारी से प्राप्त कर सके। पात्र मतदाता बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

# आने वाले समय में सबसे विकसित क्षेत्रों में शुमार होगा देहरा : कमलेश

## विधानसभा क्षेत्र के विकास पर खर्च किए जा रहे 250 करोड़ रुपए

**अनंत ज्ञान, देहरा**

देहरा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए आने वाले वर्षों में यह हलका प्रदेश के सबसे विकसित क्षेत्रों में से एक होगा। वर्तमान समय में लगभग 250 करोड़ की लागत से यहां विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। देहरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जालंधर लाहड़ और मूहल में लोगों से संवाद स्थापित करते हुए स्थानीय विधायक कमलेश ठाकुर ने यह बात कही। उन्होंने बताया कि हरड़ से खबली वाया जालंधर लाहड़ संपर्क मार्ग का निर्माण एक करोड़ 30 लाख की लागत से किया जाएगा। वहीं मूहल से खबली और खबली से मियोली सड़क के सुधार कार्य



के लिए एक करोड़ 15 लाख के टेंडर कर दिए गए हैं। कमलेश ठाकुर ने जालंधर लाहड़ में एंबुलेंस योग्य मार्ग और पंचायत घर के निर्माण को लेकर अधिकारियों को रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत मूहल में विभिन्न विकास कार्यों के लिए सरकार द्वारा 8 लाख स्वीकृत कर दिए गए हैं और जल्द ही इस राशि को निर्धारित कार्यों के लिए खर्च किया जाएगा। कमलेश ने ग्राम पंचायत जालंधर लाहड़ और मूहल में इत्मीनान से जनसमस्याओं को सुना और अधिकतम का मौके पर ही निपटारा किया तथा शेष के समयबद्ध निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप में ऑस्टिन की बढ़त बरकरार



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के छठे दिन प्रतिभागियों को बिलिंग से ऐहजू तक और ऐहजू से जोगिंदर नगर और जोगिंदर नगर से बिलिंग तक का चार चक्कर लगाने का लक्ष्य दिया गया था। वीरवार को 23 देशों के 65 प्रतिभागी ने उड़ान भरी। छठे दिन यूएसए के ऑस्टिन कोक्स ने बढ़त बरकरार रखते हुए पहला स्थान पर बरकरार रखा है। ऑस्टिन कोक्स 2991 अंक के साथ पहले स्थान पर पर चल रहे हैं। भारत के रणजीत सिंह ने अपने प्रदर्शन में बेहतरीन सुधार करते हुए 2871 अंक के साथ दूसरा पायदान छू लिया है। पोलैंड के डामर कैपिटा ने 2844 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। वहीं, महिला वर्ग में पोलैंड की जोना कोकोट 2486 अंक के साथ पहले स्थान पर जर्मनी की डरियाअल्टीकवा 1329 अंक के साथ दूसरे स्थान पर और ब्राजील की मरीना ओलेक्सिन 1232 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# जब कोरम ही पूरा नहीं, तो कैसे होगा इलाके का विकास : आशा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बैजनाथ-पपरोला नगर पंचायत में कोरम पूरा होने की वजह से एक बार फिर मासिक बैठक का आयोजन नहीं हो पाया है।

ऐसे में आम जनता का मानना है कि जब कोरम ही पूरा नहीं होगा, तो फिर विकास कार्य कहां से होंगे। वीरवार को हुई बैठक में अध्यक्ष आशा कुमारी, अमित कपूर, अनीता सूद रितु कुमारी और राजेश कलेडी सहित कुल 5 पार्षद मौजूद रहे। कोरम पूरा होने और किसी भी कार्य की मंजूरी के लिए



6 पार्षदों का होना आवश्यक है। नगर पंचायत की अध्यक्ष आशा भाटिया का कहना है कि नगर पंचायत कानून के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष अपनी शक्तियों का उपयोग करके विशेष परिस्थितियों में कार्य को आरंभ करवा सकता है, परंतु जिस तरह से कुछ पार्षद बैजनाथ में होने के बावजूद भी बैठक में नहीं आए यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा लगता है कि ये पार्षद अपने वार्ड की जनता प्रति अपने कर्तव्य का निर्वाह सही ढंग से नहीं कर रहे हैं।

# खंड स्तरीय बाल मेले में पीएम श्री जवाली स्कूल का दबदबा



**अनिल छांगू, जवाली**

पीएम श्री राजकीय वरिश्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में दो दिवसीय खंड स्तरीय बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश शर्मा की मौजूदगी में हुआ। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य एवं बीपीओ प्रभात चंद्र पावा ने मेधावियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। खंड स्तरीय मेले में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली का दबदबा रहा। स्कूल ने शतरंज, टीएलएम, कैरम, डिबेट और ग्रुप डांस में झटका पहला स्थान झटका है। मेले में सोलो डांस में राजकीय उच्च विद्यालय नाना खास, सोलो सांग में राजकीय माध्यमिक पाठशाला समकेड़, स्किट एवं ड्रामा में राजकीय उच्च विद्यालय नाना खास, क्रिएटिव राइटिंग अंग्रेजी में राजकीय माध्यमिक पाठशाला भनेई, क्रिएटिव राइटिंग हिंदी में राजकीय उच्च पाठशाला कालदून, साइंस प्रोजेक्ट एक्जिविशन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरमाड़, लड़कों की शतरंज स्पर्धा में राजकीय वरिश्ठ माध्यमिक पाठशाला ताहलियां, लड़कों की कैरम स्पर्धा, क्विज एवं लड़कियों की कविता पाठ में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पलौहड़ा ने पहला स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

### जिस्मफरोशी के धंधे में संलिप्त सात लोग काबू

**पठानकोट।** पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर लक्ष्य फूड व गेस्ट हाउस मलकपुर छापेमारी करके जिस्मफरोशी के धंधे में सात लोगों को पकड़ा गया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मोहित टांक ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि लक्ष्य फूड व गेस्ट हाउस गोल चौक मलकपुर बिशन दास निवासी उज्जपुल लडेरा डाकखाना खड़ा कलियाल जिला कठुआ कुछ दिन पहले किराए पर लिया है। इसमें मोहन सिंह को मैनेजर रखा हुआ है जो कि लक्ष्य गेस्ट हाउस की बेसमेंट में बने कमरों में बिशन दास तथा मैनेजर मोहन सिंह जिस्मफरोशी का धंधा करवाते हैं जिसको लेकर छापेमारी की गई जिसमें होटल का मैनेजर मोहन सिंह, तीन औरतों सहित कुल 7 लोगों को पकड़ा गया है, जबकि बिशन दास फरार है।

## काकू ने 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम में सुनीं जनसमस्याएं



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

पूर्व विधायक चौधरी सुरेंद्र काकू सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम के तहत पंचायत हलेडकला में महिलाओं, बजुर्गो व ग्रामीणों से रू-ब-रू होते हुए जनता की समस्याओं को सुना। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को पानी की समस्याओं के समाधान के लिए शाहपुर जल शक्ति विभाग मंडल में जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग का मंडल खोलने के लिए मांग चल रही है और विभाग के एसडीओ, जेई को निर्देश दिए हैं कि विभाग जल्द ही इस गंभीर समस्या का समाधान करें और खराब पड़ी ट्यूब बैल को ठीक करके लोगों को पीने के पानी को पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मैं फिर जनता के बीच में आऊंगा और जो वादा किया है वह पूरा करूंगा। काकू ने बताया कि प्रदेश सरकार विकास करवाने में प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने जोगीपुर व हलेडकला पंचायत को पानी पीने के लिए 2.50 करोड़ रुपए की योजना दी है जिसका कार्य जोरों शोरों से चला हुआ है।

### लेक मैन आनंद दिल्ली रवाना

**गगल।** डल लेक, राजा का तालाब, शाहपुर की गिराहां पंचायत के ऐतिहासिक तालाब का निरीक्षण करने के बाद लेक मैन ऑफ इंडिया आनंद वीरवार सुबह इंडिगो की उड़ान से दिल्ली के लिए रवाना हो गए । पत्रकारों से गगल एयरपोर्ट पर बातचीत करते हुए लेक मेन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कुदरत करिश्मो की धरोहर है और ऐतिहासिक धरोहर की रक्षा करना हमारा परम दायित्व है। उन्होंने कहा कि महामहिम दलाई लामा का मुख्यालय धर्मशाला में होने से देवभूमि व अधिक पर्यटन स्थानो के चलते हिमाचल की प्राचीन धरोहरों का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा की हिमाचल एक देवी देवताओं की भूमि है। यही कारण है की हिमाचल की देवभूमि में पहुंचकर मन को बहुत शांति मिलती हैं। उन्होंने कहा कि नवंबर महीने में डल लेक का सौंदर्यीकरण का काम शुरू कर दिया जाएगा, जो मई, 2025 तक पूरा हो जाएगा।

**महोत्सव** धर्मशाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 13वें संस्करण की शुरुआत

# चार दिन में दिखाई जाएंगी 80 से ज्यादा फिल्में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 13वें संस्करण की शुरुआत वीरवार को हुई। इस महोत्सव में चार दिनों में 80 से अधिक फिल्में दिखाई जाएंगी। इसकी शुरुआत विजडम ऑफ हैप्पीनेस नामक एक बेहद दिलचस्प और बेहद सिनेमाई दिग्गजों के प्रदर्शन से हुई, जिसमें दलाई लामा को दिखाया गया है।

इस फिल्म में 21वीं सदी के आध्यात्मिक नेताओं के आधुनिक उद्घाटन से लेकर शास्त्रीय संस्करण तक दिखाए गए हैं। इस फिल्म में दर्शकों की जीवंत प्रतिक्रिया को भी जगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में



तिब्बती लोग शामिल थे।

दलाई लामा की बहन जेटसन पेमा, डीएफ के उद्घाटन समारोह के विशेष अतिथि थे, जिसमें पायल कपाड़िया की ऑल वी इमेजिन ऐज़ लाइट और तिब्बती बच्चों के साथ विलेज स्कूल के छात्र शामिल थे। तीन भारतीय महिलाओं और मुंबई में उनके जीवन पर किस तरह से चर्चा की गई है, इस बारे में मलयालम फिल्म को मई में कान्स में ग्रांड प्रिक्स से सम्मानित किया गया है, जिसके बाद से ही प्रशंसा और अभिमानी मिल रही है, और डीपीएफ में, इसे सभी चार स्क्रीन पर देखें दिखाया गया।

प्रीमियर और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित शीर्षक पूरे दिन दर्शकों की कतार लगी रही, जिसमें सिनेमा पे सिनेमा॰ द थिएटर्स शामिल हैं। फिल्में। एंड अस और मलयालम फिल्म थडावु (द सेंटेंस)। नॉकटर्न्स में, पतंगे जैसे छोटे, क्षणभंगुर, नाइटचर्स पर ध्यान केंद्रित करके, फिल्म निर्माता अनिर्बान बैंड्स और अद्वितीया क्रिएटर्स दुनिया के मानव-व्यापक दृष्टिकोण पर सवाल उठाते हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत माधोनगर**
विकास खंड व तहसील बैजनाथ , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत माधोनगर की बैठक में प्रधान श्री ओम प्रकाश जी की अध्यक्षता में निम्नलिखित कार्यवाही अमल में लाई गई। निविदाएं Installation of Park item in Public Place व वाटर कूलर, पंचायत घर , जी.एस.एस. उतराला, G.M.S. LOT व G.P.S. Nain कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बैठक में प्रस्ताव लाया गया कि ग्राम पंचायत माधोनगर उपरोक्त कार्य हेतु सप्लायर से कुटेशन आमंत्रित करती है। उपरोक्त कार्य हेतु निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 12.11.2024 तक पहुंच जानी चाहिए व सप्लायर का जीएसटी नं. होना आवश्यक होगा। कार्य में सामान को कार्यस्थल पर पहुंचाना व लगाकर देना होगा किसी अन्य विवाद होने पर ग्राम पंचायत निविदा को रद्द कर सकती हैं।

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत माधोनगर**
**विकास खंड व तहसील बैजनाथ , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### सठवीं की महिलाओं ने सीखी मशरूम की खेती




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा बड़सर उपमंडल के गांव सठवीं की महिलाओं के लिए आयोजित मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। शिविर के समापन अवसर पर आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कटना और गांव की 97 वर्षीय बुजुर्ग महिला महंती देवी ने प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर अजय कुमार कटना ने महिलाओं का मार्गदर्शन किया तथा उन्हें उद्यमिता, बैंकिंग योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में आरसेटी के फैकल्टी मैंबर संजय हरनोट और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का स्थापना दिवस मनाया



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने स्काउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन की स्थापना का उद्देश्य सेवा, चरित्र निर्माण और अनुशासन के साथ साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर स्थानीय बाजार में एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्काउट्स एवं गाइड्स ने हिस्सा लिया। इस दौरान स्काउट्स एवं गाइड्स ने अध्यापकों, बच्चों एवं समाज के लोगों से फंड भी इकट्ठा किया, जिससे गरीब बच्चों के लिए कापियां, पेन और अन्य आवश्यक शैक्षिक सामग्री वितरित की जाएगी। विद्यालय के स्काउट मास्टर सतीश राणा और गाइड कैप्टन कुसुम लता ने भी इस अवसर पर बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने स्काउट्स की शपथ ली, जिसमें उन्होंने ईश्वर, अपने देश और अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा रखने की प्रतिज्ञा की।

### राष्ट्र भक्ति जागृत करने में एबीवीपी अहम : अत्री



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर में शुरू हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 45वें प्रदेश अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में अन्य महानुभावों के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पैनल से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में केंद्रीय छात्र संघ के अध्यक्ष रहे, छात्र परिषद के महासचिव रहे, कार्यकारी परिषद के सदस्य रहे, वर्तमान में भाजपा के प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की व छात्र जीवन में रहे अपने वरिष्ठ पदाधिकारी व कनिष्ठ सहयोगियों के साथ मुलाकात की। इसी कड़ी में उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे डॉ. नागेश ठाकुर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गौरव अत्री, एबीवीपी के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री नवीन शर्मा, स्वागत समिति के संयोजक भूपेंद्र वनियाल आदि से शिष्टाचार भेंट की। भाजपा प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने कहा कि पिछले कई दशकों से राष्ट्र छात्रों में युवाओं मे राष्ट्र भक्ति, राष्ट्र वाद की भावना को जागृत करने में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का अहम योगदान रहा है।

### गो कथा के माध्यम से लोग किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गोपाष्टमी महापर्व के उपलक्ष में दिव्या गोकथा का आयोजन दुर्गा माता मंदिर कमेटी दसमल खंड टौणी देवी में 7से 9 नवंबर तक किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस पर इस कथा के मुख्य कथावाचक श्री चंद्रकांत जी महाराज गोसेवा प्रमुख पंजाब प्रांत ने आम जनमानस को गोकथा के माध्यम से जागरूक किया। उन्होंने कथा के माध्यम से गो माता के पंच काव्य का दैनिक जीवन में उपयोग व गो संरक्षण कैसे हो, उसके हेतु सबसे निवेदन किया। इस गोपाष्टमी महोत्सव दिव्या गो कथा का शुभारंभ स्थानीय माता बहनों द्वारा कलश यात्रा द्वारा किया गया। कथा के प्रथम दिवस पर ही उत्तर क्षेत्र प्रचारक प्रचारक प्रमुख बनवीर राणा, कांगड़ा लोक सभा क्षेत्र सांसद सुरेश भारद्वाज, राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर, प्रांत गोसेवा प्रमुख दिनेश, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज व समाजसेवी गुरमीत मुख्य रूप से उपस्थित रहे, साथ ही मुख्य जजमान रणवीर राणा उपस्थित रहे।



### धौलासिद्ध में जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा 8 और 9 नवंबर को धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना स्थल पर जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। श्रम कल्याण अधिकारी रश्मि कुमारी ने बताया कि श्रमिकों के कल्याण के लिए हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। सभी श्रमिकों को बोर्ड में अपना पंजीकरण करवाकर इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

# सुकड़िया गांव में दो परिवारों में मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नादौन**

पुलिस थाना नादौन के गांव बूहली सुकड़िया में दो परिवारों में झगड़ा व मारपीट हो गई है। गांव की सिमरो देवी पत्नी जगदीश चंद ने गांव की रेशो देवी व उसके परिवार पर गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाया है। सिमरो देवी ने पुलिस को शिकायत की है कि वह अपने खेत में खेता का काम कर रही थी कि रेशो देवी डंडा लेकर आई, गाली-गलौज की तथा डंडे से मारपीट की।



थोड़ी देर बाद बलवीर सिंह का बेटा भी मौका पर आया और उसने भी मारपीट की जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। उधर, सुकड़ियाह गांव के बलवीर सिंह चौधरी पुत्र केहर सिंह ने पुलिस को शिकायत की है कि वे अपने घर में सोए हुए थे तो रात को करीब 11 बजे शिकायतकर्ता को गाड़ी के शिशा तोड़ने की आवाज आई। इस पर शिकायतकर्ता जब बाहर निकला तो अभिषेक पुत्र जगदीश चंद ,उसकी माता व बहन आंगन में खड़े थे। उन सभी ने शिकायतकर्ता से गाली गलौज की तथा डंडों से मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। एसएसपी राजेश शर्मा ने बताया कि शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

## राज्य चयन आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की ज्वाइनिंग को लेकर चल रही असमंजस अब होगी खत्म

# फिजियोथैरेपी करवा शिमला लौटे आयोग के नामजद चेयरमैन राजीव

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

- **अगले सप्ताह कर सकते हैं ज्वाइन, करीब दो माह से हो रहा इंतजार**
- **एक सदस्य ने ज्वाइन करने से किया किनारा दूसरे को अध्यक्ष की ज्वाइनिंग का इंतजार**

हमीरपुर में स्थित राज्य चयन आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की ज्वाइनिंग को लेकर चल रही असमंजस अब खत्म होने वाली है। इलाज करवाकर नामजद अध्यक्ष राजीव कुमार शिमला लौट आए हैं। अगले सप्ताह कमीशन के अध्यक्ष पद पर ज्वाइन कर सकते हैं। उन्होंने खुद इसकी पुष्टि की है।

उधर, सरकार द्वारा जिन दो अन्य सदस्यों की नामजदगी की अधिसूचना जारी की थी, उनमें एक ज्वाइन नहीं करेंगे। ऐसा कहा जा रहा है किन्हीं कारणों से उन्होंने सेक्रेटरी पर्सनल को इसकी सूचना भी दे दी है। हालांकि आधिकारिक तौर पर किसी ने इसकी पुष्टि नहीं की है।



मगर दूसरे नामजद सदस्य सेवानिवृत्त वरिष्ठ एचएएस अधिकारी सुखदेव सिंह राणा आयोग में तभी ज्वाइन कर सकते हैं, जब अध्यक्ष यहां पदभार संभाल लेंगे क्योंकि वही उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इनकी ज्वाइनिंग के बाद ही आयोग की स्थिति मजबूत होगी क्योंकि फैसला लेने, उन्हें अमलीजामा पहनाने जैसे महत्वपूर्ण काम अध्यक्ष की मौजूदगी में ही होंगे। अभी काम चलाऊ व्यवस्था के लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. आरके पुरुथी इस पद पर बने हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### पदभार संभालने में अब देर नहीं: राजीव कुमार

आयोग के लगाए गए अध्यक्ष राजीव कुमार ने 'अनंत ज्ञान' को बताया कि वे फिजियोथैरेपी करवा कर शिमला लौट आए हैं। कुछ दिनों में ही ज्वाइन करेंगे। फिलहाल एकमोडेशन के लिए बोला गया है। थोड़ा सा इंतजार करो, पदभार संभालने में अब देरी नहीं।


### एग्जाम पैटर्न सबसे महत्वपूर्ण

अभी इस आयोग में एग्जाम का पैटर्न सीबीटी मोड पर तो होगा, लेकिन शुरू कब होगा, इसको लेकर इंतजार कहीं लंबी ना हो जाए? इसी की चिंता युवाओं को सता रही है। वजह यह है कि सरकार स्तर पर इसे अमलीजामा पहनाने के लिए जो टेंडर प्रक्रिया होनी थी, उसमें शुरू में एक ही फॉर्म ने इसमें शिरकत की है और क्या यह टेंडर अब नए सिरे से होगा, इस पर सारी स्थिति क्लियर नहीं है। इसको लेकर सरकार ने पहले ही कहा है कि इस मामले को लेकर काम आउटसोर्स किया जाएगा। इस पर अभी सारी स्थिति क्लियर नहीं हो पाई है। सचिवालय स्तर पर काम चल रहा है। इसके अलावा जिन नए पदों को भरे जाने का काम होना है, उनकी भी इंतजार हो रही है।

## सांसद अनुराग ठाकुर के आदेशों को कंपनी ने दिखाया ठेंगा, निकल गया 31 अक्तूबर

# नहीं सुधरे हमीरपुर-अवाहदेवी सड़क के हालात

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



हमीरपुर-अवाहदेवी सड़क के खस्ताहाल होने से वाहन चालकों सहित राहगीर परेशान हैं।


हमीरपुर से मंडी वाया कोट, टौणी देवी, समीरपुर, अवाहदेवी बन रहा नेशनल हाईवे नंबर 03 आम आदमी के जी का जंजाल बन चुका है। निर्माण कंपनी किसी की भी बात सुन कर राजी नहीं है और लोग दो साल से चल रहे कछुआ चाल निर्माण कार्य से परेशान हैं। अधूरे डंगे, अधूरी पुलियां, अधूरे बाइपास, अधूरी खुदाई और अधूरी नालियां अब तक निर्माण कंपनी की प्रोग्रेस रिपोर्ट है। धूल मिट्टी फांकते दुकानदार, वाहन चालक और आम पब्लिक लगातार सांस की बीमारी से प्रभावित हो रहे हैं।

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पांचवीं बार सांसद बने अनुराग ठाकुर ने नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी के अधिकारियों और निर्माण प्रबंधकों की टौणी देवी मंदिर में मीटिंग लेकर क्लास लगाई थी। उस वक्त कंपनी ने सांसद अनुराग को 31 अक्तूबर तक टौणी देवी बाजार से लेकर अवाहदेवी बाइपास तक सारी सड़क पक्की करने का भरोसा दिया था।

31 अक्तूबर भी अब बीत गया लेकिन सड़क एक इंच भी पक्की नहीं हो पाई है। उल्टा सड़क पर गड्ढों की तादाद और बढ़ गई है। नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी के मजदूर दिवाली मनाकर अभी तक नहीं लौटे हैं। काम जहां छोड़ कर गए थे, वहीं पर अड़ा हुआ है। ऐसे मे सड़क के किनारे लगे बजरी के ढेर, दरकोटी, बारी और कोल्हू सिद्ध के खतरनाक स्पॉट, टौणी देवी बाजार की खस्ता हालात अभी लोगों को और रुलाएगी। इस बारे मे व्यापार मंडल टौणी देवी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरदीप राणा, पवन सोनी, संसार चंद सोनी, तिलक राज बहल, सुनील चौहान, अमरनाथ चौहान, रघुबीर सिंह, राज बहल, सुरेश कुमार मिलाप चंद, विजय बहल, सरवन कुमार, मदन लाल, पवन कुमार, भूमि राज, अशोक ठाकुर, अंकिता इत्यादि ने बताया कि टौणी देवी बाजार की खस्ता हालत के कारण व्यापारियों को फेस्टिवल सीजन के बावजूद घाटा उठाना पड़ा।

ग्राहक टौणी देवी बाजार मे निर्माण कार्य के चलते आना पसंद नहीं करते हैं, ऐसे मे व्यापारियों में आक्रोश पनप रहा है और कभी भी लावा फूट सकता है। सड़क का निर्माण युद्धस्तर पर पूर्ण करने के आदेश निर्माण कंपनी को दिए जाने चाहिएं। (अनंत ज्ञान)

# मांगें नहीं मानने पर पदाधिकारी आत्मदाह करने से भी नहीं करेंगे गुरेज: मंच



हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच हमीरपुर ने बैठक का किया आयोजन।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच हमीरपुर ने बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजमेर ठाकुर ने की। इस दौरान बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, प्रदेश सचिव नंदलाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पेंशन संबंधी मसलों पर चर्चा की गई व 28 अक्तूबर को परिवहन पेंशनरों को पेंशन न मिलने पर सरकार के प्रति गहरा रोष प्रकट किया गया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि एचआरटीसी के 50 वर्ष पूरे होने पर गोल्डन जुबली तो सरकार द्वारा मनाई गई परंतु परिवहन पेंशनरों को निराशा ही हाथ लगी है क्योंकि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जो घोषणा 28 अक्तूबर को पेंशन देने के लिए की थी, वह भाषण तक ही सिमट कर रह गई है क्योंकि आज 7 नबंबर तक भी खातों में पेंशन नहीं आई है, जबकि सभी विभागों को पेंशन व सैलरी 28 अक्तूबर को ही दे दी गई है। इससे जाहिर होता है कि सरकार उन पेंशनरों से दगा कर रही है जिन लोगों ने रात-दिन अपनी जवानी जनता की सेवा में लगाई है। इस श्रेणी में मुख्यमंत्री के स्वर्गीय पिता भी आते हैं, जबकि दूसरे विभागों से एचआरटीसी का कार्य भिन्न है, फिर भी दिवाली के इतने बड़े त्योहार पर हमें ठगा गया है। हमें वितीय लाभ नहीं दिए जा रहे हैं। अजमेर ठाकुर ने कहा कि न ही समय पर पेंशन दी जाती है।

इसका मतलब सरकार यह न समझे कि हम चुप रहेंगे। हम पहले से ही संघर्षरत हैं जिलावार हम पांच जिलों में धरने-प्रदर्शन कर चुके हैं और अब हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच हिमाचल प्रदेश का अधिवेशन 20-21 नवंबर को जग्गन पैलेस घुमारवीं में होने जा रहा उसमें अन्दोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। कल्याण मंच चुप नहीं रहेगा क्योंकि हम हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। सरकार से कोई भीख नहीं मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनर कर्मचारी आत्मदाह तक करने से भी गुरेज भी नहीं करेंगे।

## कांगू में पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विस्तार से किया मंथन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम-आंचल पेंशनर्स संघ नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक वीरवार को खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा (कारगू) की अध्यक्षता में कांगू, जिला हमीरपुर में संपन्न हुई। खंड महासचिव जगदीश चंद शर्मा (सासन) द्वारा उपस्थित सदस्यों को बैठक एजेंडा से अवगत करवाते हुए खंड इकाई में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी गई।

चर्चा में भाग लेने वालों में प्रदेश मुख्य संगठन सचिव प्रशोत्तम दास शर्मा, जिला महासचिव शंभू राम जसवाल, खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा, सलाहकार अवनीश कुमार, देश राज शर्मा, अमर नाथ शर्मा, देशबंधु शर्मा, वीएस पटियाल, ब्रह्मदास शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा आदि प्रमुख रहे। पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विस्तार से मंथन किया गया।

पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा पेंशनरों को जनवरी, 2023 से महंगाई भत्ता की किस्त जारी करने, लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान करने, पेंशन का भुगतान 28 अक्तूबर को करने व 75 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनरों को 100 प्रतिशत पेंशन संशोधन के वकाया का 100 प्रतिशत भुगतान करने की घोषणा के कारण संघ की 15 अक्तूबर को आयोजित होने वाली प्रस्तावित रैली को प्रदेश इकाई ने स्थगित करने का निर्णय लिया थी। पेंशनरों की शेष लंबित मांगों को पूरा करवाने हेतु सरकार द्वारा शीघ्र कार्रवाई किए जाने के संबंध में संघ का एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री से 19 अक्तूबर को हमीरपुर में मिला था व विस्तार से मांगें पूरी करने बारे चर्चा की गई जिस पर माननीय मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का प्रयास है कि वकाया राशि का भुगतान एकमुश्त हो।

जिला महासचिव शंभू राम जसवाल ने प्रदेश व जिला में चल रही गतिविधियों बारे सदस्यों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। बैठक में पेंशनरों के व्यक्तिगत मुद्दों पर भी मंथन हुआ व पदाधिकारियों ने शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया गया।

# करोट स्कूल की राधिका का भाषण जिलेभर में प्रथम



करोट स्कूल के विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम रहने पर सम्मान किया गया।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करोट की राधिका शर्मा ने समग्र शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से आयोजित की गई जिला स्तरीय बाल मेला उत्सव की भाषण प्रतियोगिता में जिलेभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं, इस कार्यक्रम की दूसरी जिला स्तरीय प्रतियोगिता फेस पेंटिंग में नवोदित तथा आदित्य ने भी जिलेभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय पहुंचने पर कार्यकारी प्रधानाचार्य प्रदीप ठाकुर ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने तथा विद्यालय का नाम रोशन करने पर सर्वप्रथम विजयी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इसके अलावाविजयी रहे बच्चों को तथा इनके माता-पिता व सभी तैयार करवाने वाले शिक्षकों को बधाई दी तथा विशेषकर भाषण प्रतियोगिता तैयारी के लिए सुरेंद्र कुमार भाषाध्यापक और फेस पेंटिंग की प्रतियोगिता के लिए तैयारी के लिए कुमारी पूनम कलाध्यापिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि बाकी बच्चे भी इन विजयी बच्चों से प्रेरणा लेते हुए आने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विजयी होने की कोशिश करें।

उन्होंने कहा कि आज इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। (अनंत ज्ञान)

# सीएम का शहीद के घर पर नहीं जाने से लोगों में रोष : सुनील

**नादौन।** भाजपा नेता एवं प्रदेश भाजपा प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के सदस्य सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि बीते चार दिन पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नादौन व बड़सर में एक शादी समारोह में शिरकत करने के लिए पहुंचे, रेस्ट हाऊस सेरा में रुके, लेकिन दो कदम की दूरी पर पंचायत हथोल के गांव लाहड़ से शहीद हुए अरविंद सिंह के घर सांत्वना देने नहीं गए। इसे लेकर लोगों में रोष है।

उन्होंने कहा कि इसको लेकर शहीद के परिजनों और गांव के लोगों में मुख्यमंत्री व नादौन के विधायक सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के प्रति रोष है। उन्होंने कहा कि दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सेरा हाऊस में रुके थे, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और लोगों से भी मिले। शहीद के पिता रजिन्द्र सिंह ने बताया कि शहादत के करीब पंद्रह दिन बाद मुख्यमंत्री का फोन परिजनों को आया था।

# हमीरपुर में पुरुषों की 53वीं सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप आज से होगी शुरू



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिले के गांधी चौक हमीरपुर में पुरुषों की 53वीं सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप शुक्रवार से शुरू हो रही है, जो कि आगामी 10 नवंबर तक चलेगी। बॉक्सिंग एशोसिएशन हमीरपुर और बॉक्सिंग फेडरेशन हिमाचल प्रदेश के द्वारा इसका आयोजन करवाया जा रहा है। बॉक्सिंग एसोसिएशन हमीरपुर के जनरल सेक्रेटरी अनिल मनकोटिया ने बताया कि पुरुष बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रदेश भर से 150 के करीब बॉक्सिंग खिलाड़ी भाग लेंगे। यहां पर विजेता रहने वाले खिलाड़ियों को नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा। सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ओलंपिक पदक विजेता आशीष चौधरी के अलावा इंडिया टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई बॉक्सिंग खिलाड़ी भी इसमें दमखम दिखाएंगे। ऐसे में हमीरपुर शहर के लोगों को आने वाले दो-तीन दिनों तक गांधी चौक में बॉक्सिंग के शानदार मुकाबले देखने को मिलेंगे। बढ़िया बॉक्सिंग रिंग को तैयार करने का काम जोर-शोर से चल रहा है, ताकि बॉक्सिंग खिलाड़ियों को एक बेहतर बॉक्सिंग रिंग खेलने को मिल सके।

# विकासनगर में सुनील शर्मा करेंगे जिला स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन का शुभारंभ




**हमीरपुर।** 32वां जिला स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन शुक्रवार को हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में आयोजित किया जाएगा। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू करेंगे। उपनिदेशक ने बताया कि सम्मेलन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# भोरंज की ग्रामीण सड़कों के लिए 4 .37 करोड़ रुपए मंजूर : सुरेश

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के निर्माण के लिए भोरंज विधायक द्वारा चार करोड़ तैंतीस लाख रुपए की धनराशि मंजूर की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में एंबुलेंस रोड बनाकर मुख्य मार्गों से जोड़ने तथा सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का कार्य आरंभ किया गया है। भोरंज विधानसभा क्षेत्र में सड़क मार्ग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए विधायक द्वारा पिछले कई दिनों से युद्धस्तर पर कार्य आरंभ किया गया है। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने बताया कि उनका लक्ष्य हर गांव तक एंबुलेंस रोड पहुंचाने का है ताकि लोगों को घर-द्वार तक वाहन लाने ले जाने की सुविधा मिल सके।



उन्होंने बताया कि अब तक बीते दो वर्षों में भोरंज क्षेत्र में सड़क सुधार व निर्माण पर लगभग 250 करोड़ रुपए मंजूर किए जा चुके हैं। इसमें विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण तथा ग्रामीण क्षेत्रों की छोटी सड़कों का निर्माण कार्य शामिल हैं। सुरेश कुमार ने कहा कि चंदरूही से जाहू, समलाह से तोहूमैरा, पिपली धार से टेला, बगवाड़ा से संगरोह खुर्द तथा भोगूं सपलूही मंझाओ आदि नई सड़कों का निर्माण भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इसी तरह भोरंज विधानसभा क्षेत्र में बीते दो वर्षों में छिहत्तर किलोमीटर वलैकटॉप वीसी करके सड़कों की हालत में सुधार किया गया है। सड़कें बनने के बाद जल्दी न टूटें, इसके लिए वीसी (विटूमीन कंक्रीट) तकनीक के द्वारा सड़कों को पक्का किया जा रहा है। क्षेत्र में चम्बोह, मतलाना, समलाह, मुंडखर आदि पुलों के निर्माण को पूर्ण कर 5 नए पुल जिनमें मनोह-दार्ती, वजडौह-वडोह, वडैहर-हौड व वलेट-कसयाणा भी प्रस्तावित है।

सुरेश कुमार ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की चार मुख्य सड़कों कैरवीं-बस्सी-जाहू, पट्टा-तरकवाडी-अवाहदेवी, बढ़ार- कैरवीं झनीकर और बस्सी-भरेड़ी तताहर के चौड़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर चला हुआ है। इनमें से दो सड़कों का कार्य आधुनिक तकनीक (एफडीआर) के द्वारा किया जा रहा है, जो कि पूरे भारत में अभी तक नई तकनीक है।

सुरेश कुमार ने कहा कि लोगों को स्वेच्छा से सड़क निर्माण कार्य में सहयोग करना चाहिए क्योंकि सड़क का निर्माण जमीन के बिना संभव नहीं है। (अनंत ज्ञान)

**जानकारी** सिंथेटिक ट्रैक अणू में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेल खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज

# 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में इशांत और सविता फर्स्ट





सुजानपुर के विधायक कै. रंजीत सिंह राणा का स्वागत करते गणमान्य, (दाएं) 65वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 छात्र-छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान मार्चपास्ट के दौरान खिलाड़ी।

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

- **सुजानपुर के विधायक कै. रंजीत सिंह राणा ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ**

हमीरपुर के सिंथेटिक ट्रैक अणू में वीरवार को 65वीं राज्य स्तरीय अंडर 19 छात्र-छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ सुजानपुर के विधायक रणजीत सिंह राणा ने ध्वजारोहण व दीप प्रज्वलित करके किया।

मुख्यातिथि ने विधिवत रूप से शुभारंभ करने के साथ ही खिलाड़ियों को अच्छे खेल के लिए प्रेरित भी किया। राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सभी 12 जिलों व 2 खेल छात्रावास के 422 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर खिलाड़ियों के द्वारा मुख्यातिथि को मार्चपास्ट कर सलामी भी दी गई। खिलाड़ियों के द्वारा शपथ ग्रहण करने के उपरांत मुख्य तिथि ने विधिवत खेलों के शुभारंभ की घोषणा की।

राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर की दौड़ का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लॉन्ग जंप, शॉटपुट, हाई जंप, डिस्कस थ्रो, जैवलिन प्रतियोगिता में भी खिलाड़ी भाग लेंगे। राज्य स्तर की इस खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के पुख्ता तैयारी की गई है। इस प्रतियोगिता में 222 लड़के तथा 195 लड़कियां भाग ले रही हैं। दोनों ही वर्ग के खिलाड़ी खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व भी करेंगे। प्रतियोगिता की 1500 मीटर लड़कों की दौड़ में इशांत हमीरपुर फर्स्ट, आर्यन हमीरपुर सेकंड, बक्शीश मंडी थर्ड रहे हैं। वहीं, लड़कियों में बिलासपुर छात्रावास की सविता कुमारी फर्स्ट, हमीरपुर की साइन सेकंड व शिमला की अनामिका थर्ड रही। (अनंत ज्ञान)

### सीएम कर रहे युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित: रंजीत

विधायक रंजीत राणा ने कहा कि खेलें छात्र जीवन मे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कदम उठाए हैं और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए उनकी डाइट मनी को बढ़ाया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू निदान सहित अन्य क्षेत्र में इंदौर स्टेडियम का निर्माण करवा कर युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने हमीरपुर जिल के दौरे के दौरान करोड़ों रुपए की सौगातें हमीरपुर जिले को प्रदान की हैं और हमीरपुर जिले में विकास की एक नई इबारत को खड़ा करने का काम किया है।

# पुतड़ियाल पंचायत वासियों को 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में जो मांगा वह सब मिला

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** नादौन विधानसभा क्षेत्र की पंचायत पुतड़ियाल में प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'सरकार आपके द्वार' जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू विशेष रूप से उपस्थित थे, पंचायत वासियों के लिए बहुत ही अच्छा रहा। आलम इस कदर रहा कि इस कार्यक्रम में पंचायत के लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से पंचायत के लिए जो भी मांगा, वे सब उनको मुख्यमंत्री द्वारा दिल खोलकर दिया गया। लोगों में यह भी चर्चा है कि मुख्यमंत्री द्वारा अपने इस कार्यक्रम में केवल काम के ऊपर ही फोकस किया। वे लोगों के पास स्वयं जाकर उन्हें उनके नाम से पुकार कर उनकी न केवल जन समस्याओं को सुन रहे थे, बल्कि उनका संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही निवारण करने के लिए आदेश दे रहे थे। गोर है इस पंचायत के लोगों की यहां के मिडल स्कूल के लिए आधुनिक भवन की मांग, धनियारा, शासन से रक्कड़, पुतड़ियाल से संध तलाई, रक्कड़ एवं वेरू गांव के लिए पानी की समस्या के निवारण के लिए स्थायी हल करने की काफी समय से मांग की जा रही थी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुक्खू ने न केवल पंचायत वासियों की इन सब मांगों को अतिशीघ्र पूरा करने की घोषणा की, बल्कि इसी पंचायत के जांगल गांव में एक खेल के मैदान को बनाने की भी घोषणा की। इसके अतिरिक्त पंचवटी में एक पार्क बनाने एवं जिम खोलने की भी घोषणा की। स्थानीय पंचायत के उपप्रधान संजीव कुमार द्वारा मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष लोगों की उठाई गईं इन मांगों को पूरा करने पर इसी पंचायत के निवासी कुशल, बलदेव धीमान, मंजीत, पवन, सुरेंद्र, वजेंद्र, सुशील, बलबीर, सुनील, संसार चंद, प्रदीप, डॉ. सतीश गिल आदि ने मुख्यमंत्री सुक्खू का विशेष रूप से धन्यवाद किया हैं। इन्होंने कहा किप्रदेश सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'सरकार आपके द्वार ' हमेशा उनके लिए यादगार रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सीएलएफ बसंतपुर का आम अधिवेशन संपन्न



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** सक्षम क्लस्टर लेवल फेडरेशन बसंतपुर की वार्षिक आम अधिवेशन गुरुवार को बसंतपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी स्पर्श शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में 24 ग्राम संगठन तथा 21 ग्राम पंचायतों से 350 महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान उपस्थित प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की तथा समूह की महिलाओं ने अपने अनुभवों को भी साझा किया। इस दौरान महिलाओं द्वारा वर्ष भर की गतिविधियों पर भी चर्चा की तथा आगामी वर्ष के लिए कार्य योजना भी तैयार की गई। इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि जल्द ही सुन्नी में प्राकृतिक खेती के उत्पादों और खाद्य पदार्थों की बिक्री हेतु हिमा इरा केंद्र की शुरुआत की जाएगी। इस दौरान पंचायत समिति बसंतपुर के अध्यक्ष कर्म चंद,उपाध्यक्ष प्रकाश चंद कमल तथा फेडरेशन की प्रधान रीमा वर्मा,उपप्रधान दीप कंवर,सचिव ममता शर्मा,सह सचिव तारा वर्मा,कोषाध्यक्ष पुष्प लता भी मौजूद रहीं।

### मैच जीत अगले दौर में पहुंचे करसोग और कुल्लू



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय में चल रही अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में वीरवार को खेले गए मैचों में करसोग और कुल्लू ने जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश कर लिया। पहले मैच में करसोग ने जोगिंदरनगर को 70 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए करसोग ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 179 रन बनाए, जिसमें बिपिन ने 64, यमन ने 70 और भूपेंद्र ने 15 रन बनाए। जोगिंदनगर के आकाश, शशि और गौरव ने एक-एक विकेट लिया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। जवाब में जोगिंदनगर की टीम 109 रन पर ऑल आउट हो गई। प्रतियोगिता के प्रेस संयोजक अनिल गुलेरिया ने बताया कि पहले मैच में क्रिकेट कोच दिव्या प्रकाश और दूसरे मैच में डा. रजनी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि दूसरे मैच में कुल्लू ने शाड़ाबाई को 148 रनों के भारी अंतर से हरा दिया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कुल्लू ने तीन विकेट खोकर 263 रन बनाए। टीम के सलामी बल्लेबाज आर्यन अपनी शतकीय पारी में 62 गेंदों पर 19 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 134 रन बनाए। इसके अतिरिक्त वृंदेश आर्यन ने 33, रवि ने 21 और रितिक ने 56 रन बनाए। शाड़ाबाई के धमेश्वर, अक्षित और योगिंदर ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने आई शाड़ाबाई टीम के विकास के 40 और कमान अक्षित के 27 रनों को छोड़ अन्य कोई खिलाड़ी मैदान पर कमाल नहीं दिखा पाया और पूरी टीम चार विकेट के नुकसान पर 115 रन पर ढेर हो गई। कुल्लू के सौरव ने दो तथा साहिल व दक्ष ने एक-एक विकेट लिया।

### सकरेरा हाई स्कूल को दिया फर्नीचर



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** राजकीय उच्च विद्यालय सकरेरा में आज जिला परिषद सदस्य वनिका चौम्याल द्वारा जिला परिषद ग्रांट से पाठशाला के लिए दो लाख बत्तीस हजार तीन सौ छियासठ रुपए का जरूरी फर्नीचर प्रदान किया। इस अवसर पर उनके साथ ग्राम पंचायत जियुन्ता की प्रधान सपना देवी भी शामिल रही पाठशाला के मुख्य अध्यापक तिलक राज द्वारा जिला परिषद सदस्य का अपनी ओर से पूरे स्टाफ और विद्यार्थियों की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने पाठशाला के लिए आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध करवा कर प्रशंसनीय कार्य किया इस अवसर पर वनिका चौम्याल द्वारा निकट भविष्य में पाठशाला के लिए जरूरी अन्य सामान भी उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया गया तथा ग्राम पंचायत प्रधान सपना देवी ने पाठशाला के खेल के मैदान को शीघ्र पक्का करने का आश्वासन दिया।

### जांच केंद्रों में स्वैच्छिक एचआईवी जांच में बढ़ोतरी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने आज यहां बताया कि समिति द्वारा एड्स जागरूकता एवं प्रदेश में एचआईवी के सक्रिय मामलों का पता लगाने के लिए समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रमों एवं जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश एड्स नियंत्रण समिति द्वारा 12 अगस्त से 12 अक्तूबर, 2024 तक दो माह का एकीकृत स्वास्थ्य अभियान एवं सघन जागरूकता अभियान चलाया गया। दो माह के भीतर 3,63,674 लोगों को जागरूक किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता एवं संवेदनशील समुदाय को विभिन्न बीमारियों जैसे टीबी, हेपेटाइटिस-बी एवं सी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एचआईवी व यौन रोगों की जांच करना तथा इन सभी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। दो माह तक चलाए गए इस अभियान के अनेक सकारात्मक पहलू सामने आए। प्रदेश में कार्यरत एकीकृत परामर्श एवं जांच केन्द्रों में स्वैच्छिक एचआईवी जांच में बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस अभियान के दौरान 1472 गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया तथा 127394 ग्रामवासियों को एचआईवी विषय पर जानकारी दी गई।

# स्कूल में बच्चे करते रहे इंतजार अध्यापक शराब पीकर झूमता रहा

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर की ग्राम पंचायत बड़ग्रां में एक बार फिर स्कूल में बच्चे अध्यापक का इंतजार करते रहे और अध्यापक बीच रास्ते में ही शराब पीकर झूमता रहा। ग्रामीणों को जैसे ही इसकी भनक लगी तो करीब 11:00 बजे ग्रामीणों ने स्कूल में पहुंचकर इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। 11:00 तक स्कूल के कमरों में ताला लटका रहा और बच्चे अपने अध्यापक का इंतजार करते रहे।

इससे पहले भी स्कूल इस तरह के कारनामों के लिए जाना जाता रहा है। कुछ माह पहले भी यहां पर अध्यापक नशे की हालत में बेसुध पाया गया और बच्चे स्कूल में अध्यापकों का इंतजार करते रहे और काफी देर बाद बिना पढ़ाई के ही घर लौट गए।

वीरवार को भी ग्राम पंचायत बड़ग्रां के प्राइमरी स्कूल कुठार में बच्चे काफी देर तक अध्यापक का इंतजार करते रहे। काफी देर इंतजार करने के बाद भी यहां पर अध्यापक नहीं पहुंचा। जैसे ही इसकी भनक ग्रामीणों को लगी तो वह स्वयं स्कूल में पहुंच गए और अध्यापक को बीच रास्ते में नशे की हालत में टल्ली पाया।





स्कूल में अध्यापक का इंतजार करते हुए बच्चे व मौजूद स्थानीय लोग और नशे में धुत अध्यापक।

ग्रामीणों ने इस स्थिति का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वह इस तरह की समस्या से पहले भी जूझ चुके हैं और प्रशासन को अवगत करा चुके हैं। बावजूद इसके यहां पर हालात जस के तस बने हुए हैं। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उन्हें उक्त अध्यापक यहां बिलकुल भी नहीं चाहिए इसका कहीं दूसरी जगह तबादला किया जाए।

इससे पहले भी कुछ महीने पहले यहां पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने अध्यापक के न पहुंचने पर स्कूल में ताला जड़ दिया था। उस समय भी अध्यापक नशे की हालत में बेसुध था।

### वाक्या सोशल मीडिया पर खूब हो रहा वायरल

**इससे** पहले भी भरमौर के सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था की पोल खुल कर सामने आती रही है। कुछ दिन पहले विधायक ने भी एक स्कूल का वीडियो वायरल किया था जिसमें तबेले में बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

जहां एक और मवेशी बंधे हुए हैं और साथ लगते कमरे में बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। इससे पहले भी भरमौर के सरकारी स्कूल की इस तरह की पोल सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहें हैं।

## शिमला में छात्रों के अवैध निष्कासन के खिलाफ विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन



प्रदर्शन करते यूनियन के सदस्य व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पीपल यूनियन फॉर सिविल लाइबर्टिस एसोसिएशन द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में संजौली महाविद्यालय में किए गए 6 छात्रों के अवैध निष्कासन के खिलाफ धरना किया गया।

विश्वविद्यालय में अवैध निष्कासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय एसएफआई के केंद्रिय छात्र संघ के प्रथम अध्यक्ष राकेश सिंघा ने बात रखते हुए कहा कि लगभग एक महीने से ज्यादा समय होने के बावजूद भी वह उन छात्रों का निष्कासन वापस नहीं किया गया है जिसके चलते छात्रों के शिक्षा के अधिकार छीना जा रहा है आज महाविद्यालय से 6 छात्र कक्षा से बाहर है उन्हें अभी तक कक्षा लगाने तक नहीं दिया जा रहा है और उसके साथ-साथ एक छात्रा की वार्षिक परीक्षा महाविद्यालय में शुरू हो चुकी है पर उन छात्रा को अभी तक परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन का इस तरह का रवैया छात्रों के आंदोलन को दबाने के लिए किया जा रहा है जो की छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि कॉलेज प्रशासन का इस तरह का तानाशाह रवैया के चलते आज छात्रों के भविष्य दांव में लगे हुए।

अगर उस छात्रा को वार्षिक परीक्षा में नहीं बैठाया जाता है तो हिमाचल प्रदेश की तमाम जनता से अपील करते हुए इस आंदोलन को 12 नवंबर के बाद तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

### बारिश न होने से किसान मायूस

**भरमौर।** जनजातीय क्षेत्र भरमौर में पिछले तीन महीनों से बारिश न होने के चलते किसान और बागवान पूरी तरह से मायूस है। पिछले तीन महीनों से बारिश न होने के चलते कई जगह लोगों ने गेहूं और जौ की बिजाई भी नहीं की है। बारिश न होने के चलते क्षेत्र में यहां पर शुष्क ठंड बढ़ गई है जिसके कारण लोग वायरल की चपेट में भी आना शुरू हो गए हैं। बारिश न होने के चलते यहां पर हर जगह धूल मिट्टी वातावरण में फैल गई है।

जमीन सुखी होने के चलते यहां पर एकाएक जंगलों में आग लगने की घटनाओं में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। पिछले कई महीनों से बारिश न होने के चलते अब लोग देवताओं की शरण में भी जाने को मजबूर हो गए हैं।

## होली-उतराला सड़क संघर्ष समिति ने कंगना को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

होली-उतराला सड़क संघर्ष समिति ने वीरवार को सांसद कंगना रनौत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघर्ष समिति ने होली उतराला सड़क निर्माण में तेजी लाने व जल्द से जल्द इस सड़क के लिए अतिरिक्त बजट केंद्र सरकार से मुहैया कराने की गुहार लगाई है।

संघर्ष समिति ने सांसद कंगना रनौत से इस मामले को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की समक्ष प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया है। सांसद ने भी उन्हें इस पर उचित व त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

गौरतलब है लाके वाली माता से चनी तक 5 किलोमीटर सड़क के लिए बड़ी परियोजना के तहत इस सड़क का टेंडर भी हो चुका है। लेकिन सड़क निर्माण के दौरान हो रही सुस्ती से संघर्ष समिति काफी नाराज है। भरमौर के होली क्षेत्र की यह वर्षों पुरानी मांग है। इस सड़क निर्माण को लेकर पिछले दिनों लोग सड़कों पर भी उतरे थे।



ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद समिति के सदस्य।

**सड़क के लिए अतिरिक्त बजट मुहैया कराने की लगाई गुहार**

इस सड़क का निर्माण को जल्द से जल्द करवाने के लिए बाकायदा संघर्ष समिति का गठन भी किया गया है। गौरतलब है इस क्षेत्र के अधिकतर लोग जिला कांगड़ा के पालमपुर व बैजनाथ में रहते हैं। सर्दियों के दिनों में यह लोग माइग्रेट होकर कांगड़ा के लिए चले जाते हैं। लेकिन इस सड़क निर्माण होने के बाद यहां के लोग मात्र कुछ घंटे में ही होली कांगड़ा आना-जाना कर सकेंगे। लिहाजा इस सड़क को जल्द से जल्द बनने के लिए कई बार यहां के लोग प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार के समक्ष भी मिलकर गुहार लगा चुके हैं।

### चौरासी व्यापार मंडल भरमौर ने कंगना को सौंपा मांगपत्र



**भरमौर।** भरमौर दौरे पर आई मंडी की सासंद कंगना से चौरासी व्यापार मंडल भरमौर के पदाधिकारी प्रधान रंजीत शर्मा की अगुवाई में भरमौर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के मद्देनजर उनसे मिले व उन्होंने भरमौर क्षेत्र की प्रमुख मांगों को लेकर उन्हें ज्ञापन भी सौंपा।

इस मौके पर भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज भी वहां उपस्थित थे जिन्होंने भी सांसद को इन प्रमुख मांगों पर कार्रवाई अमल में लाने की बात कही। जो की भरमौर क्षेत्र की तरक्की में अपना अहम रोल तय करेगी।

व्यापार मंडल के प्रधान रंजीत शर्मा ने बताया कि चंबा-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग की जो दशा काफी समय से खराब चल रही है व उसके सुधार के लिए केंद्र मंत्री नितिन गडकरी से सहयोग की मांग की है साथ ही पठानकोट -चंबा-भरमौर-कुगति-उदयपुर मार्ग का जल्द डीपीआर बनाकर उक्त मार्ग को प्रमुखता से बनाया जाए। सांसद से पवित्र मणिमहेश यात्रा को अमरनाथ की तर्ज पर श्राईन ब्रोर्ड गठन की मांग भी उठाई व केंद्र सरकार द्वारा भरमाणी रोपवे की लिए 120 करोड़ रुपए के करीब पैसा मंजूर किया गया था लेकिन अभी तभी तक इस पर कोई कार्रवाई नही हो पाई है। इस मौके पर कोर कमेटी के सदस्य टेक चंद ठाकुर, जैसी राम ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## लोगों ने हासिल की सरकारी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

सामुदायिक पंचायत भवन हड़सर में संयुक्त जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता विषय वस्तु विशेषज्ञ उद्यान विभाग भरमौर डॉ. अशीष शर्मा ने की। उन्होंने बागवानों को विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।




कैंप के दौरान मौजूद स्थानीय लोग व अन्य।

उन्होंने खुम्भ विकास योजना, मुख्यमंत्री मधु विकास योजना और मशरूम की खेती के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भरमौर क्षेत्र की भूमि खेती योग्य उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि किसनों की आय को दोगुना करने और उद्यान व कृषि संबंधी जानकारियां किसानों व बागबानों तक पहुंचाने व अन्य विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में लोग जागरुक हो सके और लोगों की समस्याओं का निवारण भी हो , इसके लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत हो और उनका लाभ मिल सके। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि किसान व बागवान जल्द से जल्द शरद ऋतु के फलदार पौधों की डिमांड विभाग को दे ताकि समय पर पौधे उनको उपलब्ध करवाए जा सके। इस शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगो को अवगत करवाया और उन्हें लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया। शिविर के दौरान हड़सर पंचायत की प्रधान रजनी देवी और उपप्रधान संजीव ने जागरूकता शिविर आयोजित करने के लिए सभी विभागों का आभार जताया।

संयुक्त शिविर में कृषि, उद्यान, आत्मा परियोजना, पशुपालन, बाल विकास, तहसील कल्याण, पंचायती राज और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

## संकरी सड़क दे रही हादसों को न्योता

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

चंबा-भरमौर राष्ट्रीय उच्च महामार्ग 154 ए पर स्थित गांव तलगुट के पास मुख्य मार्ग संकरा एवं क्षतिग्रस्त है जहां पर बीते 2 सालों में करीब चार दुर्घटनाएं घट चुकी हैं जिनमें यात्री मौत का भी शिकार हो चुके हैं। लेकिन पिछली दुर्घटनाओं के बावजूद भी न तो न प्राधिकरण में इस भाग को खुला करने की ज़हमत उठाई और न ही टूटी फेंसिंग को ही ठीक करवाया जो कभी भी किसी वाहन को दोबारा दुर्घटना का शिकार बन सकती हैं।



संकरी सड़क से गुजरते हुए वाहन।

हालांकि मणिमहेश यात्रा के दौरान एक पंजाब नंबर गाड़ी जो दुर्घटना का शिकार हुई थी जिसमें एक यात्री की मौत भी हो गई थी तथा अन्य घायल हुए थे। उसे दुर्घटना के बाद न प्राधिकरण ने मात्र खानापूर्ति करते हुए दुर्घटना वाली जगह पर महज पत्थर लगाकर पल्ला झाड़ लिया किंतु न तो विभाग ने संकरी जगह दोनों तरफ किसी तरह के चेतावनी बोर्ड ही लगाए हैं ताकि बाहर से आने वाले वहां चेतावनी पढ़कर थोड़ा सतर्क हो जाएं और संकरी जगह से संभलकर निकले। किंतु मणिमहेश यात्रा हुए भी काफी समय बीत चुका है और सर्दियों शुरू होते ही बारिश और बर्फबारी का दौर जारी हो जाएगा।

अभी तक एनएच प्राधिकरण ने घटित हुई दुर्घटनाओं से किसी तरह का कोई सबक न लेते हुए अभी तक उक्त मार्ग पर कोई भी कार्यवाही को अंजाम नहीं दिया है। तो वही इस बारे में जब एनएच प्राधिकरण के अधिषासी अभियंता से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अब यह मामला उनके संज्ञान में आ गया है और बहुत जल्द ही इस जगह की उचित रिपेयर मेंटेनेंस करवा दी जाएगी।(अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 00111 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## संगठन चुनाव को लेकर ठियोग में हुई भाजपा की कार्यशाला

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत जिला संगठन चुनाव प्रक्रिया को लेकर महासु जिले की कार्यशाला ठियोग में आयोजित हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता संगठन चुनाव जिला अधिकारी संजय ठाकुर उपस्थित रहे।

कार्यशाला में प्रदेश प्रवक्ता चौपाल के विधायक बलबीर वर्मा, जिलाध्यक्ष अरुण फाल्टा और चुनाव सह-प्रभारी यशपाल शर्मा ने भी संबोधित किया। भारत माता व पितृ पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला को प्रारंभ किया।

प्रदेश सचिव संजय ठाकुर ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी भाजपा में राष्ट्रवादिता के सिद्धांत को लेकर कार्य कर रहे है। आज प्रदेश में 15 लाख 60 हजार से अधिक भाजपा के सदस्य कार्यकर्ताओं की मेहनत से बने हैं। (अनंत ज्ञान)

## शासन और प्रशासन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला ने भारतीय चिंतन में शासन और प्रशासन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत की। इस संगोष्ठी में विद्वानों, शिक्षाविदों और चिंतकों ने भारतीय शासन, प्रशासन और सामाजिक संरचनाओं के दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श के लिए हिस्सा लिया। उद्घाटन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जो अज्ञानता को दूर करने और ज्ञान के प्रति समर्पण का प्रतीक है।



संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. तरुणा ने संगोष्ठी के उद्देश्यों और दायरे पर प्रकाश डालते हुए एक संक्षिप्त अवलोकन प्रस्तुत किया। मुख्य वक्तव्य पद्म भूषण से सम्मानित प्रोफेसर कपिल कपूर द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिन्होंने इस सत्र में वर्चुअल रूप से भाग लिया। प्रोफेसर कपूर, भारतीय बौद्धिक परंपराओं के एक प्रमुख विद्वान, ने भारतीय चिंतन में शासन और प्रशासन से जुड़े दार्शनिक अंतर्दृष्टियों और प्रशासनिक ज्ञान पर चर्चा की और बताया कि किस प्रकार भारतीय दर्शन आज की चुनौतियों को संबोधित करने में प्रासंगिक है।

### आज का पंचांग

8 नवंबर, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** सप्तमी (11:58): **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ (12:03), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** शूल (8:27) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:43-12:26), **राहुकाल** (10:43 -12:04)।

**विशेष दिन**

- 8 नवंबर : अष्टान्हिका पर्व प्रारम्भ।
- 8 नवंबर : सहस्त्रार्जुन जयंती आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग व सान्निध्य प्राप्त होगा।

**वृषभः** आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ है।

**मिथुनः** संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। सांय काल में कोई रुका कार्य पूरा होगा।

**कर्कः** आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा सुखद व लाभदायक रहेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है।

**सिंहः** आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी।

**कन्या :** रोजगार में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। दोपहर बाद मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

**तुलाः** आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है।

**वृश्चिकः** आपके अभी कुछ दिन परेशानियों में बीत सकते हैं लेकिन गणेश भगवान की पूजा-अर्चना आपको संकटों से निकाल सकती है।

**धनु :** विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से धन हाथ लग सकता है।

**मकर :** पारिवारिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी मिलेगा।

**कुंभ :** आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**मीनः** आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में काला दौर लाना चाहती है कांग्रेस : भाजपा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल एवं मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद और अलगाववाद का काला दौर लाना चाहती है।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में धारा 370 और 35ए को फिर से लाने के नेशनल कांफ्रेंस के प्रस्ताव का समर्थन कर कांग्रेस ने देश को तोड़ने का कुचक्र फिर से चल दिया है। प्रस्ताव में कहा गया है-राज्य का स्पेशल स्टेटस और संवैधानिक गारंटियां महत्वपूर्ण हैं। यह जम्मू-कश्मीर की पहचान, कल्चर और लोगों के अधिकारों की सुरक्षा करता है। विधानसभा इसे एक तरफा हटाने पर चिंता व्यक्त करती है। भारत सरकार राज्य के स्पेशल स्टेटस को लेकर यहां के प्रतिनिधियों से बात करे। इसकी संवैधानिक बहाली पर काम किया जाए। विधानसभा इस बात पर जोर देती है कि यह बहाली नेशनल यूनिटी और जम्मू-कश्मीर के लोगों की इच्छाओं, दोनों को ध्यान में रख कर की जाए।



डॉ. राजीव बिंदल व राकेश जम्वाल ।

कांग्रेस बताए कि वह कश्मीर के लिए कैसी संवैधानिक गारंटियां चाहती है। कांग्रेस बताये कि वह कैसे कश्मीर की अलग पहचान बनाना चाहती है और अलग अधिकार देना चाहती है?

बिंदल और जम्वाल ने कहा कि कल विधानसभा में जो भी कुछ हुआ, वह पाकिस्तान और देश विरोधी लोगों को खुश करने के लिए किया गया, जम्मू-कश्मीर की जनता को गुमराह करने के लिए किया गया। ये जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद व अलगाववाद के काले दौर को वापस लाना चाहती है। नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर के लोगों को गुमराह कर रही है। जो लोग पहले धारा 370, 35ए, स्वायत्तता और जमात-ए-इस्लामी के नाम पर लोगों को बेवकूफ बनाने की राजनीति करते थे, वे अब 5 अगस्त 2019 के बाद से स्थापित शांति से परेशान हैं।

## एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत पर किया जाएगा मंथन : प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान, शिमला**

एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत पर विचार किया जाएगा। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कही। हालाकि प्रतिभा सिंह प्रदेश में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभी पद पर बनी रहेगी। ऐसे में अब साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस ने फील्ड वर्क शुरू कर दिया है।



प्रतिभा सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य कांग्रेस को मजबूत करना है। पार्टी संगठन थोड़ा कमजोर नजर आ रहा था, इसलिए हाईकमान को एक ज्वाइंट पत्र लिखकर कार्यकारिणी को भंग करने की सिफारिश की गई थी। ऐसे में अब पिछली कार्यकारिणी को भंग करके प्रदेश में नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। प्रतिभा सिंह ने कहा प्रदेश में अब जल्द ही सीनियर नेताओं से चर्चा करके नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

प्रतिभा सिंह ने कहा एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत को लेकर विचार किया जाएगा।

**हमारी** ताकत और मजबूती के लिए सबसे जरूरी काम है, लोगों में एकता स्थापित करना। -लाल बहादुर शास्त्री

## संपादकीय

# कुश्ती का अखाड़ा

जम्मू-कश्मीर विधानसभा के शीतकालीन सत्र में राजनीति की गर्माहट तेज है। विधानसभा में हर रोज हंगामा हो रहा है। सत्र के चौथे दिन तो विधानसभा कुश्ती का अखाड़ा ही बन गई। आखिर यह हंगामा क्यों बरप रहा है? दरअसल, यह मसला अनुच्छेद 370 और 35ए की बहाली का है। विधानसभा में अनुच्छेद 370 दोबारा लागू करने का प्रस्ताव पास होने के साथ ही यहां सियासत ने नई करवट बदल ली है। इस हंगामे को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। क्या 370 को दोबारा लागू किया जा सकता है? अगर नहीं तो केंद्र शासित प्रदेश की नई सरकार ने विधानसभा में प्रस्ताव क्यों पारित किया? भाजपा दावा कर रही है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है और इसे दोबारा लागू नहीं किया जा सकता है। यह दावा कई मायनों में सही भी प्रतीत होता है। अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच की मुहर लग चुकी है। 11 दिसंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने को वैध बताया था। कोर्ट ने अपने फैसले में कई तथ्यों का उल्लेख किया था, जिससे यह पता चलता है कि विधानसभा में प्रस्ताव पास करने के बाद भी केंद्र शासित प्रदेश को दोबारा लागू करने के लिए केंद्र सरकार और राष्ट्रपति की सहमति की जरूरत पड़ेगी। ऐसा अब राजनीतिक कारणों से संभव नहीं है, भले ही केंद्र में सरकार किसी की हो।


जो पार्टी अब अपनी राजनीतिक शक्ति का उपयोग कर संसद और राष्ट्रपति के जरिए इसे लागू करने की कोशिश करेगी, उसे 80 प्रतिशत बहुसंख्यक हिंदू समुदाय का विरोध झेलना पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 अक्तूबर 1949 में अस्तित्व में आया था, जिसके तहत उसे आंतरिक प्रशासन के लिए स्वायत्तता दी गई थी। जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा में पारित प्रस्ताव के तहत उसे वित्त, रक्षा और संचार के अलावा कानून बनाने का अधिकार था। 5 अगस्त 2019 को केंद्र ने अनुच्छेद 370 को खत्म करने के लिए राष्ट्रपति के अधिकार का सहारा लिया था। कोर्ट ने भी अपने फैसले में माना कि राष्ट्रपति के पास अनुच्छेद 370 में संशोधन करने की एकतरफा शक्ति थी। चूंकि राष्ट्रपति ने भारत का पूरा संविधान जम्मू-कश्मीर में लागू किया है, इसलिए जम्मू-कश्मीर का संविधान निष्क्रिय हो गया है। सुप्रीम मुहर लगने के बाद जम्मू-कश्मीर का संवैधानिक अस्तित्व ही समाप्त हो चुका है। कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर की संप्रभुता के दावे को भी खारिज कर दिया था। इसके साथ ही दो निशान और दो संविधान भी खत्म हो चुके हैं। 2019 में भाजपा सरकार के फैसले के बाद जम्मू-कश्मीर के क्षेत्रीय राजनीतिक दलों नेशनल कान्फ्रेंस, पीडीपी के साथ कांग्रेस और गैर भाजपा दलों ने विरोध जताया था। कांग्रेस ने कोर्ट के फैसले पर भी असहमति जताई थी। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने कहा था कि जिस तरीके से अनुच्छेद 370 को निरस्त किया गया उससे हम असहमत हैं।

इसके बाद कांग्रेस के कई नेताओं ने 370 हटाने का विरोध किया, मगर कभी यह वादा नहीं किया कि वह इसे दोबारा लागू करेगी। कांग्रेस के लिए 370 हटाने का विरोध भाजपा के खिलाफ प्रतीकात्मक वैचारिक लड़ाई के अलावा कुछ नहीं है, इसलिए उसने जम्मू-कश्मीर के घोषणा पत्र में सिर्फ पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा किया। कांग्रेस अपने अल्पसंख्यक वोटरों के लिए इसका विरोध करती रहेगी। नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी के लिए कश्मीर में अपने जनाधार बचाने के लिए राजनीतिक दांव ही है। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 पर बवाल एक जटिल मुद्दा है, जिसमें राजनीतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक पहलू शामिल हैं। इस मुद्दे को शांत करने के लिए समझना आवश्यक है कि अनुच्छेद 370 क्या था और इसका महत्व क्या था। अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देता था, जिससे राज्य को कुछ विशेष अधिकार प्राप्त थे। नेशनल कान्फ्रेंस अनुच्छेद 370 को दोबारा बहाल करना चाहती है, क्योंकि वह मानती है कि इसके निरस्त होने से जम्मू-कश्मीर की स्वायत्तता और पहचान खतरे में पड़ गई है। हालांकि, अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के समर्थकों का तर्क है कि इससे जम्मू-कश्मीर के विकास और भारत में एकीकरण में मदद मिलेगी। वे मानते हैं कि अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर को अलगाववाद और आतंकवाद के लिए जिम्मेदार था। इस मुद्दे पर शांति लाने के लिए राजनीतिक दलों और जम्मू-कश्मीर के लोगों के बीच बातचीत और समझौता आवश्यक है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री

**लालकृष्ण** आडवाणी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री हैं। भारतीय जनता पार्टी को भारतीय राजनीति में एक प्रमुख पार्टी बनाने में उनका योगदान सर्वोपरि कहा जा सकता है। वे कई बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में दो बार (1998 और 1999) केंद्रीय ग्रहमंत्री नियुक्त हुए। आडवाणी ने पार्टी को पुनर्जीवित कर मजबूत बनाने का प्रमुख रूप से उत्तरदायित्व निभाया। 1980 के दशक के आरंभ में भारत के राजनीतिक मानचित्र पर वस्तुत: अस्तित्वहीन यह पार्टी भारत की सबसे मजबूत राजनीतिक शक्तियों में एक रूप में उभरी है। 25 फरवरी, 1965 को 'कमला आडवाणी' को अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया। लालकृष्ण आडवाणी के परिवार की तरह ही कमलाजी का परिवार भी देश के विभाजन के बाद कराची से विस्थापित होकर आया था। कमला जी को भी आम नागरिक की तरह कठिन जीवन जीना पड़ा। उन्होंने लगभग 17 वर्षों तक दिल्ली तथा मुंबई के जनरल पोस्ट ऑफिस में कार्य किया। लालकृष्ण आडवाणी के दो बच्चे हैं एक पुत्र जयंत है और एक पुत्री प्रतिभा दोनों अपना प्रोफेशनल जीवन जी रहे हैं। ■



लालकृष्ण आडवाणी
जन्म : 8 नवंबर, 1927

कविता



### वो घर भाग्यवान है, जहां वृद्ध मां-बाप

*विक्रम कौशल*

*संतति जिनकी न भली, रहें वो परेशान।*
*शीश उनके झुके रहें, चलें न वो उर तान।।*
*वो अंगज किस काम के, करें न भला काम।*
*मां-बाप को दुखी करें, नष्ट करें कुल नाम।।*
*खोट देख संतान में, मां-बाप परेशान।*
*मस्तक उनके झुके रहें, मिटे लोक सम्मान।।*
*आज वृद्ध मां बाप की, होती ऐसी टहल।*
*वो तो वृद्धाश्रम में, आप रहें निज महल।।*
*तिल-तिल जोड़ा उम्रभर, समझे क्या संतान।*
*किसके लिए कष्ट सहे, वालिदैन वेजान।।*
*सुख की वांछा दिन ढला, दग्ध गई यह सांझ।*
*औलाद का न सुख मिला, रहे बांझ के बांझ।।*
*मां-बाप को दुखी करे, कैसी वो संतान।*
*चैन उनको कभी नहीं, कान खोल दें ध्यान।।*
*वृद्ध की टहल जो करें, मिट जाते सब शाप।*
*वो घर भाग्यवान है, जहां वृद्ध मां-बाप।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# स्वास्थ्य सेवाओं के लिए धरातल पर काम करने की जरूरत

स्वास्थ्य सर्वोत्तम धन है यह कहावत हमने अनेक बार सुनी है और यह आवश्यक भी है, क्योंकि मनुष्य अपने शरीर के माध्यम से ही इस दुनिया में अपने अस्तित्व को साबित करने और उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है। एक स्वस्थ मनुष्य स्वयं के साथ-साथ अपने समाज के लिए भी उपयोगी और गुणवत्ता पूर्ण योगदान प्रदान कर सकता है। अत: यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की जाए। वर्तमान समय में यद्यपि विज्ञान और तकनीक का युग है स्वास्थ्य संस्थानों की कोई कमी नहीं है, विशेषज्ञ चिकित्सक और सेवाएं हर अस्पताल में यथासंभव सरकार द्वारा प्रदान की जा रही हैं। सरकार हर कदम पर अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और यह सेवाएं धरातल पर भी परिलक्षित होती नजर आ रही हैं।

विचारणीय विषय यह है कि आज के दौर में बढ़ती हुई जनसंख्या और वर्तमान पर्यावरण और हमारी जीवन शैली और खान पान की पद्धति जिसमें अधिकतर दूषित पानी, रासायनिक उर्वरकों द्वारा उत्पादित अनाज और वातावरण की घट रही गुणवत्ता ने समाज के हर एक व्यक्ति, चाहे वो शिशु हो, किशोर हो या वयस्क अथवा वरिष्ठ जन, सभी के व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाला है। वर्तमान समय में अगर अस्पतालों का रुख करें, तो यह अहसास और अनुभव भी होता है कि लंबी- लंबी कतारों में लगे रोगी चिकित्सकों की क्षमता पर अत्यधिक बोझ हैं, क्योंकि सैकड़ों की संख्या में रोगियों का निर्धारित समय में निदान और उपचार करना एक प्रकार से चिकित्सा व्यवस्था में एक अतिरिक्त बोझ बन कर रह गया है। यद्यपि इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि चिकित्सा व्यवसाय से जुड़े सभी चिकित्सकों की क्षमता में कोई कमी नहीं है वो निरंतर अपनी क्षमता के अनुसार अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करते हैं। गौरतलब यह कि अस्पतालों में लगी लंबी-लंबी कतारें हमें यह सोचने पर बाध्य करतीं हैं कि प्रदेश की अधिकतर आबादी गांवों में निवास करती है और गांवों में चिकित्सा सुविधाएं उस सीमा तक उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि अधिकांश ग्रामीण औषधालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिना चिकित्सकों के ही चल रहे हैं। अत: ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं बहुत अधिक प्रभावित हो रही हैं, जो कि गंभीर चिंता का विषय है। यद्यपि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के माध्यम से स्थानीय स्तर पर कुछ कार्यनीति बनाई गई हैं, परंतु यह सुविधाएं अपर्याप्त हैं, क्योंकि आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उस स्तर तक प्रशिक्षित नहीं होते हैं कि सारा उत्तरदायित्व उन्हें ही सौंपा जाए।



लेखक : विक्रम वर्मा
चंबा, हिप्र

हमारे प्रदेश में हर वर्ष हजारों की संख्या में बच्चे चिकित्सा सेवा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं वो चाहे डाक्टर हों, नर्सिंग सेवा हो या फार्मासिस्ट हों। जो भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं का उत्तरदायित्व संभालेंगे। शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे इन युवाओं को यद्यपि चिकित्सा महाविद्यालयों में पारंगत किया जा रहा है और इसके लिए वे कड़ी मेहनत से तैयारी भी करते हैं। वर्तमान समय में प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रयोगात्मक और प्रत्यक्ष अनुभव भी प्रदान किया जाता है जिससे वे अपने व्यवसाय को व्यवहारिक रूप में समझ और कार्यान्वित कर सकें। अगर सरकार इस व्यवस्था में कुछ और नया जोड़ने का प्रयास करें, तो यह और भी अधिक महत्वपूर्ण और व्यवहारिक साबित हो सकता है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर रोग जानकारी के अभाव में और जागरूकता की कमी के कारण पनप रहे हैं और अधिकतर लोग अस्पताल आने से परहेज करते हैं और यह समझते हैं कि वहां अधिक भीड़ होती है या अधिक खर्चा हो जाता है।

परिणामस्वरूप बहुत से लोग चिकित्सा सुविधा से वंचित रह जाते हैं और अस्पतालों का रुख उस समय करते हैं जब रोग लाइलाज हो जाता है। ऐसी परिस्थितियों में यह आवश्यक हो जाता है कि एक स्वस्थ समाज के लिए प्रत्येक जन का स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक और महत्वपूर्ण है और अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में व्यवहारिक योजनाएं बनाकर उन्हें कार्यान्वित करना चाहिए। अच्छा होगा यदि प्रशिक्षु चिकित्सकों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं को हर गांव, हर घर तक पहुंचाने के लिए इनकी सेवाओं में प्राथमिकता दी जाए कि हर प्रशिक्षु चिकित्सक को प्रायोगिक परीक्षण और अनुभव के लिए गांवों में स्वास्थ्य संबंधी शोध और अध्ययन के लिए प्रेरित किया जाए और आवश्यक जानकारी और जागरूकता का कार्य सौंपा जाए ताकि अधिकाधिक संख्या में लोग लाभान्वित हो सकें। वर्ष में कम से कम चार बार विशेष क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा जागरूकता अभियान और शिविर गांव-गांव में सुनिश्चित किए जाने चाहिए। स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी चिकित्सकों को सप्ताह में कम से कम एक बार क्षेत्र में अर्थात फील्ड में जाना सुनिश्चित करना होगा तभी और वहां की जलवायु और वातावरण की परिस्थितियों के आधार पर रोगों के कारणों और निदान को घर द्वार पर ही सुनिश्चित किया जा सकेगा व उनके व्यवहारिक परिणामों को जांचा जा सकेगा। वर्तमान में संस्थानों से निकलकर धरातल पर कार्य करने की अधिक आवश्यकता है। स्थानीय प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को भी इस अभियान में सम्मिलित कर के उनके उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने चाहिए, ताकि आमतौर पर होने वाले सामान्य रोगों के प्रति जनमानस को जागरूक किया जा सके और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं को घर घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाए। तभी स्वास्थ्य सेवाओं की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।


**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# किसी ने हमें भेंट नहीं किया था थाली में परोसकर कश्मीर

वैसे तो अब 'पत्थरबाजी' इतिहास मात्र की बात रह गई है। तथापि नक्शे पर सबसे ऊपर दिखाई देने वाले ( जैसे भारत का मुकुट हो ) देश के विशिष्ट भाग से बात शुरू की जाए । कश्मीर के 'पत्थरबाज'।

भाग्य की कितनी बड़ी विडंबना है कि ये दुष्ट 'गुमराह' लोग अपने आप में कितने भाग्यवान रहे हैं। ये हमारी भारतीय सेना व अन्य सुरक्षाबलों पर दिल खोलकर पत्थबाजी करते थे और इस कुकृत्य के लिए उनको 'बदमाशीबाज' लोगों से आर्थिक पारिश्रमिक भी मिलता था और नैतिक, राजनीतिक समर्थन भी और पता नहीं, किन विशेष परिस्थितियों व मजबूरी के वशीभूत भारत सरकार व कश्मीर की सरकारें कोई विशेष व ठोस कार्यवाई इन 'पत्थरबाजों' के विरुद्ध नहीं कर पाई अतीत में? हमारे देश में एक और विशिष्ट मंडली है, 'अफवाहबाज' और 'दंगाबाजों' की। इनको भी बहुत हद तक प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कुछ दुष्टों का राजनीतिक संरक्षण व शह उपलब्ध रहती रही है। फिर साधारण जनता बेचारी तो क्या ही करें? 'बयानबाज' व 'गप्पबाज' किस्म के लोग भी हमारे समाज में बहुतायत में पाए जाते हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के एक 'कुख्यात' नेता ने कुछ वर्ष पूर्व ही एक भयंकर और सर्वथा निंदनीय बयान दे मारा था।



लेखक : मुमुक्षु के. ठाकुर
मतियारा, मसरूंड, चंबा

उसका कहना था कि 'अगर कश्मीर के लोग हमारे साथ रहना ही नहीं चाहते, तो क्यों बेकार में शोर मचा रखा है, दे दो उनको कश्मीर!' महानगर दिल्ली में रहकर आधुनिकतम सुख-सुविधाओं के मजे और मौज लेने वाले उस महामूर्ख 'बयानबाज' से ये जरूर ही पूछा जाए कि क्या उसे मालूम है कश्मीर भारत को मिला कैसे था? किसी ने थाली में परोसकर कश्मीर हमें भेंट नहीं किया था। ऐसी देश-द्रोही बयानबाजी से लोग बाज क्यों नहीं आते? अस्तु। आप लोग 'दवाईबाज', 'निजी पढ़ाईबाज', 'कलाबाज', 'अफवाहबाज', 'शेखीबाज', 'पार्टीबाज', 'जंगबाज', 'घोटालेबाज', 'नशेबाज' जैसों से भी भली-भांति परिचित ही हैं।

उनकी बात फिर कभी। अलबत्ता सबसे खतरनाक लोग तो मुझे 'हंसीबाज' मालूम पड़ते हैं। ये बातें तो हर बार बत्तीसी दिखा-दिखा कर ही करते हैं, लेकिन इन्हें बहुत ही छोटा-सा कोई कार्य करने को कहा जाए, तो गिरगिट भी इनके आगे पानी भरता महसूस होता है। ये हंसते गप्पबाज आपके लिए जान देने को तो तैयार रहते हैं, लेकिन आपको एक सौ रुपए का नोट नहीं दे सकते।

दरअसल इनकी घोषणाओं में शर्तें लाग वाला नियम निहित रहता है। स्पष्ट रूप से नजर आने वाले 'दगाबाज' व 'धोखेबाज' इन 'हंसीबाज' लोगों से कहीं बेहतर दिखलाई पड़ते हैं और होते हैं हम जैसे 'लेखनबाज' भी। जिनके पास कहने-बताने को कुछ हो या नहीं, लेकिन बस कुछ न कुछ कहने के लिए लिखते रहते हैं। ठीक भी है। जब सारी दुनिया ही बीसियों प्रकार के करोड़ों 'बाजों' से भरी पड़ी है, तो हम 'लेखनबाज' ही क्यों बाज आएं अपनी हरकतों से?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


## अपनी बात

**कोई** भी गांठ जो तेजी से बड़ी हो रही है वह कैंसर हो सकता है, उसे हमें डॉक्टरी सलाह से निदान करना पड़ता है। कोई भी जख्म भर नहीं रहे है उसमें कैंसर होने की संभावना होती है। इस डॉक्टरी जांच और सलाह लेना बहुत जरूरी है। किसी व्यक्ति हो महीनों से खासी आह रही हो और उसमें खून आ रहा हो तो, इसके साथ ही साथ अगर व्यक्ति का वजन घटता जा रहा है और आवाज में बदलाव है तो शायद से उस व्यक्ति हो फेफड़ों की कैंसर होने के लक्षण है। अगर किसी को पेट में बहुत ज्यादा दर्द हो रहा है, उसके साथ हो गया है और वजन भी कम हो रहा है तो यह भी एक लक्षण है। अगर पेशाब में से खून जा रहा है और दर्द नहीं हो रहा है तो यह कैंसर का लक्षण है। **त्रिलोक नाथ, मटौर**

# प्राकृतिक सौंदर्यता का खजाना धारो की धार गत्ताधार

जिस प्रदेश को देवभूमि के साथ पर्यटन का प्रदेश भी कहा जाता है, उस हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सरकारों ने भी दशकों से प्रयास किए हैं, जिनके बदोलत पर्यटन के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश की पहचान देश दुनिया में विकसित हुई है। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं क्षेत्रों में अनेक रमणीक स्थल एवं पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता एवं बर्फ से ढकी पहाड़ियां मानों चार चांद लगा रही हो, इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम जिला सिरमौर के रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र का (गताधार) एक ऐसा प्रसिद्ध एवं रमणीक स्थल जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध माना जाता है, जिस क्षेत्र में देवदार के घने जंगल एवं बर्फ से ढकी पहाड़ियां मानों अपनी सुंदरता विखेर रहीं हों, तो वहीं वातानुकूलित मौसम पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा हो, आजकल की भागदौड़ की दौड़ में अगर आप सच्चा सुकून प्राप्त करना चाहते हो, तो कभी आईए एक बार देखकर यहां की सुंदरता मुझे लगता है आप आएंगे बार बार, घने देवदार के वृक्ष से घिरी हुई यह धार आपके मन को खुशी से भर देगी अपरंपार।

इस क्षेत्र में वर्तमान में सड़क सुविधा भी उपलब्ध हैं, जहां वाहनों का आवागमन रहता है, तो वहीं स्थानीय क्षेत्र के बुद्धिजीवियों युवाओं एवं क्षेत्र के लोगों द्वारा इस क्षेत्र को पर्यटन के क्षेत्र विकसित करने के लिए ठहरने की उचित व्यवस्था भी कर रहे हैं, ताकि पर्यटकों को कोई असुविधा न हो, जानकारी अनुसार इस क्षेत्र में एक प्रसिद्ध शिरगुल महाराज का प्राचीन मंदिर भी विराजमान हैं, जिस मंदिर की मान्यता क्षेत्र में बहुत अधिक मानी जाती है, कहां जाता है कि इस मंदिर में पूजा करने के समय खुद ही वाद्ययंत्र बजने शुरू होते थे और एक जगह पर इतनी गहरी गुफा मानीं जातीं हैं जहां कुछ भी वस्तु रखने से मानों अजीबोगरीब आवाज एवं पाताल लोक तक की ध्वनि सुनने का आभास होता था, इस प्रकार धारों की धार गत्ताधार एक ऐसा खास क्षेत्र माना जाता है, जहां पर्यटन के क्षेत्र में सरकार एवं संबंधित विभाग प्रयास करती है तो निसंदेह यह क्षेत्र भविष्य में अपनी अलग पहचान देश दुनिया में विकसित कर सकता है, तो वहीं इस लेखन के माध्यम से हिमाचल प्रदेश सरकार को कोशिश करनी चाहिए कि पर्यटन विभाग के आलाधिकारी ऐसे खास क्षेत्र का दौरा करें और अपनी राय सरकार तक पहुंचाने का प्रयास करें, ताकि भविष्य में प्रदेश सरकार इस क्षेत्र को पर्यटन के क्षेत्र विकसित करने के लिए सकारात्मक कदम उठाए, तो वहीं हम सभी ऐसे खास क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता की जानकारी मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचाने का प्रयास करते रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इस प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकें।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

जिला सिरमौर प्राकृतिक सुंदरता एवं धार्मिक स्थलों के लिए देशभर में प्रसिद्ध माना जाता है, जहां धारों की धार गत्ताधार जैसे क्षेत्रों को विकसित करने से स्थानीय लोगों को रोजगार एवं क्षेत्र की पहचान देश-भर में स्थापित हो सकती है, तो वहीं अगर सरकार इस और विशेष ध्यान आकर्षित करती है तो सरकार के खजाने को भी पर्यटन की दृष्टि से आर्थिक सहायता मिल सकती है। इस क्षेत्र के लोग बहुत ही मेहनती एवं सौम्य स्वभाव के मानें जाते हैं, जो अपनी सादगी एवं कड़ी मेहनत के लिए जाने जाते हैं, तो वहीं दूसरी ओर इस क्षेत्र के बुद्धिजीवियों एवं जागरूक युवाओं ने हाल ही में जिला सिरमौर ही नहीं प्रदेशभर में शायद पहली ऐसी पहल की शुरुआत की है जिसकी प्रदेशभर में भूरी-भूरी प्रशंसा और सहयोग मिल रहा है, इसी गताधार क्षेत्र के लोगों द्वारा इसी नवंबर माह में के अंत में एक ऐसा ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित करवाया जा रहा है जिसमें जिला सिरमौर के विभिन्न क्षेत्रों में जिन्होंने अपनी काबिलियत और हुनर का लोहा देश दुनिया में मनवाया है।

उन सैकड़ों महान हस्तियों को सम्मानित करने का फैसला लिया गया है, जिसमें अभी तक लगभग 111 खास व्यक्तित्व की सूची फाइनल की गई है, इसी सम्मान समारोह के परिप्रेक्ष्य में इस गताधार क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का भी प्रयास किया जाएगा, जिसकी रूपरेखा इसी गांव के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं चिंतक डॉ. बलवीर शर्मा जी ने मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करने का प्रयास किया है, और उम्मीद करते हैं कि यह कार्यक्रम निसंदेह क्षेत्र के लिए भविष्य में मील का पत्थर साबित हो सकता है अगर इस और सरकार, प्रशासन और स्थानीय जनता अपना भरपूर सहयोग प्रदान करतीं हैं तो, इसलिए आज हम सभी युवाओं एवं समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम ऐसे आयोजनों के लिए किसी न किसी रूप से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने एवं सफल बनाने में योगदान करते रहे, ताकि भविष्य में जिला सिरमौर के हरेक प्राकृतिक सुंदरता से भरें क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जाएं, और समय-समय पर हम प्रदेश सरकार एवं संबंधित विभाग को जानकारी साझा करने का प्रयास करें। इसी परिप्रेक्ष्य में स्थानीय विधायक एवं विधानसभा उपाध्यक्ष श्री विनय कुमार से भी निवेदन एवं आग्रह रहेगा कि वह भी अपने विधानसभा क्षेत्र के इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने में सरकार से निवेदन एवं अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास करें, तो वहीं जिला सिरमौर से ही संबंधित उधोग एवं संसदीय कार्य मंत्री हिमाचल प्रदेश ठाकुर हर्षवर्धन चौहान से भी निवेदन रहेगा कि वह भी इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने एवं माननीय मुख्यमंत्री से विकसित करने का प्रयास करें, ताकि भविष्य में इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर एवं गताधार की पहचान एक पर्यटन के रूप में विकसित हो सकें, ऐसी उम्मीद एवं विश्वास करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गरीब लोग गरीब जरूर होते हैं, लेकिन कभी भेदभाव नहीं करते

नजरिया अपना-अपना होता है एक कहानी कहीं पढ़ी थी कि एक मालकिन अपने बेटे की शादी के लिए खरीददारी कर रही थी। उसने दुकानदार को कहा कि सबसे घटिया व सस्ती साड़ी बताओ यह साड़ी बेटे की शादी पर अपनी नौकरानी को देनी है। कुछ देर बाद उसी दुकान में वही नौकरानी कपड़े लेने आती है और कहती है मुझे सबसे महंगा कोट पेंट दिखाओ मैंने मालिक के बेटे को शादी की गिफ्ट देनी है। दुकानदार ने सबसे महंगा कोट पेंट दे दिया और शादी के दिन भेंट किया यह देखकर मालकिन के होश उड़ गए सोचने लगी कि मैंने जिसके लिए सबसे सस्ती व घटिया साड़ी ली, उसी नौकरानी ने मेरे बेटे के लिए महंगा कोट पेंट दिया, उसे अपनी सोच पर आत्मग्लानि हुई और उसने उसी वक्त महंगा सूट मंगवा कर नौकरानी को गिफ्ट दिया।

गरीब लोग गरीब जरूर होते हैं, लेकिन कभी भेदभाव नहीं करते दिल के साफ होते हैं। मालकिन को एक सबक मिल गया कि उसकी सोच कितनी गिरी हुई है, इस घटना से उसका परिवर्तन हो गया कि सोच हमेशा ऊंची होनी चाहिए। समाज में ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। हैसियत देखकर ही गिफ्ट दिए जाते हैं। जीवन सार्थक हो जाएगा मददगार बनिए आधुनिक मानव पैसों से बैंक के खातों को तो भर रहा है, मगर उपर का खाता खाली है इसलिए प्रत्येक साधन-संपन्न मानव को लाचार व गरीब लोगों को दान पुण्य करना चाहिए। मानव को एकजुट होकर हर मानव का काम करना चाहिए, कहते है कि एकता में बड़ा बल होता है। प्रत्येक मानव को पता है कि एक दिन सबको मौत आनी है, तो फिर मानव क्यों नहीं समझ रहा है। मानव जब कोई चीज बनाता है, तो वह उसकी गारंटी तय करता है, मगर उसकी अपनी कोई गारंटी नहीं है कि कब प्राण निकल जाएं।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

रात दिन अवैध तरीकों से जायदाद जोड़ रहा है, मगर किसके लिए आज तक कोई उठा कर नहीं लेकर गया तो फिर यह मोह माया क्यों है। मानव जीवन एक बार ही मिलता है बार-बार नहीं मिलता। मानव को नीच कर्मों को छोड़ देना चाहिए, अच्छे कर्म करने चाहिए। ईश्वर की चक्की पाप और पापी को पीस के रख देती है। मानवता आज मर चुकी है चारों तरफ अंधेर मचा हुआ है। आधुनिक समाज का मानव आज दानवों से भी घिनौने कर्म कर रहा है। ऐसे कर्म करती बार वह न तो दुनिया से डरता है और न ही भगवान से डरता है मगर कहते हैं। ईश्वर की चक्की जब चलती है तो वह पाप और पापी को पिस के रख देती है। यह एक शाश्वत सत्य है। जब ईश्वर की लाठी पड़ती है तो उसमें आवाज नहीं होती।

मानव को उसके बुरे कर्मों की सजा जरूर मिलती है। भगवान के घर देर जरूर है मगर अंधेर नहीं है। मानव आज दानवों की श्रेणी में आता जा रहा है। मंदिरों में कुकृत्य कर रहा है ऐसे कर्मों से वसूंधरा कांप रही है। एक दूसरे को नीचा दिखा रहे है। चंद कागज के टुकड़ों व सोने के सिक्कों के कारण आज मानव इतना अभिमान करता है कि दूसरे आदमी का अनादर करने में गर्व महसूस करता है। मगर पैसा तो एक वेश्या के पास भी होता है।

वक्त का पहिया जब घूमता है तो कंगाल होने में देर नहीं लगती। मानव झूठ-फरेब करके अमीरी का लबादा पहन रहा है, मगर झूठ के पांव नहीं होते। कभी न कभी झूठ लड़खड़ा सकता है मगर जो सच्चाई के पथ पर चलता है उसका बाल तक बांका नहीं होता तभी तो कहते है कि सांच को आंच नहीं आती। राजा को रंक बनने में एक पल भी नहीं लगता। आज ईमानदार लोगों की कद्र नहीं है, जबकि बेइमानों को पूजा जा रहा है, मगर यह सर्वमान्य है कि हमेशा ईमानदारी की जीत हुई है बेईमानी औंधे मुंह गिरी है। बेइमानी की सदा हार हुई है। मानव आज मानव से भेदभाव करते हैं। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी। जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मगर आधुनिक इंसान फितरती होता जा रहा है। सुख में तो सभी साथ रहते हैं। दु:ख में भी साथ दे ,तो मानव का दु:ख हल्का हो जाता है, यही मानवता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना कॉलेज में धूमधाम से मनाया झंडा दिवस



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना की रोवर रेंजर यूनिट द्वारा झंडा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में भारत स्काउट एंड गाइड का ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्यात बच्चों ने झंडा गीत गया। इसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में शिल्पा सोढी ने प्रथम, रोहित ने दूसरा एवं आंचल ने तीसरा स्थान हासिल किया।इसी के साथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में देवदार टीम ने प्रथम, रेड वुड ने दूसरा एवं बुरांश टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्यातिथि ने विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा बच्चों को इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रुचि शर्मा, डॉ. भगवानदास एवं प्रो. परवीन सैनी ने निभाई। इस अवसर पर 50 रोवर रेंजर्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. शाम सिंह बैंस तथा डॉ. रंजू बनोटा के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर प्रो. मनजीत सिंह मान, डॉ. विपुल गौतम एवं अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा किए सम्मानित



**विवेक शर्मा, अंब।** नगर पंचायत अंब की अध्यक्ष इंदु धीमान, उपाध्यक्ष उपदेश कुमार, पार्षद अंजलि सूद, पार्षद कुलदीप सिंह, पार्षद नरेश कुमारी व पार्षद अर्चना कुमारी ने अंब के वार्ड दो के साहिल पंडित पुत्र राजेश शर्मा व वार्ड एक के वरुण शर्मा पुत्र राजीव कुमार के घर पहुंच युवाओं की उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। बीते महीने अंब के युवा गायक साहिल पंडित ने विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया, तो वहीं युवा मुक्केबाज वरुण शर्मा ने प्रदेश स्तरीय मुक्केबाजर प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। अब दोनों युवा प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम आने के बाद राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। नगर पंचायत की टीम ने युवाओं को बधाई के साथ-साथ आने वाली राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर जहां वरुण ने कहा कि उनका लक्ष्य ओलंपिक में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है तो वहीं साहिल पंडित ने कहा कि उनका सपना उनके गुरु प्रोफेसर परम हंस आहुजा, अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम अपने गायन द्वारा रोशन करना चाहते हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि वह आने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी अपनी कला का लोहा मनवाएंगे और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

### भटोली कॉलेज ने बंगाणा कॉलेज को हराया




**अनंत ज्ञान, ऊना।** इंटर कॉलेज टी 20 प्रतियोगिता के तहत वीरवार को एसबीएसडी कॉलेज भटोली और गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज बंगाणा के मध्य मुकाबला हुआ। बंगाणा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 98 रन बनाए। पी शर्मा ने 21 रन, कुशल ले 16 रन बनाए, साहिल ने 13 रन बनाए। भटोली के गेंदबाज एस प्रभाकर ने दो विकेट प्राप्त किए, राहुल ने 1 विकेट प्राप्त किया, युवराज ठाकुर ने दो विकेट हासिल किए। अंशित ने 3 विकेट प्राप्त किए। वंश रायजादा ने दो विकेट लेने में सफलता प्राप्त की। युवराज ठाकुर ने 31 रन बनाए, वंश ने 30 रन बनाए। सनी शर्मा ने 5 विकेट प्राप्त, साहिल और कुशल ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। भटोली की टीम ने अपना लक्ष्य 12.4 ओवर में प्राप्त कर लिया और शानदार जीत दर्ज करवाई। टीम के कोच श्याम राणा ने खिलाड़ियों को जीत के लिए बधाई दी।

### डीडीएम स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल मेला



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान डीडीएम इंटरनेशनल स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। प्रस्तुत कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा , उपप्रधानाचार्य डॉ. सौरभ शर्मा, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे । इस मौके स्कूल के प्रत्येक बच्चे ने अलग अलग रचनात्मक चीजों की प्रदर्शनी लगाई जिसे देखकर स्कूल प्रबंधन समिति ने बच्चों की खूब प्रशंसा की। प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ इन क्रियाओं में भी आगे आने के लिए प्रेरित किया।


### प्रश्नोत्तरी में अरमान और विनायक की जोड़ी प्रथम



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** हंस फाउंडेशन द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अरमान और विनायक की जोड़ी ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी सूझ-बूझ और ज्ञान का परिचय दिया। आस्था व सोनाक्षी की जोड़ी द्वितीय, सक्षम व रोहिन की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर फाउंडेशन के ब्लॉक कॉर्डिनेटर किरण पंवर और कम्युनिटी ऑर्गनाइजर निवेश, ईशु, तमन्ना और मलिका ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और छात्रों को जंगलों को आग से बचाने और पौधरोपण के महत्व पर जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यालय के मुख्याध्यापक सुधीर गौतम, एसएमसी प्रधान विकास भारद्वाज और मुख्य शिक्षिका मधु शर्मा ने भी भाग लिया और अपने विचार साझा किए। उन्होंने फाउंडेशन द्वारा की गई इस पहल के प्रति आभार व्यक्त किया और छात्रों को प्रेरणा देते हुए कहा कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझना चाहिए और अपनी भागीदारी को गंभीरता से निभाना चाहिए।

# ब्राह्मणों को वर्णियां प्रदान करने के साथ शुरू हुआ पंच भीष्म पर्व

## डेरा बाबा रुद्रु नारी ऊना में नौ दिवसीय महापर्व के शुभारंभ पर उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु





डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में पंच भीष्म महापर्व के शुभारंभ पर विद्वान पंडितों को वर्णियां प्रदान करते महाराज जी के शिष्य, (दाएं) डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम नारी बसाल में पंच भीष्म महापर्व के शुभारंभ पर पहुंचे श्रद्धालु।

**राजेश शर्मा, ऊना**

विश्व विख्यात डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम नारी बसाल में नौ दिवसीय महापर्व वीरवार से शुरू हो गया, जो कि 15 नवंबर तक चलेगा। यह पर्व आदि गुरु योगीराज श्री रुद्र नंद जी महाराज की कृपा से हर वर्ष कोटि गायत्री महायज्ञ के साथ संपन्न होता है। यह पंचभीष्म पावन पर्व इस वर्ष भी प्रकांड विद्वानों की देखरेख में यज्ञ अधिष्ठाता तपो मूर्ति श्री श्री 1008 वेदांताचार्य सुग्रीवानंद जी महाराज के आशीर्वाद से मनाया जा रहा है। यह पर्व कार्तिक मास की पूर्णिमा तक मनाया जाता है।

यज्ञ का शुभारंभ भगवान विष्णु जी की पूजा एवं पूरे विधान के साथ हुआ। इस अवसर पर डेरे में कई विद्वान मंत्रोच्चारण कर रहे थे और इस अनुष्ठान का विधिवत आगाज कर रहे थे। सैकड़ों की संख्या में लोग डेरे में पहुंचे हुए थे। बताया जाता है कि इस दिन सन 1864 योगीराज श्री रुद्र नंद जी महाराज द्वारा सदा व्रत लंगर की स्थापना की गई थी। यह अटूट लंगर तब से आज तक निर्वात चलता आ रहा है। इस दिन खिचड़ी और मक्की का भोग लगाया जाता है। इस पावन स्थल पर बाबा जी ने 1850 में अखंड धूने की स्थापना की थी। इस अखंड धूने पर इन नौ दिनों में लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचकर माथा टेकते हैं।

करीब 174 वर्षों से इस तपोस्थली पर अखंड धूने की विभूति इतनी शक्तिशाली हो चुकी है कि इसका सेवन करने भर से सबके दुख दूर होते हैं। इस स्थान पर एक संत महाराज तथा उनके चार शिष्यों ने जीवित समाधि ले ली थी, उसी स्थल पर ही 5 पीपल हैं, जिनकी परिक्रमा करने से दिमाग के रोगी और सर्प दंश के रोगी ठीक हो जाते हैं, ऐसी मान्यता है। आश्रम में प्राचीन काल से संस्कृत महाविद्यालय चल रहा है, जिसमें ब्राह्मण विद्यार्थियों को वेद मंत्रों का ज्ञान दिया जाता है। वर्तमान में सुबह शाम ये विद्यार्थी डेरे में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती करते हैं। इस संस्कृत संस्थान की स्थापना 1905 में श्री श्री 1008 परमानंद जी महाराज ने की थी। वर्तमान में इस आश्रम के अधिष्ठाता और तपो मूर्ति सुग्रीवानंद महाराज ने भी 1952 में यहां दीक्षा ली थी।

आश्रम का एक ट्रस्ट भी है, जो महाराज की देखरेख में कार्य को चला रहा है। इस ट्रस्ट के सचिव राजेंद्र भारद्वाज ने बताया महाराज श्री और उनके परम शिष्य हेमानंद जी ने ब्राह्मणों को वर्णियां प्रदान कीं।

इसके बाद ब्राह्मण कोटी गायत्री जप के लिए बैठ गए। इन ब्राह्मणों द्वारा विश्व शांति के लिए कोटी गायत्री महायज्ञ किया जाएगा। अब दो दिन बाद अरणी मंथन महाराज श्री के सानिध्य में किया जाएगा। पूर्ण आहुति 15 नवंबर को होगी, तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु पावन धूने पर माथा टेकने के बाद महाराज श्री के दर्शन करेंगे। इस पावन तीर्थ पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था है। बता दें कि मान्यता है कि डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में पंचभीष्म पर्व मनाने के पीछे प्रमुख कारण 1864 में इस क्षेत्र में वर्षा न होने के कारण घोर अकाल पड़ गया।

क्षेत्र में हाहाकार मच गया। क्षेत्र के लोग इकट्ठे होकर बाबा रुद्र नंद जी के पास पहुंचे और उनसे ऐसा यज्ञ करने के लिए कहा जिससे उनका संकट टल सके। महाराज जी ने लोगों की इच्छा अनुसार प्रार्थना की और थोड़ी ही देर में चमत्कारिक रूप से वर्षा हो गई, इसके बाद अकाल समाप्त हो गया। इसके 3 दिन बाद ही पंच भीष्म का पर्व था। उस दिन ही 1864 में बाबा जी ने अटूट सदाव्रत लंगर की स्थापना आश्रम में कर दी, तब से ही यह अटूट लंगर चला आ रहा है। इसके बाद यहां महापर्व मनाया जाने लगा। यह पर्व भीष्म पितामह की पांचली हुई प्रतिज्ञा से जुड़ा हुआ है। इस दिन उसी याद में पंच भीष्म से 5 दिन पहले लोग आंबला के पेड़ के नीचे दीप जलाकर अपने मन रूपी अंधकार को मिटाने की प्रतिज्ञा करते हैं। यही कारण है विजय पर्व इस पवित्र स्थान पर मनाया जाता है।

इस दिन विशेष रूप से खिचड़ी और नई मक्की की फसल की रोटी का भोग लगाया जाता है। लंगर में हजारों लोग यह प्रसाद ग्रहण करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस पार्टी के सभी यूनिटों को भंग करना स्वागत योग्य कदम : जगत राम शर्मा



**ऊना।** राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव कामरेड जगत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश पर हिमाचल कांग्रेस की प्रधान प्रतिभा सिंह ने कांग्रेस पार्टी के सभी यूनिटों को भंग करके अति सराहनीय व स्वागत योग कदम उठाया है।

उन्होंने सुझाव दिया कि अब कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए अनुभवी, पुराने, प्रगतिशील, कांग्रेस और उसकी विचारधारा के कर्मठ कार्यकर्ताओं को लेना चाहिए। मैं और मेरी खत्म करके हम और हमारी नीति को अपनाएं। अगर हो सकता है तो संगठन में वरिष्ठ पदों पर बैठने वालों का साक्षात्कार लिया जाए। प्रदेश में ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक बनने वाली कमेटियों में इंटक को तरजीह दी जाए। इंटक के साथ कांग्रेस के दूसरे फ्रंटल संगठनों को भी जोड़ा जाए।

### चोरों ने बोटा गांव में दो दुकानों के ताले तोड़कर नकदी पर किया हाथ साफ

**सनी पुरी, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के अंबोटा गांव में मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित दो दुकानों के बुधवार-वीरवार मध्यरात्रि ताले तोड़कर शातिर चोरों ने दहशत फैला दी है। हैरानी की बात यह है कि शातिर चोरों ने दुकानों के ताले तोड़ने के बाद अंदर पड़े सामान की चोरी नहीं की बल्कि गल्लों में पड़ी चिल्लर पर ही हाथ साफ किया। इस दौरान शातिर चोर दोनों दुकानों से करीब छह हजार रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर गए। घटना की जानकारी मिलते ही गगरेट पुलिस ने मौका पर पहुंच कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंबोटा के सामने स्थित मनोहर दी हट्टी व पप्पू दी हट्टी बुधवार-वीरवार मध्य रात्रि शातिर चोरों के निशाने पर रहीं। मनोहर दी हट्टी अंबोटा के प्रमुख किराना व्यवसायी हैं तो पप्पू दी हट्टी पर कंपेक्शनरी संबंधी सामान मिलता है। दोनों की दुकानदारों के अनुसार वीरवार सुबह जब वे दुकानें खोलने पहुंचे तो शटर के ताले टूट देखकर दंग रह गए।

दुकानदार भी इस बात से दंग हैं कि शातिर चोरों ने अंदर पड़े सामान को हाथ नहीं लगाया बल्कि गल्ले खोलकर अंदर रखी चिल्लर पर ही हाथ साफ किया। दोनों दुकानदारों की करीब छह हजार रुपए की चिल्लर शातिर चोर उड़ा ले गए। दुकानदारों ने इस चोरी को लेकर एक स्थानीय युवक पर भी शक जाहिर किया है। इसके बाद गगरेट पुलिस चोरी की इस वारदात को सुलझाने के लिए जुट गई है। फिलहाल पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी है। (अनंत ज्ञान)

### वशिष्ट पब्लिक स्कूल के 20 छात्र राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित



वीपीएस के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुने गए छात्र, प्रशिक्षक और प्रबंधकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेशभर में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं हुईं। विभिन्न जिलों से जीते हुए बच्चे प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयनित हुए। इन प्रतियोगिताओं में ऊना में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में वशिष्ट पब्लिक स्कूल के लगभग 30 बच्चों ने अलग-अलग खेलों में अलग-अलग मेडल जीते। इन 30 में से 20 बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयनित हुए। हिमाचल प्रदेश में किसी एक स्कूल से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए बच्चों का यह है सबसे बड़ा नंबर है। स्कूल इस बात पर गर्व करता है कि उसके 20 बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए खेलने जा रहे हैं। इसके लिए अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वशिष्ट पब्लिक स्कूल इन सब बच्चों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अव्वल आने की शुभकामनाएं देता है।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वास्तिक शर्मा, हर्षदीप, बास्केटबाल प्रतियोगिता में समृद्धि, पायल, सहज, दिव्यांश, सक्षम सिंह, अंशुमान सैनी, बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रुद्राक्ष, चेस प्रतियोगिता में आयुष रायजादा, शाश्वत जसवाल, कबड्डी प्रतियोगिता में सुमित डढवाल, एथलेटिक प्रतियोगिता में श्रियांशी चौधरी, उज्ज्वल शर्मा, अंशिका, रेसलिंग प्रतियोगिता में हरजिंदर सिंह अटवाल, मंशा शर्मा, युगांश, शूटिंग प्रतियोगिता में गुरदीप सिंह, जिया सभी छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि वशिष्ट पब्लिक स्कूल के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी अपना तथा स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने इस उपलब्धि के लिए विजेता रहे छात्रों तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी।

### समिति सदस्य ने उठाई लठियाणी गांव की समस्याएं

**विनोद शर्मा, लठियानी**

पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव ने कहा कि लठियाणी, तनोह एवं अन्य इलाकों में कई प्रकार की समस्याएं हैं। लठियानी के गोविंद सागर झील, (घाट) में आने-जाने लोगों की सुविधा के लिए समयसारिणी और किराये की जानकारी के लिए एक सूचना पट्ट लगाया जाए तो लोगों को बहुत सुविधा होगी।

यहां पर दूसरे जिलों से भी काफी लोग घूमने के लिए आते हैं, अगर घूमने के लिए कुछ छोटे-छोटे रूट दिए जाएं तो बेरोजगारों को रोजगार मिलने की संभावना है। गोबिंदसागर के पास सड़क की भी बहुत ही नाजुक हालत में है। सड़क पर लोगों को पैदल चलना भी बहुत मुश्किल है। लठियानी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक व अन्य कर्मचारियों

#### खाली पदों को भरने की भी आई मांग

के पद रिक्त होने की वजह से उपचार करवाने आए बीमार व्यक्तियों को बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

स्वास्थ्य केंद्र में कम बेड हैं। उन्हें बढ़कर 10 बेडों का प्रावधान बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य केंद्र की सड़क का भी सही ढंग से सौंदर्यीकरण यिा जाए। इससे कई पंचायत को स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा। सासन, कैहलवीं, हेरू व लठियानी क्षेत्र में रैन बसेरा की बहुत ही आवश्यकता है। लठियानी पंचायत में नालियों की साफ-सफाई एवं शौचालय की बहुत ही आवश्यकता है। राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में शिक्षकों की कमी को पूरा किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### कुटलैहड़ भाजपा को कृष्ण पॉल के त्याग पत्र के रूप में लगातार तीसरा झटका

#### सुक्खू सरकार कुटलैहड़ भाजपा को नहीं आ रही रास, 22 माह में दो चुनाव हारे और अब उपाध्यक्ष पद से त्याग पत्र

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा को बीते 22 महीनों में झटके पर झटका लग रहा है और अब नया झटका जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पॉल शर्मा ने उपाध्यक्ष पद से त्याग पत्र देकर दिया है। ज्ञात रहे 1993 से 2017 तक कुटलैहड़ विस क्षेत्र लगातार भाजपा की पकड़ में रहा है और कुटलैहड़ भाजपा मंडल की कामयाबी के कसीदे पूरा प्रदेश पड़ता था, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनावी कुटलैहड़ भाजपा को साढ़े सात हजार से हार के रूप में पहला झटका लगा था। अभी तक कुटलैहड़ भाजपा अपनी हार को भूली नहीं थी कि 14 माह बाद उपचुनाव हुआ।



इसमें भाजपा को साढ़े पांच हजार से दूसरा झटका हार के रूप में मिला। अभी तक कुटलैहड़ भाजपा हार का मंथन भी नहीं कर पाई है और पांच माह के बाद कृष्ण पॉल शर्मा ने जिला पार्षद उपाध्यक्ष पद से त्याग पत्र देकर तीसरा झटका दे दिया है। सुक्खू सरकार के 22 माह के कार्यकाल में कुटलैहड़ विस क्षेत्र को यह तीसरा सबसे बड़ा झटका है और तीनों भाजपा नेता चाहे पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर हों या फिर पूर्व विधायक और भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो हों या फिर पूर्व जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पॉल शर्मा हो, यदि कुटलैहड़ भाजपा को झटके पर झटका लगता रहा तो मिशन 2027 पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहा है।

ज्ञात रहे कभी कुटलैहड़ की यह भाजपा की तिकड़ी वीरेंद्र कंवर, देवेंद्र कुमार भुट्टो और कृष्ण पॉल शर्मा भाजपा के बैनर तले इकट्ठे काम करते थे और 1990 से लेकर 2015 तक भाजपा की तिकड़ी इकट्ठी रही, लेकिन किसी कारणवश 2015 में भुट्टो ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया। फिर वीरेंद्र कंवर और कृष्ण पॉल शर्मा इकट्ठे रहे, लेकिन राज्य में सुक्खू सरकार बनने के बाद कुटलैहड़ भाजपा को नजर लग गई। 22 माह में कुटलैहड़ भाजपा को लगातार तीन झटके लग चुके हैं।

हालांकि कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा द्वारा कुटलैहड़ भाजपा को मजबूत करने और मजबूती से मिशन 2027 को फतह करने की बात की जा रही है, लेकिन कुटलैहड़ भाजपा में अब सब कुछ ठीक नजर नहीं आ रहा है। कहीं न कहीं कुटलैहड़ भाजपा में अब गुटबाजी सामने आने लगी है, जिसका उदाहरण जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पॉल शर्मा का उपाध्यक्ष पद से त्याग पत्र दिखाई दे रहा है। जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पॉल शर्मा को पद से त्याग पत्र देना पड़ा है।

हालांकि कृष्ण पॉल शर्मा अपने पद से त्याग पत्र को अपनी निजी राय बताकर और पारिवारिक कारणों का हवाला देकर मीडिया से बचते नजर आएं है। कृष्ण पॉल शर्मा ने क्या पार्टी दबाव के चलते यह फैसला लिया है या फिर कोई अन्य कारण है। यह केवल कृष्ण पॉल शर्मा ही जानते हैं, लेकिन कुटलैहड़ भाजपा के लिए यह सबसे बड़ा झटका है। (अनंत ज्ञान)

#### हमें नहीं पता क्यों दिया त्यागपत्र : चरणजीत

कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने कहा कि कृष्ण पॉल शर्मा ने जिला पार्षद उपाध्यक्ष पद से क्यों त्याग पत्र दिया है। इसकी मुझे भी कोई जानकारी नहीं है। शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में भाजपा मजबूत है और मजबूती से आगे बढ़ रही है। आने वाले विस चुनावों में कुटलैहड़ भाजपा बड़ी बढ़त से जीत का परचम लहराएगी।

### गगरेट पुलिस नशा तस्कर युवकों को साथ लेकर पहुंची मंडी

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

होशियारपुर से हेरोइन की असाइनमेंट लेकर लौट रहे मंडी के दो युवकों ने पुलिस रिमांड में खुलासा किया है कि करीब तीस ग्राम हेरोइन की खेप अकेले उनकी नहीं थी, बल्कि वे अपने साथियों की भी असाइनमेंट लेकर लौट रहे थे। युवकों की मानें तो वे मंडी में हेरोइन का नशा करने वाले कुछ अन्य युवकों से भी पैसे एकत्रित करते थे और पैसे जुट जाने के बाद एक साथ उनकी भी असाइनमेंट लेकर वापस जा रहे थे। युवकों के इस खुलासे के बाद गगरेट पुलिस युवकों को साथ लेकर मंडी रवाना हो गई है। इस दौरान पुलिस उनके अन्य साथियों को भी ढूंढने का प्रयास कर रही है तो पकड़े गए युवकों के घरों की भी तलाशी लेगी।

पकड़े गए युवकों ने कबूल किया है कि वे हेराइन का नशा करने के आदी हैं। बहरहाल यह तीस ग्राम हेरोइन की खेप अकेले उनकी नहीं है बल्कि मंडी से हेरोइन की खेप लाने से पहले उन्होंने अपने कई उन साथियों से भी पैसे एकत्रित किए जो इस नशे के आदी हैं। फिर पैसे एकत्रित करने के बाद वे असाइनमेंट लेने होशियारपुर पहुंचे थे। हालांकि मंडी से जाते समय उन्होंने होशियारपुर के लिए अलग रूट इस्तेमाल किया और पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए ही वापस आते समय उन्होंने गगरेट का रूट चुना लेकिन यहां पकड़े गए। शुक्रवार को पकड़े गए युवकों का पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद इन्हें फिर से न्यायालय में पेश कर पुलिस इनका पुलिस रिमांड बढ़ाने का प्रयास करेगी। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि हेरोइन तस्करी के इस मामले की पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

**आयोजन** उपमुख्यमंत्री ने दंगल के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

### बीत क्षेत्र में किए जा रहे 250 करोड़ की सिंचाई योजनाओं के काम : मुकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वीरवार को हरोली के जक्खेवाल (बीटन) में आयोजित 35वें विशाल ईनामी दंगल के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दो दिवसीय विशाल ईनामी दंगल (छिंज) का आयोजन संत बाबा ढांगू वाले महाराज जी मंदिर कमेटी द्वारा किया गया था। इस मौके पर अग्निहोत्री ने हजारों लोगों के साथ बैठकर दंगल प्रतियोगिता का आनंद लिया। उन्होंने संत बाबा ढांगू वाले महाराज जी के मंदिर निर्माण के लिए 25 लाख रुपये देने की घोषणा की।



बता दें, हर वर्ष आयोजित होने वाला यह दंगल उत्तर भारत के सबसे बड़े दंगलों में से एक माना जाता है। इस बार भी इसमें देशभर के विभिन्न अखाड़ों से लगभग 200 नामी पहलवानों ने भाग लिया। इस दंगल की परंपरा की शुरुआत संत बाबा ढांगू वाले महाराज जी ने की थी, जिसे अब संत बाबा अनूप जी महाराज जी द्वारा जारी रखा जा रहा है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बीत क्षेत्र में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं के तहत 250 करोड़ रुपए के काम किए जा रहे हैं। इनमें से 72 करोड़ रुपए की बीत क्षेत्र सिंचाई योजना-2 का निर्माण प्रगति पर है। इसके साथ ही, बीत क्षेत्र में 62 करोड़ रुपऐ की एक अन्य जल योजना का कार्य भी चल रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि हरोली में जलशक्ति विभाग के तहत 28 करोड़ रुपए की चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य तेजी से हो रहा है, जिनमें पूबोवाल, बालीवाल, हरोली और नगनोली की जल योजनाएं शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संत बाबा अनूप महाराज जी ने उपमुख्यमंत्री को सम्मानित किया। इस अवसर पर होशियारपुर संसदीय क्षेत्र के सासंद डॉ. राजकुमार, जिला कांग्रेस वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, प्रशांत राय, स्थानीय पंचायतों के प्रतिनिधि व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

#### प्राचीन खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना जरूरी

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ग्रामीण खेलों को नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए युवाओं में प्राचीन खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांवों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता है ताकि युवा ऊर्जा रचनात्मक तथा सकारात्मक दिशा में अग्रसर हों, साथ ही यह भी आवश्यक है कि खिलाड़ियों को उचित सुविधाएं मिलें। उन्होंने कहा कि वह ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### केलांग में आज होगी आपदाओं पर मॉकड्रिल

**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के केलांग स्थित डीसी कार्यालय के कान्फ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन पर टेबलटॉप अभ्यास का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास मनोज कुमार ने की, जबकि सभी विभागों के अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित रहे। साथ ही जिला कांगड़ा स्थित एनडीआरएफ की 14वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट संतोष तथा उनकी टीम भी विशेष रूप से उपस्थित रही। इस अवसर पर पीओ आईटीडीपी मनोज ने बताया कि शुक्रवार को 11 बजे सायरन की ध्वनि से केलांग तथा आसपास के क्षेत्र में भूकंप तथा भूस्खलन आदि आपदा के संभावित नुकसान पर एक प्रतीकात्मक मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। इस दौरान राहत एवं बचाव कार्य किए जाएंगे, ताकि सभी विभागों में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी तथा आम जनमानस किसी भी संभावित आपदा से निपटने में सक्षम हो सके तथा विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से कैसे निपटना है यह जागरूकता पैदा की जा सके। आपदा प्रबंधन को लेकर लोगों को जागरूक करने एवं प्रशासनिक तैयारियों को जांचने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भूकंप, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में राहत व बचाव योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय हो यह मॉक ड्रिल में यह सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर निरीक्षक एनडीआरएफ नीरज भारती, डीडीएमए से डॉ. अमित, बीएमओ डॉ. ओम प्रकाश, सीएमओ कार्यालय से डॉ. जगदीश, पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### बीमार महिला को पालकी में उठाकर पहुंचाया सड़क तक

**तीर्थन।** कुल्लू उपमंडल के बंजार में तिर्थन घाटी के कई गांव आजादी के दशकों बाद भी सड़क मार्ग जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। यहां की पंचायत पेखड़ी के सैकड़ों लोग आज भी वाहन योग्य सड़क सुविधा के लिए तरस रहे हैं। नाहीं गांव में सुमन लता उम्र 42 वर्ष अचानक बीमार हो गई, जिसे बीमारी की हालात में पालकी पर उठाकर पहाड़ी रास्ते से करीब 3 किलोमीटर पैदल सड़क मार्ग पेखड़ी तक पहुंचाया गया, जहां से इसे निजी वाहन द्वारा ईलाज के लिए बंजार अस्पताल ले जाया गया। सड़क मार्ग के अभाव में यहां के लोगों को कई बार ऐसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तीर्थन घाटी गुशैनी को विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क का प्रवेश द्वार कहा जाता है, जहां पर जैविक विविधता का अनमोल खजाना छिपा पड़ा है। यहां प्रतिवर्ष सैकड़ों की संख्या में अनुसंधानकर्ता, प्राकृतिक प्रेमी, पर्वतारोही, ट्रैकर और देशी-विदेशी सैलानी घूमने-फिरने का लुत्फ उठाने के लिए आते हैं, लेकिन इस क्षेत्र के सैकड़ों बाशिंदे आजतक आजादी के सात दशक बाद भी विकास से कोसों दूर हैं। यहां के लोग सड़क, रास्तों, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। पंचायत पेखड़ी के गांव दारन, धार, शूंगचा, घाट, लाकचा, नाहीं, बाइटी, बुरंगा, शलींगा, टलींगा, गदेहड़, लुढ़ार और नड़ाहर आदि गांव के सैकड़ों लोग अभी तक सरकार व प्रशासन से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि कब तक उनकी देहलीज तक भी सड़क पहुंच जाए। यहां के लोग अभी तक अपनी पीठ पर बोझ ढोने को मजबूर हैं। इन गांव में जब कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाए, तो मरीज को दुर्गम पहाड़ी पगडंडी रास्तों से लकड़ी की पालकी और कुर्सी में उठाकर सड़क मार्ग तक पहुंचाना पड़ता है। इस क्षेत्र से पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स को हाई स्कूल व इससे आगे की पढ़ाई करने के लिए प्रतिदिन करीब दो से पांच घंटे तक का सफर पैदल तय करना होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि काफी जद्दोजेहद के बाद वर्ष-2021 में नगलाड़ी नाला से नाहीं घाट तक करीब 11 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण का कार्य शुरू हुआ था, लेकिन आजतक यह सड़क अपने मुकाम तक नहीं पहुंच पाई। अधिकारिक सुचना के मुताबिक करीब 9 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली इस सड़क का कार्य अप्रैल, 2023 में पूर्ण होना था, लेकिन अभी तक यह सड़क तीन किलोमीटर तक भी ठीक से नहीं बन पाई है। लोगों ने ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग पर निर्माण कार्य में लेटलतीफी का आरोप लगाया है, जिस कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोक निर्माण विभाग बंजार मंडल के अधिशाषी अभियंता चमन ठाकुर ने बताया कि गत वर्ष आई आपदा के कारण सड़क निर्माण कार्य में विलंब हुआ था, लेकिन अब इसका कार्य जारी है। इस सड़क पर दो मशीनरी लगाकर इसके निर्माण कार्य को गति दी जाएगी।

### विदेशी धरती पर गर्म जुराबों का सजा बाजार

**कुल्लू।** विदेशी धरती पर जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की गर्म जुराबों का बाजार सजा है। केंद्र सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार प्रोत्साहन विभाग ने बर्लिन जर्मनी में पांच दिवसीय प्रदर्शनी के लिए लाहौली जुराब और दस्तानों का चयन किया है। यह प्रदर्शनी 6 से 10 तक 'इंवेस्ट इंडिया' के तत्वावधान में आयोजित की गई है, जिसमें देश भर से सात भौगोलिक संकेतक प्रमाणीकृत हस्तशिल्प उत्पादों में से इस अनोखे और प्राचीन हिमालयी हस्तशिल्प को शामिल किया गया है। सेब लाहौल-स्पीति सोसायटी के अनथक प्रयासों और हिमकोस्ट के मार्गदर्शन व सक्रिय योगदान से इस पारंपरिक धरोहर को 2019 में भौगोलिक संकेतक प्रमाणीकरण मिला था, तब से हिमाचल सरकार और भारत सरकार ने इस हस्तशिल्प को कई हस्तशिल्प मेलों और प्रदर्शनियों के माध्यम से पूरे देश में प्रचारित किया है।

### रामार्चा महायज्ञ महोत्सव में शामिल होंगे श्रृंगा ऋषि



**शीला कौल, बंजार।** बंजार उपमंडल के पांच कोठी के आराध्य देव भगवान श्रृंगा ऋषि 9 नवंबर को मंडी के पडल मैदान में श्री राम कथा एवं श्री रामार्चा महायज्ञ महोत्सव के आयोजन के लिए रवाना होंगे, वैसे तो यह आयोजन 6 नवंबर से प्रारंभ हो गया है और कथा विश्राम 14 नवंबर को होगा, जिसमें कथा व्यास श्री मानस पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्री रामानंद आचार्य, स्वामी श्री राम लला आचार्य, महाराज मानस पीठ खजुरीताल, जिला महर मध्यप्रदेश के मुखारविंद से नित्य प्रति श्री राम कथा रूपी मंदाकिनी, कथामृत रुपी गंगा प्रवाहित होंगी, जिसमें आयोजक महंत राजेश्वर सरस्वती महाराज होगें। इस महायज्ञ को विधिवत सपूर्ण करने के लिए वेदों के उद्घोष कल्युग के राजा, राजा दशरथ की पुत्री यानि भगवान श्री राम चंद्र की बहन माता शांता के पति श्री श्रृंगा ऋषि महाराज 9 को देव वाद्ययंत्र की पावन धुन के साथ और अपने लाव-लश्कर के साथ अपने समस्त हारियानो एवं समस्त भक्त वृंद के साथ अपने देवालय बंजार के बागी से प्रस्थान करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# सरकार के फैसले के विरोध में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश सरकार की ओर से बिजली बोर्ड की ट्रांसमिशन विंग को अलग करने के निर्णय पर कर्मचारियों व अभियंताओं में भारी रोष है।

कर्मचारी बार-बार सरकार से अपने निर्णय को वापस लेने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार की तरफ से किसी भी तरह का आश्वासन न मिलने पर अब कर्मचारियों में सरकार के प्रति आक्रोश है। वीरवार को कुल्लू में सरकार के इस फैसले के विरोध में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने मोर्चा खोला। वहीं, प्रदेश सरकार के विरोध में सैकड़ों कर्मचारियों के द्वारा अटल सदन से लेकर डीसी कार्यालय के बाहर तक रोष रैली निकाली गई। इस दौरान सभी कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर सरकार की गलत नीतियों के नारे लगाकर विरोध किया। वहीं, इससे पूर्व जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित अटल सदन में हिमाचल प्रदेश



सरकार के फैसले का विरोध करते हुए बिजली बोर्ड के कर्मचारी।

बिजली बोर्ड एंपलाइज ज्वाइंट फ्रंट की बैठक भी आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता बजली बोर्ड ज्वाइंट फ्रंट के सह संयोजक हीरा लाल वर्मा ने की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वीरवार को शिमला में प्रदेश सरकार के द्वारा केंद्रीय मंत्री के साथ बैठक की जा रही है और यह चर्चा भी सामने आई है कि हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड का ट्रांसमिशन विंग अब किसी निजी कंपनी को सौंपने जा रहे हैं। सरकार जो यह फैसला ले रही है यह पूरी तरह से गलत है और उसका हम कड़े शब्दों में विरोध करते हैं। हीरा लाल वर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड के कई विंग हैं, जिनमें बिजली उत्पादन, संचालन और ट्रांसमिशन भी है। पहले ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार के द्वारा बिजली बोर्ड के कर्मचारियों के साथ अन्याय किया गया है, जिसमें बिजली बोर्ड में आउटसोर्स के कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और कई अभियंता के पदों को भी खत्म किया गया है।

इसके अलावा ओपीएस का लाभ भी बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को नहीं मिल पाया है। ऐसे में अब सरकार के द्वारा ट्रांसमिशन विंग को निजी कंपनी को सौंपने की तैयारी कर रही है, जो बिलकुल भी सही नहीं है। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि जल्द ही सरकार के द्वारा बिजली बोर्ड के विरोध में लिए जा रहे फैसलों को नहीं बदला, तो पूरे प्रदेश में कर्मचारी सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर कामेश्वर दत्त के प्रदेश अध्यक्ष, हीरा लाल महासचिव, यूनियन के पूर्व प्रधान कुलदीप सहित अन्य कर्मचारी व अभियंता मौजूद रहे।

# कोली बेहड़ में एचआरटीसी के चालक के साथ मारपीट



एचआरटीसी चालक के साथ हुई मारपीट को लेकर आक्रोश जताते चालक-परिचालक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के मुख्यालय के साथ लगते कोली बेहड़ में एचआरटीसी के चालक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है।

इस घटना में घायल चालक जितेंद्र कुमार क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में उपचाराधीन है। वीरवार को एचआरटीसी चालक के साथ हुई मारपीट के मामले को लेकर सरवरी बस अड्डा में चालकों और परिचालकों ने धरना-प्रदर्शन किया तथा सरकार से मांग रखी कि ऐसे आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। जानकारी के अनुसार बीती शाम के समय कुल्लू से भलोगी के लिए एचआरटीसी की बस रवाना हुई, जिसे चालक जितेंद्र कुमार के द्वारा चलाया जा रहा था।

**कुल्लू बस अड्डे में चालक परिचालकों ने दिया धरना आरोपी पर कार्रवाई की मांग**

कोली बेहड़ के समीप पास देते समय कुछ लोगों ने चालक पर हमला कर दिया और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। ऐसे में परिचालक के द्वारा उसे ईलाज के लिए ढालपुर अस्पताल में भर्ती किया गया।

# 2025 में कमीशन होगा पार्वती चरण दो प्रोजेक्ट : राज कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो की ओर से वीरवार को नगवाईं कार्यालय परिसर में 50वां एनएचपीसी स्थापना दिवस स्वर्ण जयंती समारोह धूमधाम से मनाया।

इस मौके पर रणजीत सिंह महाप्रबंधक (यांत्रिक) द्वारा एनएचपीसी ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने परियोजना के सभी कार्मिकों व उपस्थित लोगों को 50वें एनएचपीसी स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी कार्मिकों को पूरे जोश और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। एनएचपीसी की सीएसआर नीति के तहत परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के उत्थान करने में परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एनएचपीसी स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य पर अध्यक्ष व प्रबंध



निदेशक ने निगम के परियोजना/पावर स्टेशन, कार्यालय क्षेत्रों व यूनिटों के कार्मिकों को बेव लाइव कास्टिंग द्वारा संबोधित किया। इस उपलक्ष्य पर स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। एनएचपीसी के सीएमडी राज कुमार चौधरी ने कहा कि एनएचपीसी महत्वकांक्षी जल विद्युत परियोजना की पार्वती चरण-दो का कार्य फरवरी 2025 तक पूरा कर उसे कमीशन कर लिया जाएगा। यह बात उन्होंने वीरवार को एनएचपीसी के स्वर्ण जयंती महोत्सव पर संबोधन में कही।

# मनाली में नवंबर माह में बर्फ के दीदार को तरसे सैलानी

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में सैर सपाटे को पहुंच रहे पर्यटक बर्फ के दीदार को तरस गए हैं। 12 महीने बर्फ से लकदक रहने वाला रोहतांग दर्रा इस बार बर्फ की सफेद चांदी से वीरान है। यही नहीं अन्य चोटियों पर भी बर्फ नहीं दिख रही। इससे मनाली में अपेक्षा के अनुरूप पर्यटक नहीं पहुंच रहे हैं।

रोहतांग और अन्य चोटियों में बर्फबारी होने के बाद पर्यटकों की संख्या में और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। ऐसे में मौसम की बेरूखी अब किसानों, बागवानों के साथ-साथ पर्यटन कारोबारियों पर भारी पड़ती नजर आ रही है। घाटी में पिछले एक महीने से बारिश व बर्फबारी नहीं हुई है। मनाली की ऊंची चोटियां अमूमन इन दिनों बर्फ से ढकी रहती थी, लेकिन इन दिनों यह सुनसान है। यही हाल रोहतांग, बारालाचा, शिंकुला का भी है। बारिश व बर्फबारी नहीं होने से किसानों के साथ पर्यटन कारोबारियों की भी परेशानी बढ़ गई है। पर्यटन की दृष्टि से न तो दशहरा और न ही दिवाली सीजन अच्छा रहा, अब पर्यटन कारोबारियों को क्रिसमस और नववर्ष से उम्मीदें हैं। पर्यटन



बर्फबारी न होने से वीरान पड़ा पर्यटन स्थल मढ़ी।

कारोबारी सुशील, रमेश ठाकुर, अभय राणा, सोम देव ने बताया कि मनाली में पिछले साल नौ जुलाई को आई बाढ़ के बाद से पर्यटन कारोबार लगातार नीचे जा रहा है। इस साल मई, जून हो या दशहरा सीजन आशा के अनुरूप नहीं रहा है। कारोबारी उम्मीद करतें हैं कि विंटर सीजन में पर्यटन को पंख लगेंगे। होटलियर ऐसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ने बताया कि मनाली में अब धीरे-धीरे पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। हालांकि अभी भी अपेक्षा के अनुरूप पर्यटक नहीं आ रहे। रोहतांग व ऊंची चोटियों पर बर्फबारी होने के बाद पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। ऐसी पर्यटन पर्यटन कारोबारियों को उम्मीद है।

### पारा लुढ़कने से दर्रों में बढ़ा जोखिम

**केलांग।** पारा लुढ़कने से सुबह-शाम दर्रों में जोखिम बढ़ गया है। मनाली-लेह, मनाली जंस्कार व मनाली काजा मार्ग के दर्रों पर पानी जमने लगा है। हालात को देखते हुए लाहौल-स्पीति पुलिस ने पर्यटकों व राहगीरों को खिली धूप के बीच ही सफर करने की सलाह दी है। सभी दर्रों में वाहनों की आवाजाही फिलहाल सुचारु है। पुलिस ने राहगीरों से सहयोग करने की बात कही है। हालांकि दर्रों में अभी तक हिमपात नहीं हुआ है, लेकिन सर्दियों के चलते पारा माइनस के पार पहुंच गया है। वीरवार को लेह की ओर से 40 से अधिक छोटे व बड़े वाहन मनाली आए, जबकि मनाली की ओर से भी 20 से अधिक वाहन लेह रवाना हुए। मनाली से जंस्कार घाटी के लिए भी लोगों की आवाजाही अभी लगी हुई है। शिंकुला दर्रे से होकर जंस्कार घाटी के लोग मनाली आ-जा रहे हैं। वीरवार को मनाली से अटल टनल होते हुए डेढ़ दर्जन छोटे वाहन काजा की ओर रवाना हुए। हालात को देखते हुए पर्यटकों को ग्रांफू से रोहतांग की ओर भेजा जा रहा है, जबकि कुछ एक पर्यटक दिन के समय छतड़डू तक भी पहुंच रहे हैं। वाहन चालक नरेंद्र व टशी ने बताया कि वो आज ही लेह से लौटे हैं। दर्रों में पानी जम रहा है। एसपी मयंक चौधरी ने बताया कि सभी दर्रों में यातायात सुचारु है। दर्रों में पानी जम रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से आग्रह किया कि सभी सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं और धूप खिलने के बाद ही दर्रों को आर-पार करें।

### विज्ञान सम्मेलन में निथर ने झटके कई स्थान



**आनी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल विज्ञान मेले में वीनस पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निथर का वर्चस्व कायम रहा। एस्कॉर्ट अध्यापक कुमत ठाकुर व अध्यापिका अंजना ने बताया कि 32वें विज्ञान सम्मेलन का आयोजन कुल्लू के भूट्टी स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में विद्यालय के छात्र आस्तिक और गर्वित ने प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान हासिल किया और साथ ही साथ स्वस्तिका ठाकुर और अनन्या अरोड़ा ने सीनियर लेवल प्रश्नोत्तरी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा मैथ्स ओलंपियाड मोबीन (सीनियर) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

# सुभाष हंस ने बेटी के बर्थडे पर रक्तदान कर कमाया पुण्य

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

आज के दौर में लोग जहां अपना या अपने परिवार का जन्मदिन परिजनों, दोस्तों व सगे संबंधियों के लिए पार्टी आयोजित कर व केक काटकर मनाते हैं। वहीं, कुल्लू के एक समाजसेवी ऐसे भी हैं, जो अपनी बेटी के जन्मदिन पर रक्तदान कर उसे बर्थडे का तोहफा देते हैं। साथ ही रक्तदान कर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश देकर लोगों को बेटियों को बचाने और शिक्षित करने का भी संदेश देकर जागरूकता फैला रहे हैं।

लाहौल-स्पीति के शांशा से संबंध रखने वाले व वर्तमान में कुल्लू के अंगू डोभी में रह रहे सुभाष हंस पिछले कुछ सालों से बेटी व पत्नी के जन्मदिन पर रक्तदान कर किसी न किसी को जीवनदान देकर उनके स्पेशल दिन को खास अंदाज में मनाते हुए एक मिसाल कायम कर रहे हैं। इसी कड़ी में वीरवार



को भी उन्होंने अपनी 14 वर्षीय बेटी चारवी हंस के जन्मदिन पर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आकर रक्तदान कर बेटी को जन्मदिन का स्पेशल तोहफा देकर इस दिन को यादगार बनाया। सुभाष अभी तक 24 बार रक्तदान कर दूसरों को जीवनदान दे चुके हैं और लोगों को भी रक्तदान करने बारे जागरूक करते हैं। बकौल सुभाष हंस वह बीआरओ ग्रीफ सेंटर पूना में सेवारत हैं और जब भी घर छुट्टी आते हैं, तब वह रक्तदान अवश्य करते हैं। खासकर बेटी चारवी के जन्मदिन पर वह रक्तदान करना नहीं भूलते। (अनंत ज्ञान)

# सीएम साहब! ई स्टांप पर लोकमित्र संचालकों के लिए निर्धारित हो उचित कमीशन

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

ई स्टांप फीस को लेकर प्रदेश सहित कुल्लू में लोकमित्र संचालक दुविधा की स्थिति में हैं।

सरकार द्वारा 100 रुपए तक के ई स्टांप निकालने पर 3 रुपए चार्ज निर्धारित किए गए हैं, जबकि ई स्टांप निकालने के लिए सभी खर्च लोकमित्र संचालक को ही करने पड़ते हैं। सरकार की तरफ से उन्हें अलग से कोई कमीशन भी नहीं मिलती। वहीं, 100 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक ई स्टांप का चार्ज 5 रुपए तथा 1000 से ऊपर ई स्टांप निकालने पर उन्हें 10 रुपए चार्ज लेना होगा। अगर ई स्टांप पर होने वाले खर्च की बात की जाए, तो पेपर, प्रिंटिंग सहित कुल खर्च 3 रुपए से अधिक पड़ता है ऐसे में ग्राहक से 3 रुपए चार्ज करना तर्कसंगत ही नहीं बनता। लोकमित्र संचालक प्रियांशु, संजीव, रीमन, शिव राम ने बताया कि ई स्टांप निकालने के लिए उन्हें अलग से विशेष प्रिंटरों को लेने की बाध्यता रखी गई है, जिस पर इन्हें 25 से 40 हजार रुपए खर्चने पड़े हैं। साथ ही अन्य कोई भी ई स्टांप नहीं निकाल सकते हैं और उन्हें विशेष प्रिंटर लेने की कोई बाध्यता नहीं होती है, जबकि पहले केवल स्टांप वेंडर ही सरकार की ओर से छापे गए स्टांप पेपर को बिना कोई खर्चा किए 4 प्रतिशत कमीशन पर बेचते थे। लोकमित्र संचालकों के अनुसार यदि ई स्टांप आने से पहले की बात करें, तो प्रिंटेड स्टांप पेपर पर सरकार द्वारा 4 प्रतिशत कमीशन दिया जाता था। 10 हजार के प्रिंटेड स्टांप खरीदने पर उन्हें 400 रुपए कमीशन उन्हें उसी समय दे दिया जाता था। उसमें सिर्फ उन्हें स्टांप पेपर बेचने ही होते थे किसी तरह की प्रिंटिंग या पेपर का खर्च उन्हें वहन नहीं करना होता था। (अनंत ज्ञान)

### उचित चार्ज या कमीशन तय करे सरकार

**कुल्लू** के लोकमित्र संचालकों ने सरकार से आग्रह किया कि सरकार उनकी उचित कमीशन तय करे, ताकि ग्राहकों को अधिक खर्च न उठाना पड़े व न ही लोकमित्र संचालक को घाटा हो। ग्राहकों से चार्ज का निर्णय लेते समय प्रिंटर, प्रिंटिंग व पेपर के मूल्य का भी ध्यान रखा जाए।

### सरकार की ओर से अनुमोदित रेट

- 10 से 100 रुपए पर 3 रुपए चार्ज
- 100 से 1000 तक 5 रुपए चार्ज
- 1000 से ऊपर 10 रुपए चार्ज

**अनदेखी** स्कूल में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ के लेक्चरर के पद 4 सालों से खाली, जताया रोष, प्रदर्शन की दी चेतावनी

# निथर में विज्ञान संकाय के बच्चों ने किया पलायन

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आनी को 9 बार विधायक देने वाले निथर क्षेत्र में विज्ञान पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य के साथ प्रदेश सरकार द्वारा लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है।

निथर उपतहसील की 8 पंचायतों के बच्चों की शिक्षा के केंद्र निथर का 109 वर्ष पुराने शहीद डोला राम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल लगातार सरकारों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का शिकार हो गया है। फलस्वरूप पंचायत समिति निरमंड के अध्यक्ष दिलीप ठाकुर और क्षेत्र की जनता में रोष नप गया है क्योंकि पिछले कई वर्षों से स्कूल में विज्ञान संकाय के अध्यापकों के पदों के खाली होने के कारण अब निथर स्कूल में जमा एक और जमा दो कक्षा में भी किसी भी छात्र ने एडमिशन नहीं ली है, जो बच्चे यहां विज्ञान पढ़ते भी थे, उन्होंने भी दूर किसी स्कूल में जाकर दाखिला ले लिया है या फिर विषय ही बदल डाला है। इसके फलस्वरूप क्षेत्र के गरीब तबके के छात्रों के वैज्ञानिक, इंजीनियर या डॉक्टर बनकर उज्ज्वल भविष्य बनने के सपने चकनाचूर हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### स्कूल पूरी तरह हाईटेक

**निथर** का स्कूल पूरी तरह हाईटेक है। स्कूल का लगभग हर क्लास रूम स्मार्ट क्लास रूम है। स्कूल में म्यूजिक से लेकर खेलों तक की हर सामग्री उपलब्ध है, लेकिन क्षेत्र के पूर्व विधायकों, नेताओं और सरकारों ने स्कूल में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों के रिक्त पड़े पदों को भरने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है।



शहीद डोला राम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी निथर स्कूल।

निथर के 109 वर्ष पुराने स्कूल की अगर यूं ही अनदेखी होती रही, तो हम प्रदेश सरकार के खिलाफ लामबंद होकर प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।
**दिलीप ठाकुर, अध्यक्ष, पंचायत समिति, निरमंड।**

### 2020 से खाली हैं कई पद

**पंचायत** समिति निरमंड के अध्यक्ष दिलीप ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर निथर क्षेत्र के साथ जानबूझकर अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल में फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित विषयों के एक भी लेक्चरर तैनात नहीं हैं। साइंस संकाय के नाम पर केवल बायोलॉजी के लेक्चरर का पद ही भरा हुआ है। सभी पद 2020 और 2021 से रिक्त पड़े हैं। फलस्वरूप स्कूल में जमा एक कक्षा में केवल 6 विद्यार्थी रह गए थे, जिन्होंने जमा एक पास होने के बाद जमा दो में दाखिला लेने के बजाय स्कूल से पलायन करना ही बेहतर समझा, लेकिन प्रदेश सरकार ने स्कूल में 4 सालों से खाली पदों को भरने को लेकर कोई प्रयास तक नहीं किया।

स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा शिक्षा मंत्री, सरकार और विभाग को कई बार लिख कर भी दिया, लेकिन बार-बार आश्वासन ही मिले, जबकि रिक्त पदों को भरा नहीं गया। फलस्वरूप एसएमसी में रोष और चिंता बढ़ने लगी है।
**चंद्रपाल शर्मा, अध्यक्ष, स्कूल प्रबंधन समिति निथर।**

### 7 बार कांग्रेस, 2 बार भाजपा का रहा निथर से विधायक

**आपको** बता दें कि निथर आनी विधानसभा क्षेत्र की राजनीति की धुरी रही है। यहीं से कांग्रेस के 7 बार विधायक रह चुके ईश्वर दास और कुछ समय पहले ही भाजपा छोड़ कांग्रेस ज्वाइन कर चुके और भाजपा के दो बार विधायक रह चुके किशोरी लाल सागर इसी स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं और यह उनके गृह क्षेत्र का ऐसा स्कूल है, जो आजादी से भी कई वर्षों पहले वर्ष-1915 में प्राइमरी स्कूल के रूप में आस्तित्व में आया है, लेकिन विडंबना यह है कि 30 वर्षों पहले सीनियर सेकेंडरी पद्दोन्नत इस 109 वर्ष पुराने स्कूल में कॉमर्स संकाय है ही नहीं, यहां तक कि विभिन्न हाई स्कूल में पढ़ाए जाने वाले वोकेशनल सब्जेक्ट सृजित भी नहीं हैं और अब अध्यापकों की कमी के कारण विज्ञान संकाय भी बंद हो गया है, जबकि 2018 से स्कूल में आईटी विषय का भी कोई अध्यापक नहीं है।

### पहले नियुक्ति फिर एडजस्टमेंट का ड्रामा करती है सरकार

**पंचायत** समिति निरमंड के अध्यक्ष दिलीप ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार एक ओर निथर स्कूल में रिक्त पदों को भरने के लिए नियुक्ति आदेशों का ड्रामा करती है, साथ ही उनकी एडजस्टमेंट कहीं दूसरी जगह करवाकर जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। उनका आरोप है कि प्रदेश सरकार द्वारा सोची समझी चाल के तहत निथर क्षेत्र से विज्ञान संकाय को खत्म किया जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

### स्पोर्ट क्लाइंबिंग में 40 खिलाड़ी ले रहे भाग



**मनाली।** अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान मनाली में पांच दिवसीय स्पोर्ट क्लाइंबिंग कोचिंग के बाद अब 5वीं स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। 9 तक आयोजित हो रही इस चैंपियनशिप में मुख्यत लीड़ क्लाइंबिंग, स्पीड क्लाइंबिंग और बोल्डरिंग जैसी प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश स्पोर्ट क्लाइंबिंग एसोसिएशन (एचपीसीए) के अक्ष्यक्ष संजीव अत्री व निदेशक, अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान, मनाली तथा स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की मदद और समर्थन से इस चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश स्पोर्ट क्लाइंबिंग एसोसिएशन को वर्ष 2017 में पंजीकृत किया गया था। इसका उद्देश्य राज्य के बच्चों और युवाओं के बीच स्पार्ट क्लाइंबिंग को विकसित करने, बढ़ावा देने और विनयमित करना है। इस वर्ष स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप में 40 से अधिक खिलाड़ी और 12 अधिकारी भाग ले रहे हैं।



